www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

रायपुर, शनिवार, 1 अगस्त 2026 कृष्ण पक्ष-तृतीया, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 173 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सरकार की दलील, सुप्रीम कोर्ट से कहा- पीएम की मंशा पर संदेह गलत

नई दिल्ली (ए.)। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अदालत अब यह तय करेगी कि नियुक्ति प्रक्रिया को नियंत्रित करने वाले 2023 के कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सुनवाई के लिए पांच सदस्यीय पीठ के पास भेजा जाए या नहीं।

वहीं, इस कानून का बचाव करते हुए केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में दलीली दी- यह मान लेना गलत होगा कि चयन समिति में संख्या बल होने के कारण प्रधानमंत्री और मंत्री 'बुरी मंशा' से काम करेंगे या लोकतंत्र के खिलाफ जाएंगे। केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ से कहा कि अगर प्रधानमंत्री के फैसले को भरोसे लायक नहीं माना जाएगा, तो क्या कैबिनेट चुनते समय भी उन्हें किसी पूर्व जज या बाहरी व्यक्ति से सलाह लेने की शर्त रखी जाएगी?

चयन प्रक्रिया में सीजेआई को बाहर रखने पर है विवाद

यह कानून दिसंबर 2023 में संसद से पारित हुआ था और 29 दिसंबर 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली थी। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यह कानून सुप्रीम कोर्ट के 2023 के फैसले के खिलाफ है, क्योंकि इसमें चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया से भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को बाहर रखा गया है।

- सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया
- मामला 5 सदस्यीय पीठ के पास भेजा जाए या नहीं इस पर भी बहस
- 2023 के कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई

हम प्रधानमंत्री पर भरोसा क्यों नहीं करेंगे: कोर्ट

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की इस दलील पर जस्टिस दत्ता ने कहा कि अदालत प्रधानमंत्री पर भरोसा नहीं करती, ऐसा सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा- हम प्रधानमंत्री पर भरोसा क्यों नहीं करेंगे? निश्चित रूप से करेंगे। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री पर भरोसा जताया था कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को मंत्री नहीं बनाया जाएगा। जस्टिस दत्ता ने कहा कि असली मुद्दा यह है कि चुनाव आयुक्त स्वतंत्र व्यक्ति होना चाहिए। उन्होंने पूछा कि क्या चयन समिति में ऐसे लोग नहीं होने चाहिए, जिससे निष्पक्षता दिखाई भी दे। हम यह नहीं कह रहे कि इस समिति ने निष्पक्षता हासिल नहीं की, लेकिन अब स्थिति 2:1 की है। प्रधानमंत्री की तरफ दो और विपक्ष की तरफ एक।

नए कानून की चयन समिति में कौन-कौन शामिल

2023 के कानून के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए बनी चयन समिति में प्रधानमंत्री, प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष (या सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता) शामिल होते हैं।

तो क्या मंत्री चुनते समय बाहरी से सलाह लेनी चाहिए

सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय की अपनी गरिमा है। 'अगर प्रधानमंत्री के फैसले पर भरोसा नहीं किया जा सकता और उसे हमेशा बुरे इरादे से लिया गया फैसला माना जाता है, तो ऐसा प्रावधान क्यों नहीं है कि अपनी कैबिनेट चुनते समय भी उन्हें किसी पूर्व जज या बाहरी व्यक्ति से सलाह लेनी चाहिए?' उन्होंने पीठ से कहा कि मुद्दा यह है कि क्या राज्य का एक अंग यह मान सकता है कि दूसरे संवैधानिक अंग के फैसले हमेशा बुरे इरादे से लिए जाएंगे, सिर्फ इसलिए कि चयन समिति में कार्यपालिका के पास संख्या बल अधिक है। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि 'मेरा सवाल यह है कि क्या राज्य का कोई अंग इस आधार पर आगे बढ़ सकता है कि प्रधानमंत्री और अन्य मंत्री बुरे इरादे से काम करेंगे, लोकतंत्र के हित में काम नहीं करेंगे या संवैधानिक सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए काम नहीं करेंगे।

आज बेबाक

काकरोचों के सरदार अभिजीत दीपके ने शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे के बाद डींग हाकी थी कि अब काकरोच किसी का भी इस्तीफा ले सकते हैं। ऐसे में राहुल गांधी कैसे पीछे रहते उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफा मांग कर साबित कर दिया कि - कांग्रेसी काकरोचों से कम हे के..। इस्तीफा मांगने का सर्वाधिकार काकरोचों के पास सुरक्षित थोड़े न है। देख लेना काकरोच खुद को कांग्रेस से बड़ा मांगीलाल साबित करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस्तीफा मांग सकते हैं। हो सकता है कि सबसे बड़ा मंगता बनने के चक्कर में कोई डोनाल्ड ट्रंप से इस्तीफा मांग ले।

मुलाकात : राजनांदगांव में 10,500 करोड़ की गैस आधारित यूरिया परियोजना को स्वीकृति देने का आग्रह

पीएम मोदी से मिले सीएम साय, 'बस्तर विजन' पर चर्चा, यूरिया प्लांट की मांग

- 461 गांवों में स्थायी ग्रिड कनेक्टिविटी और एआईआईए की स्थापना के लिए मांगा सहयोग

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य भेंट कर छत्तीसगढ़ के समग्र विकास, बस्तर के कायाकल्प तथा राज्य की महत्वपूर्ण अधोसंरचना एवं औद्योगिक परियोजनाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष बदलते छत्तीसगढ़ और विशेष रूप से बस्तर के विकास का रोडमैप प्रस्तुत करते हुए राज्य की तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार से सहयोग का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सुरक्षा, विश्वास और विकास की समन्वित रणनीति के परिणामस्वरूप बस्तर आज व्यापक बदलाव के दौर से गुजर रहा है। दशकों तक नक्सल हिंसा और विकास ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नांदगांव में यूरिया परियोजना

मुख्यमंत्री ने राजनांदगांव में प्रस्तावित लगभग 10,500 करोड़ की गैस आधारित यूरिया परियोजना को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। परियोजना के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध करा दी गई है तथा राज्य सरकार के स्तर की आवश्यक स्वीकृतियां भी पूरी की जा चुकी हैं। इस परियोजना से किसानों को उर्वरक आसानी से मिलेगा।

एआईआईए की स्थापना

सीएम साय ने पीएम मोदी से रायपुर अथवा बस्तर में ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद (एआईआईए) की स्थापना के प्रस्ताव पर सकारात्मक पहल का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़, विशेषकर बस्तर और अन्य जनजातीय क्षेत्रों में औषधीय वनस्पतियों एवं पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान की समृद्ध विरासत है।

461 गांवों को स्थायी विद्युत ग्रिड से जोड़ने विशेष सहायता

मुख्यमंत्री श्री साय ने बस्तर सहित संवेदनशील क्षेत्रों के ऐसे 461 गांवों का विषय भी प्रधानमंत्री के समक्ष रखा, जहां पूर्व में सुरक्षा एवं भौगोलिक कारणों से विद्युत ग्रिड पहुंचाना संभव नहीं हो पाया था और वर्तमान में ऑफ-ग्रिड माध्यम से बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने इन गांवों को स्थायी विद्युत ग्रिड से जोड़ने के लिए केंद्र सरकार से विशेष सहयोग का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थायी विद्युत आपूर्ति से इन क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार, आजीविका और लघु उद्यमों के विस्तार को गति मिलेगी तथा दूरस्थ अंचलों में विकास की प्रक्रिया और मजबूत होगी।

5,542 गांवों तक पहुंच रहा विकास

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री के समक्ष 'बस्तर विजन' की विस्तृत जानकारी रखते हुए बताया कि 'नियद नेल्ला नार 2.0' और 'बस्त मुन्ने' के माध्यम से बस्तर संभाग के 5,542 गांवों में शासन की योजनाओं और सेवाओं का व्यापक क्रियान्वयन किया जा रहा है जिससे लगभग 39 लाख लोग लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राशन, आयुष्मान भारत, जनधन खाते, वनाधिकार, प्रधानमंत्री आवास सहित केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। दूरस्थ और पूर्व में अत्यधिक संवेदनशील रहे गांवों में प्रशासन की पहुंच बढ़ने से शासन के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है।

सड़क, रेल, बिजली और हवाई संपर्क से बदल रही बस्तर की तस्वीर

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर के स्थायी विकास के लिए कनेक्टिविटी सबसे महत्वपूर्ण आधार है। इसी दृष्टि से सड़क, रेल, बिजली और हवाई संपर्क का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया कि लगभग ?3,513 करोड़ की लागत से जगदलपुर-रावघाट रेललाइन परियोजना पर कार्य आगे बढ़ रहा है। इस रेल संपर्क से बस्तर के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। जगदलपुर से नियमित हवाई सेवाओं के विस्तार की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल की जा रही है।

421 बंद स्कूल फिर खुले, ओरछा और जगरगुंडा में बनेंगी एजुकेशन सिटी

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री को बस्तर में शिक्षा के क्षेत्र में आए परिवर्तन की जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में वर्षों से बंद पड़े 421 स्कूलों को पुनः प्रारंभ किया गया है। जिन गांवों में कभी बच्चों के लिए नियमित शिक्षा तक पहुंच बड़ी चुनौती थी, वहां अब स्कूलों में फिर से पढ़ाई शुरू हुई है। उन्होंने बताया कि दंतेवाड़ा की तर्ज पर ओरछा और जगरगुंडा में नई एजुकेशन सिटी विकसित करने की दिशा में भी राज्य सरकार कार्य कर रही है।

ईरान पर हमले रोकने का बिल एक वोट से गिरा

- अब राष्ट्रपति को मिलिट्री एक्शन का अधिकार, ट्रम्प के एक सांसद ने वोटिंग नहीं की

तेल अवीव/वॉशिंगटन डीसी (ए.)। ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने का प्रस्ताव अमेरिकी सीनेट में एक वोट से गिर गया है। गुरुवार को हुई वोटिंग में इसके पक्ष में 49 और विरोध में 50 वोट पड़े। ट्रम्प की पार्टी के एक सांसद डेव मैककॉर्मिक वोटिंग में शामिल नहीं हुए। अगर यह प्रस्ताव पास हो जाता तो अमेरिकी राष्ट्रपति को ईरान पर हमलों से पहले संसद की मंजूरी लेना जरूरी हो जाता। यानी राष्ट्रपति खुद यह फैसला नहीं ले सकते थे। ईरान जंग को लेकर विपक्षी सांसद मांग कर रहे हैं कि ऐसे किसी भी सैन्य अभियान पर अंतिम फैसला संसद ही ले। ताजा घटनाक्रम के बाद इसे सीनेट में लाने के लिए दोबारा कोशिश करनी होगी। सैन्य कार्रवाई रोकने का विधेयक फिलहाल अमेरिकी सीनेट की विदेश मामलों से जुड़ी कमेटी के पास है।

अमेरिका-सऊदी हमले में मारे गए 5 आईआरजीसी जवानों के शव ईरान पहुंचे

इराक में अमेरिका और सऊदी अरब के संयुक्त हमले में मारे गए इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के 5 जवानों के शव ईरान पहुंच गए हैं। आईआरजीसी के मुताबिक, शवों को पश्चिमी इलाम प्रांत स्थित मेहरान बॉर्डर क्रॉसिंग के जरिए देश लाया गया।

बेगुनाहों का खून बहाने की कीमत चुकाएगा अमेरिका: ईरान

ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने केश्म द्वीप पर रिहायशी इलाकों पर हुए कथित अमेरिकी हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे आतंकी हमला बताते हुए कहा कि अमेरिका बेगुनाह लोगों का खून बहा रहा है और उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

सीएम शुभेंदु की रेकी कर रहा जैश का आतंकी गिरफ्तार

कोलकाता (ए.)। बंगाल पुलिस ने पूर्वी बर्धमान जिले से जैश-ए-मोहम्मद के संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने हामिम मंडल नाम के इस शख्स को गुरुवार देर रात एक हाउसिंग कॉम्प्लैक्स से पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक मंडल के मोबाइल और घर से मिले दस्तावेजों से पता चला है कि वह मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के बारे में जानकारी जुटा रहा था। पुलिस यह भी कह रही है कि हामिम पुलवामा अटैक के मास्टरमाइंड सज्जाद भट का करीबी है। 14 फरवरी 2019 को पुलवामा अटैक में 40 सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए थे। हामिद को कोर्ट में पेश किया गया।

गरमा-गरम

अटल की प्रतिमा निर्माण में भी भ्रष्टाचार, सब इंजीनियर सस्पेंड

- कांस्य की जगह सीमेंट की प्रतिमा स्थापित, बारिश ने खोल दी पोल

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व पीएम भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने अटल परिसर का निर्माण किया गया। कोरबा जिले के कटघोरा में इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन पर गंभीर आरोप लगे हैं। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का निर्माण ब्रॉन्ज से किया जाना था, लेकिन इसकी जगह सीमेंट लगाकर लाखों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया। अफसरों के इस भ्रष्टाचार की पोल बारिश ने खोल दी। जांच के बाद अब विभाग ने उप अभियंता को सस्पेंड कर दिया है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कोरबा जिले के कटघोरा नगर पालिका में अटल परिसर में स्थापित कांस्य प्रतिमा के मानकों के अनुरूप नहीं होने पर उप अभियंता चन्द्र प्रकाश जायसवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दिल्ली दंगा- पूर्व आप पार्षद ताहिर समेत पांच को उम्रकैद

- आईबी अफसर की हत्या के दोषी, कोर्ट ने कहा- घटना गंभीर, इसने समाज को झकझोर दिया

नई दिल्ली (ए.)। 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन समेत 5 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई।

कोर्ट ने कहा कि यह बेहद गंभीर वारदात थी, जिसने समाज को झकझोर दिया। कोर्ट ने 13 जुलाई को ताहिर, नाजिम, काशिम, अनस और जावेद को हत्या, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पुलिस ने मांगी मौत की सजा

दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में कहा था, 'आरोपियों ने सारी हदें पार कर दीं। अंकित की मौत होने के बाद भी उन पर हमला जारी रखा गया। यह बेहद क्रूर और सुनियोजित हत्या थी। इसलिए दोषियों को फांसी की सजा दी जाए। वहीं ताहिर हुसैन के वकील ने दलील दी थी कि हर हत्या के मामले में मौत की सजा नहीं दी जा सकती। किसी भी दोषी की अलग-अलग भूमिका साफ नहीं बताई गई। इसलिए यह मामला 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' की श्रेणी में नहीं आता।

संसद में पप्पू पुजारी बनकर पहुंचे, राहुल ने दिया चंदा

नई दिल्ली (ए.)। विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को संसद परिसर में राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर प्रदर्शन किया। सांसद पप्पू यादव पुजारी के वेश में दानपेटी लेकर पहुंचे। राहुल गांधी समेत विपक्षी सांसदों ने दानपेटी में चंदा डाला। साथ ही विपक्षी सांसद बैनर लेकर पहुंचे जिसमें 'अमित शाह संसद से गायब क्यों' लिखा हुआ था।

इधर, लोकसभा की कार्यवाही 11 बजे शुरू हुई, लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण 12 बजे तक स्थगित कर दी गई। 12 बजे दोबारा शुरू होने पर लोकसभा में जन्म-मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) बिल, 2026 ध्वनि मत से पास हुआ। लोकसभा और राज्यसभा तीन अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई हैं। 8 बिल में से अब तक 2 बिल लोकसभा-राज्यसभा में पास हुए हैं। वहीं, कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के संसद में दिए गए बयान को लेकर उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश किया है। सिंह ने कहा था कि जंतर-मंतर और संसद मार्च में प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग नहीं हुई थी।

- राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर विपक्ष का प्रदर्शन, मंत्री जितेंद्र सिंह के खिलाफ विशेषाधिकार नोटिस

हंगामे के कारण लोकसभा तीन अगस्त तक स्थगित

केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में जन्म-मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) बिल, 2026 पारित करने का प्रस्ताव रखा। बिल ध्वनि मत से पास हुआ। इसके बाद विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा तीन अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई।

भिवंडी में 4 मंजिला बिल्डिंग ढही, 9 मौतें

- मरम्मत का काम चलते वक्त हादसा, 8-10 लोगों के फंसे होने की आशंका

भिवंडी (ए.)। महाराष्ट्र के भिवंडी में गुरुवार रात करीब 11:30 बजे एक चार मंजिला इमारत ढह गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है। वहीं 8 से 10 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। राहत और बचाव अभी भी जारी है। नगर निगम के अफसरों ने बताया कि बिल्डिंग में 48 कमरे थे। हर मंजिल पर 12 कमरे बने हुए थे। निगम ने बिल्डिंग को पहले ही खतरनाक घोषित कर दिया था, जिस समय यह हादसा हुआ, उस वक्त मरम्मत का काम चल रहा था।

ठेकेदार की लापरवाही, मरम्मत के दौरान तोड़ दिए 3 पिलर

स्थानीय निवासियों और चश्मदीदों ने हादसे के पीछे ठेकेदार की गंभीर लापरवाही का खुलासा किया है। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से इस पुरानी इमारत में मरम्मत का काम चल रहा था। मरम्मत कार्य के दौरान ठेकेदार और मजदूरों ने इमारत के मुख्य 3 पिलर तोड़ दिए थे। मुख्य पिलर टूटने के कारण चार मंजिला इमारत की नींव पूरी तरह कमजोर हो गई, जिससे इमारत अपना संतुलन खो बैठी और सीधे धड़ाम से गिर गई। स्थानीय प्रशासन अब इस लापरवाही की विस्तृत जांच में जुट गया है।

मानसून सत्र : केंद्र सरकार ने संसद में दिया जवाब, 8वें वेतन आयोग की कार्यवाही लगातार आगे बढ़ रही

सरकारी कर्मियों के लिए खुशखबरी, जल्द बढ़कर आएगी सैलरी

नई दिल्ली (ए.)। 8वें वेतन आयोग को लेकर लंबे समय से चल रही चर्चाओं के बीच केंद्र सरकार ने संसद में स्थिति स्पष्ट की है। समाजवादी पार्टी के सांसद जावेद अली खान ने सरकार से पूछा कि आयोग का काम कहां तक पहुंचा है और कर्मचारियों की सैलरी बढ़ोतरी को लेकर अंतिम फैसला कब तक आएगा।

इस पर वित्त मंत्रालय की ओर से राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि आयोग का गठन 3 नवंबर 2025 को किया गया था और यह निर्धारित नियमों के अनुसार ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सांसद ने पूछा था सवाल

सपा सांसद जावेद अली खान ने सरकार से जानना चाहा था कि आयोग का काम किस चरण में है? अब तक कितने कर्मचारियों से सुझाव लिए गए हैं? अंतिम रिपोर्ट सरकार को कब सौंपी जाएगी? सरकार ने जवाब में कहा कि आयोग स्वतंत्र रूप से अपनी प्रक्रिया के अनुसार कार्य कर रहा है।

कर्मचारी संगठन ने क्या कहा?

सरकार के जवाब के बाद AINPSEF के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मंजीत पटेल ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यदि आयोग समय से पहले अपनी रिपोर्ट सौंप देता है, तो जनवरी 2026 से प्रभावी वेतन संशोधन को लागू करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सकती है। उन्होंने आयोग से कर्मचारियों और पेंशनर्स के हित में रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने की अपील की।

आयोग की रिपोर्ट पर लाखों कर्मचारियों की निगाहें

देशभर के लाखों केंद्रीय कर्मचारी और पेंशनर्स 8वें वेतन आयोग की सिफारिशों का इंतजार कर रहे हैं। संसद में सरकार के ताजा बयान से यह स्पष्ट हो गया है कि आयोग अपनी निर्धारित समय-सीमा के भीतर रिपोर्ट तैयार करने की दिशा में काम कर रहा है। अब सभी की नजरें आगामी बैठकों और अंतिम रिपोर्ट पर टिकी हैं।

18 महीने के भीतर रिपोर्ट सौंपेगा आयोग

सरकार ने संसद में बताया कि 8वें वेतन आयोग ने अपनी सिफारिशें तैयार करने के लिए 18 महीने का समय मांगा है। इसी अवधि के भीतर आयोग अपनी अंतिम रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंप देगा। मंत्री ने यह भी कहा कि आयोग कर्मचारियों और संबंधित पक्षों से सुझाव लेकर रिपोर्ट तैयार कर रहा है। नियमों के तहत आयोग हर चरण की जानकारी सरकार को सार्वजनिक रूप से देने के लिए बाध्य नहीं है।

उफनती पैरी नदी से पति-पत्नी समेत तीन मासूम बच्चों को पुलिस-एसडीआरएफ ने सुरक्षित निकाला

■ **लगातार बारिश से गरियाबंद में बाढ़ जैसे हालात, काश सोहागपुर की गौशाला में फंसा था पांच सदस्यीय परिवार, देर रात तक चला रेस्क्यू अभियान**

गरियाबंद /नवप्रदेश। पिछले 24 घंटे से जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। जिले की पैरी नदी सहित अधिकांश नदी-नाले उफन पर हैं और कई निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। ऐसे कठिन समय में पुलिस, एसडीआरएफ, नगर सेना और प्रशासन की टीमें लगातार लोगों की सुरक्षा में जुटी हुई हैं।

बुधवार शाम काश सोहागपुर क्षेत्र में उस समय अफ्रा-तफ्री मच गई, जब पैरी नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से एक गौशाला में पति-पत्नी और उनके तीन छोटे बच्चे फंस गए। शाम करीब 5 बजे घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार, पुलिस, एसडीआरएफ और नगर सेना की रेस्क्यू टीम तत्काल मौके पर पहुंची। तेज बहाव और लगातार हो रही बारिश के बीच राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया।

बताया जा रहा है कि पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार बारिश और

सिकासार जलाशय से पानी छोड़े जाने के कारण पैरी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। देखते ही देखते गौशाला चारों ओर से पानी से घिर गई और पांच सदस्यीय परिवार वहीं फंस गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद बिना देर किए संयुक्त रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया।

तेज धाराओं और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद पुलिस, एसडीआरएफ और नगर सेना के जवानों ने रस्सियों, लाइफ जैकेट और अन्य सुरक्षा उपकरणों की मदद से करीब पांच घंटे तक लगातार अभियान चलाया। देर रात सभी पांचों लोगों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। परिवार के सुरक्षित बाहर आते ही मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और रेस्क्यू टीम की सराहना की।

जिले में लगातार बारिश को देखते हुए प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे उफनती नदी-नालों को पार करने का प्रयास न करें, जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहें तथा मौसम विभाग और जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। प्रशासन ने कहा है कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस या नियंत्रण कक्ष को सूचना दें, ताकि समय रहते राहत एवं बचाव कार्य किया जा सके।

न्यूज गैलरी

बाबाधाम धनोरा में 2 अगस्त को मनाई जाएगी गुरु पूर्णिमा

उतई /नवप्रदेश। बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में हर साल की भांति इस वर्ष भी स्व. परमानंद कठोलिया के स्मृति में श्रद्धांजलि एवं पुण्य तिथि 2 अगस्त को मनाया जाएगा। दरबार के मुखिया लक्ष्मण बाबा ने बताया कि 2 अगस्त रविवार को सुबह 10 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। सबसे पहले स्व. परमानंद कठोलिया के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया जाएगा। तत्पश्चात कलाकारों का आगमन एवं सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री ममता चन्द्राकर, प्रेम चन्द्राकर फिल्म निर्देशक, विशेष अतिथि दुष्यंत हरमुख, श्रीमती रिंकी देवांगन लोक गायिका, स्वर कोकिला कविता वासनिक, सुश्री हिमानी वासनिक, कु. कनक साहू बाल कलाकार, लोकगायिका तृषा साहू, लोकगायिका टोमन वर्मा, जनपद सभापति जीतेन्द्र टंडन, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, सरपंच श्रीमती रुलेश्वरी चन्द्रशेखर बंजारे, उपसरपंच श्रीमती संगीता सप्रे, ग्रामीण पटेल चैतुराम साहू एवं ग्रामीण उपस्थित रहेंगे। दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा जिसमें अपने-अपने गीत संगीत प्रस्तुत किए जाएंगे। शाम 5 बजे से सुश्री हिमानी वासनिक द्वारा भरथरी गायन का अपने टीम द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। रात्रि 8 बजे से श्रीराधा कृष्ण सेवा एवं फाग मंडली गुलाब साहू द्वारा झांकी प्रस्तुत किया जाएगा। दरबार प्रतिनिधि चन्द्रकांत कोसरे एवं कुंजलाल साहू ने जानकारी देते हुए सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में आकर कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है।

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती सम्पन्न

भाटापारा /नवप्रदेश। संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी की 650वीं जयंती के पावन अवसर पर समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत भाटापारा के रविदास वार्ड स्थित मंदिर परिसर में श्रद्धा, आस्था और सामाजिक समरसता से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश कोर कमेटी सदस्य शिवरतन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा,भाजपा जिलाध्यक्ष आनन्द यादव एवं पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के चरणों में श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके बताए समानता, मानवता, भाईचारे और सामाजिक समरसता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। संत रविदास महाराज जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में 650 दीप प्रज्वलित कर उनके महान विचारों और मानव कल्याण के संदेश को स्मरण किया गया। दीपों की रोशनी के बीच पूरा मंदिर परिसर श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण से आलोकित हो उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी केवल एक महान संत ही नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और समरसता के ऐसे प्रकाश पुंज हैं, जिनके विचार सदियों बाद भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि संत रविदास महाराज जी ने अपनी वाणी और कर्मों के माध्यम से समाज को जात-पात, ऊंच-नीच और भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि व्यक्ति की महानता जन्म से नहीं, बल्कि उसके विचारों, कर्मों और मानव सेवा की भावना से निर्धारित होती है।

बेसिक स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन, रोवर-रेंजर लीडर प्रशिक्षण शिविर का समापन

धमतरी /नवप्रदेश। धमतरी जिले के भखारा स्थित अम्बेडकर मांगलिक भवन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग के राज्य अध्यक्ष एवं स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा के निर्देशन में तथा राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) पूनम सिंह साहू एवं राज्य प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सरिता पाण्डेय के मार्गदर्शन में सात दिवसीय बेसिक स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन एवं रोवर-रेंजर लीडर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रखा गया। शिविर के समापन के पूर्व संध्या पर विशाल शिविर ज्वाल (ग्रेट कैम्प फायर) कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंग खालसा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिलाध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद साहू ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला मुख्य आयुक्त चेतन हिंदूजा, उपाध्यक्ष कृष्णा राम साहू एवं गजानन साहू, जिला मुख्यालय आयुक्त नन्द किशोर साहू,ए. बी. इ. ओ. धर्मेंद्र साहू, पूर्व अध्यक्ष डीपेंद्र साहू, पार्षद ठुमेंद्र कुमार गंगबेल, जिला सचिव हेत लाल साहू, बीआरसीसी कुरुद कुलेश्वर सिन्हा, रोवर लीडर कमलेश साहू आदि उपस्थित थे। शिविर ज्वाल कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा ज्वाल प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर शिविर प्रतिवेदन का वाचन शिविर संचालक इनूराम वर्मा ने किया। उन्होंने बताया कि इस शिविर में जिले के चारों विखं सहित दंतेवाड़ा, कोंडागांव, गरियाबन्द, बलौदाबाजार, दुर्ग, राजनांदगांव आदि जिले से 31स्काउट, 36 गाइड्स, 32 रोवर-रेंजर कुल 99 प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित हुए। यह शिविर 24 जुलाई से 30 जुलाई तक आयोजित हुआ। प्रशिक्षण के दौरान नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, राष्ट्रीय गान, चिन्ह, सेल्यूट, बाया हाथ मिलाना, बीपी सिक्स, गांठे, ध्वज की जानकारी, अनुमान लगाना, सिग्नल, प्राथमिक उपचार, हाइक आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कलेक्टर ने प्राचार्यों को दिए कड़े निर्देश, दोबारा उलंघन पर पालकों के विरुद्ध होगी कानूनी कार्रवाई

नाबालिगों के वाहन चलाने पर जिला प्रशासन की सख्ती

■ **स्कूलों में पालक-शिक्षक बैठक, जागरूकता अभियान और वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था पर विशेष जोर**

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए संयुक्त अभियान प्रारंभ किया है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों की वर्चुअल बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना पाण्डेय, सहायक संचालक शिक्षा श्री यदुनंदन वर्मा सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के नाबालिग बच्चों द्वारा दोपहिया अथवा अन्य वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि उनके स्वयं के जीवन और अन्य नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। उन्होंने सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया कि विद्यालय परिसर में यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी नाबालिग छात्र-छात्रा वाहन लेकर विद्यालय न पहुंचे। यदि कोई विद्यार्थी वाहन लेकर आता है, तो तत्काल उसके पालकों को सूचना देकर आवश्यक समझाइश दी जाए तथा इसकी जानकारी संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को भी उपलब्ध कराई जाए।

कलेक्टर ने सभी विद्यालयों में शीघ्र पालक-शिक्षक बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि अभिभावकों को मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों, सड़क सुरक्षा के महत्व तथा बच्चों के सुरक्षित आवागमन के प्रति जागरूक किया जा सके। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के लिए स्कूल बस, साइकिल, सार्वजनिक परिवहन अथवा पालकों द्वारा सुरक्षित परिवहन जैसी वैकल्पिक व्यवस्थाएं अपनाने का आग्रह किया। इस व्यवस्था को लागू करने के लिए एक सप्ताह का समय निर्धारित किया गया है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विद्यालयों के आसपास असामाजिक तत्वों की गतिविधियों, नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री अथवा विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार का असुरक्षित वातावरण पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। विद्यार्थियों को सकारात्मक दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से सभी विद्यालयों में योग, खेलकूद, नैतिक शिक्षा, यातायात जागरूकता तथा नशामुक्ति संबंधी गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने पर भी विशेष बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना पाण्डेय ने बताया कि जिले में नाबालिग वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में पहली बार पकड़े जाने वाले नाबालिगों के पालकों को यातायात थाना बुलाकर समझाइश दी जा रही है तथा उनका विवरण दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई नाबालिग पुनः वाहन चलाते हुए पाया जाता है, तो मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार संबंधित पालकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में 25 हजार रुपये तक का जुर्माना, तीन वर्ष तक का कारावास अथवा दोनों का प्रावधान है।

श्रद्धा और भक्ति के साथ गुरु पूर्णिमा महापर्व संपन्न

छुरा/नवप्रदेश। गायत्री शक्ति पीठ छुरा, में गुरु पूर्णिमा महापर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। हालांकि रात से ही मूसलाधार बारिश भी श्रद्धालुओं की आस्था को डिगा नहीं सकी। भारी वर्षा के बावजूद बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के परिजन एवं श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए और गुरु पूजन, जप-तप, साधना तथा पाँच कुंडीय यज्ञ-हवन में सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर समाज एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर योग सेवा प्रदान करने वाले योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा का भी विशेष सम्मान किया गया। उन्हें योग के माध्यम से जन-जागरूकता, निःशुल्क योग प्रशिक्षण, स्वास्थ्य संवर्धन तथा समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए उपहार एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित जनों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि योगाचार्य मिथलेश सिन्हा वर्षों से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता तथा मानव कल्याण के लिए निरंतर सेवा करने का संकल्प लिया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् सुकमा जिला -सुकमा (छ.ग.)
ई प्रोक्यूमेन्ट निविदा सूचना (2nd call)

क्र./1552/96/स्थापना /2026 सुकमा, दिनांक 29.07.2026

नगर पालिका परिषद् सुकमा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था-ई रजिस्ट्रेशन में 'डी' एवं उपर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर निविदा 'अ' में निम्नांकित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

1	NIT. No.& Tender No.	:-	96 system Tender No. 196401 (2nd Call)
2	Name of work.	:-	CONSTRUCTION OF SAMUDHAIK BHAWAN WARD NO 11 BUS STAND AT Municipal Council Sukma (SECOND CALL)
3	Probable Amount of Contract (PAC)	:-	Rs. 25.43 Lacs
4	Amount of Earnest Money.	:-	Rs. 22500/- (To be pay favour of Cmo Sukma FDR)
5	Class of Contractor Eligible to tender.	:-	'D' - and above class (Unified Registration System-E-Registration)
6	Time allowed for completion	:-	06 Month
7	Tender Participation Fee	:-	1500.00 (To be pay favour of Cmo Sukma DD)

निविदा ऑनलाइन वेबसाईट (Main Protal:http://eproc.cgstate.gov.in) पर दिनांक 30.07.2026 को सांय 17:30 बजे से दिनांक 16.08.2026 को सांय 17.30 तक देखे एवं निविदा की कार्यवाही किये जा सके हैं

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् सुकमा
जिला - सुकमा छ.ग.

'स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दें'

नई दिल्ली में ओबीसी संगठन की मजबूती को लेकर हुई बैठक

■ **पूर्व विधायक लेखराम साहू ने राष्ट्रीय नेतृत्व को सौंपी तेलंगाना की रिपोर्ट**

धमतरी/नवप्रदेश। कुरूद के पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संगठन के राष्ट्रीय समन्वयक श्री लेखराम साहू ने नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जैन एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर तेलंगाना राज्य की संगठनात्मक गतिविधियों एवं कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रभारी दिनेश कुमार भी उपस्थित रहे। बैठक में तेलंगाना में कांग्रेस सरकार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के कार्यकाल के दौरान पिछड़ा वर्ग संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा संगठन के विस्तार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए पिछड़ा वर्ग समाज के अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने, संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने तथा कांग्रेस के गठबंधन को सशक्त बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही राहुल गांधी के नेतृत्व में भविष्य में सरकार गठन के उद्देश्य से संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने पर भी चर्चा हुई।

श्री लेखराम साहू ने अपने संगठनात्मक कार्यों का रिपोर्ट कार्ड भी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जैन को सौंपा। इसके पश्चात उन्होंने अनुसूचित जनजाति (एसटी) कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पाल गौतम, पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, मध्यप्रदेश से राज्यसभा सांसद एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा, छत्तीसगढ़ से लोकसभा सांसद फूलो देवी नेताम सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से भेंट कर विभिन्न समसामयिक एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की।

राजनांदगांव की गौशाला पिंजरापोल सेवा, समर्पण और जनसहभागिता का आदर्श केंद्र : डॉ. रमन सिंह

राजनांदगांव /नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज श्री गौशाला पिंजरापोल राजनांदगांव में नवीन गौछाया परिसर के लोकार्पण तथा चिकित्सा परिसर एवं गौचारा परिसर के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने राज्य शासन की ओर से गौशाला के विकास के लिए 75 लाख रूपए की राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विकास एवं पशुपालन विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम ने की।

न्यायालय तहसीलदार आरंग
जिला रायपुर (छ.ग.)
-: ईश्तहार :-

रा.प्र.क्र. Q अ/6अ वर्ष 2025-26
आरंग, दिनांक 30.07.2026
ग्राम आरंग प0ह0नं0 29

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक तुलाराम उर्फ तुलसीराम लोधी पिता रामगोपाल कास्तकार निवासी ग्राम आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर के द्वारा ग्राम आरंग प.ह.नं. 29 स्थित भूमि खसरा नं. 981, 982/1 रकबा क्रमशः 0.3240, 0.0450 हे. भूमि कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.3690 हे. भूमि खातेदार ना.बा. ईश्वरलाल, ना.बा. तुलाराम पिता रामगोपाल वली मॉ सोनकुंवर पति रामगोपाल के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक की उक्त आवेदित भूमि में खातेदार तुलाराम पिता रामगोपाल का नाम शासकीय दस्तावेज एवं आधार कार्ड में तुलसीराम लोधी पिता रामगोपाल लोधी दर्ज है। आवेदक तुलाराम पिता रामगोपाल एवं तुलसीराम लोधी पिता रामगोपाल जिसमें दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है। आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि को शासकीय दस्तावेज एवं आधार कार्ड के आधार पर तुलाराम उर्फ तुलसीराम लोधी पिता रामगोपाल का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने तथा शेष खातेदारो का नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदन पेश कर निवेदन किये जाने पर प्रकरण इस न्यायालय मे प्रारंभ किया गया हैं।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 18.08.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 30.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
आरंग

कार्यालय नगर पंचायत पाण्डातराई, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

क्र0/1202/न.प./ लो.नि.वि./2026-27 पाण्डातराई, दिनांक 31/07/2026

तृतीय ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत निम्न कार्य हेतु तृतीय ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र.	सिस्टम नम्बर	विवरण	अनुमानित राशि (लाख में)	निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि
1	196560	Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of PANDATARAI, Chhattisgarh	25.12	10/08/2026

शर्तेः- उपरोक्त कार्यो हेतु नियम एवं शर्ते, अमानत राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय मे कार्यालय के संबंधित विभाग से प्राप्त की जा सकती हैं साथ ही उक्त जानकारी विभागीय वेबसाईट http//cgeproc.cgstate.gov.in व www.uad.cg.gov.in से अवलोकन किया जा सकता हैं तथा किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभागीय वेबसाईट में अपलोड की जावेगी, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पाण्डातराई

कार्यालय नगर पालिका परिषद बालोद, जिला बालोद (छ.ग.)
// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

क्रमांक/774/लो.नि.वि./न.पा./2026 बालोद, दिनांक 31/07/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार / फर्म से अधोसंरचनामद / 15वें वित्त आयोग अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सिस्टम टेंडर क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि व समय
1	196570	वार्ड क्र. 04 अमित कलेक्शन से पोस्ट आफिस तक सीसी टॉप कोट	15.15	21/08/2026 17:30 IST
2	196571	वार्ड क्र. 06 किराना घर से केवट घर तक आरसीसी नाली	11.04	
3	196572	वार्ड क्र. 03 उत्तम साहू घर से रोमन श्रीवास्तव घर तक सीसी रोड	18.75	
4	196573	वार्ड क्र. 02 संजय नगर रोड में अली जनरल स्टोर्स से शत्रुघन सिन्हा घर (शिव मंदिर) तक सीसी रोड	14.88	

टीप : अन्य शर्ते व विस्तृत जानकारी संबंधित शाखा/विभागीय वेबसाईड **www.uad.cg.gov.in** में भी देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

नगर पालिका के करों का भुगतान समय पर करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बालोद

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **33938** दिनांक **30.07.2026**
वार्ड का नाम- **59 - मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **59** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR653G00127** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **BHAGWATI MISHRA** पिता / पति श्री/ श्रीमती **AWADHNARAYAN MISHRA** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **PRITI GOSVAMI** पिता /पति श्री/श्रीमती **ASHOK GOSVAMI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **MALBA BIKRINAMA AND SHAPATH PATRA** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **33974** दिनांक **31.07.2026**
वार्ड का नाम- **60 - चंद्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **60** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR652G00328** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **SAGIR AHMAD KHAN** पिता / पति श्री/ श्रीमती **ISMAIL KHAN** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **KHVAJ BEE** पिता /पति श्री/श्रीमती **W/O NASIR AHMAD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **33937** दिनांक **30.07.2026**
वार्ड का नाम- **59 - मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **59** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR653G0127A** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **BHAGWATI MISHRA** पिता / पति श्री/ श्रीमती **AWADHNARAYAN MISHRA** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **NAJIMA ALI** पिता /पति श्री/श्रीमती **YAVAR ALI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **MALBA BIKRINAMA AND SHAPATH PATRA** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर
Email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी वीर सावरकर नगर हीरापुर रायपुर में निर्मित MIG योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. MIG-576 श्री रामा जी यादव पिता श्री बलराम यादव को स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय / एकमुश्त / ऑफर आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है। उनके द्वारा दिनांक 08/05/2007 को लीजडीड/सेलडीड/ विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन श्रीमति विन्दा यादव पति श्री मोहन यादव के पक्ष में दिनांक 27/01/2026 को विक्रय कर दिया। .

तद्उपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन / भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन / भूखण्ड क्रेता श्रीमति विन्दा यादव पति श्री मोहन यादव के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय / वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- 01 कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पंचायत देवकर, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
।। नामांतरण ईश्तहार सूचना ।।

क्र./ 773 / राज.वि. / नामां. / 2026 देवकर, दिनांक 30/07/2026

नगर पंचायत देवकर में अपने स्वयं के भवन/भूमियों को क्रय-विक्रय/वारिसान / मृत्यु/बंटवारा के आधार आदि में किया जाकर नगर पंचायत अभिलेख में नाम परिवर्तन करने हेतु निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुआ हैं। उक्त प्रकरणों पर नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत् नामांतरण किये जाने पर यदि किसी भी व्यक्ति / संस्था / समुदाय को आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने की तिथि से 30 दिन के अन्दर लिखित में नगर पंचायत कार्यालय में अपना दावा / आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। भवन/भूमि नामांतरण संबंधी विवरण निम्नानुसार हैं :-

क्र.	हस्तांतरणकर्ता का नाम व पता	हस्तांतरिती का नाम व पता	भवन/भूमि का विवरण	नामांतरण का आधार
1	श्री रमेशर साहू, पिता मेहत्तर साहू वार्ड क्रं.-07 देवकर, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)	श्री गौरेलाल साहू पिता मनीराम साहू, वार्ड क्रं. 07 देवकर जिला-बेमेतरा (छ0ग0)	खसरा नं. 1042/1, रकबा 1140 वर्गफिट वार्ड क्रं. 07 देवकर जिला-बेमेतरा (छ.ग.)	बिक्रीनामा अभिलेख के आधार पर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत देवकर

तीन बांधों से छोड़ा पानी, उफान पर महानदी, त्रिवेणी संगम लबालब

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच महानदी, पैरी और सोंढुर नदी उफान पर हैं। सिकासार, सोंढुर और गंगरेल जलाशयों से छोड़े गए पानी के बाद राजिम त्रिवेणी संगम लबालब हो गया, वहीं इसका असर अब गोबरा नवापारा में भी साफ दिखाई देने लगा है। महानदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने से नगर के कई निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया है। हालात ऐसे बन गए कि कई परिवारों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी। प्रशासन और नगर पालिका पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैं।

लगातार हो रही बारिश के चलते सिकासार जलाशय से लगभग 58 हजार क्यूसेक, सोंढुर जलाशय से करीब 15 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसके कारण पैरी और महानदी का जलस्तर लगातार बढ़ गया है। महानदी का पानी तेजी से बढ़ने लगा और कुछ ही घंटों में निचली बस्तियों में घुस गया। कुलेश्वर महादेव मंदिर तक पानी पहुंच गया। शुक्रवार को बारिश कम होने से लोगों ने राहत की सांस ली।

बिजली के दाम कम करने और स्मार्ट मीटर वापस लेने कांग्रेस करेगी आंदोलन

■ **1 अगस्त से क्रमिक आंदोलन का ऐलान**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बिजली के दाम की बढ़ोत्तरी वापस लेने तथा स्मार्ट मीटर वापस लेने एवं 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना को फिर से शुरू करने के लिए कांग्रेस आंदोलन करने जा रही है।1 अगस्त को सभी जिलो में पत्रकार वार्ता लेकर बिजली के दाम में बढ़ोत्तरी का विरोध किया जाएगा तथा बिजली के बढ़े दाम वापस लिए जाने की मांग की जायेगी। 2 अगस्त से कांग्रेस के कार्यकर्ता स्मार्ट मीटर के खिलाफ घर-घर से आवेदन भरवा कर स्मार्ट मीटर हटाने की मांग की जाएगी तथा आम जनता के द्वारा बिजली के दाम बढ़ाने के विरोध में विरोध पत्र भरवाये जाएंगे, बिजली के दाम बढ़ोत्तरी को वापस लेने की मांग दो महीने तक की जाएगी।

राजीव भवन में एक पत्रवार्ता में श्री बैज ने कहा कि दो माह पश्चात जिलों में भरवाए गए फार्म को लेकर प्रदेश भर में हम जिले के बिजली दफ्तर का घेराव करेंगे एवं एकत्रित आवेदन जमा करायेंगे, पावती लेंगे। सभी जिलों में फार्म भरवाने तथा जिले के बिजली दफ्तरों के घेराव के बाद प्राप्त पावती को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री जो कि बिजली मंत्री भी है उनके निवास का घेराव करेंगे।भाजपा सरकार ने जुलाई से घरेलू उपभोक्ताओं के दाम में 30 से 50 पैसे तथा गैर घरेलू में 20 से 40 पैसे की बढ़ोत्तरी किया है। कृषि के पंप की बिजली में भी 40 पैसे की बढ़ोत्तरी की गयी है। भाजपा की सरकार बनने के बाद लगातार पांचवी बार बिजली के दाम बढ़ाये गए है। बिजली के बेतहाशा बिल जनता की परेशानी का कारण बने हुये है। हाल ही में भाजपा सरकार ने बिजली के दामों में 12 प्रतिशत विद्युत ईंधन अधिभार (एमपीपीएस) के रूप में बढ़ोत्तरी किया था।

श्री बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार आने के बाद अभी तक 31.23 प्रतिशत बिजली के दाम बढ़ाये गये है। कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में केवल 2 पैसे की बढ़ोत्तरी बिजली के दामों में किया था, उसमें भी 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना लागू थी।भाजपा से सरकार नहीं संभल नही रही है। वह केवल जनता पर बोझ डालने का काम करती है।400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना बंद करने के बाद पांच बार बिजली के दाम बढ़ाया जाना जनता पर बोझ है। सरकार का बिजली विभाग उपभोक्ताओं को बिल के नाम पर लूटने में लगा है। पिछ्ले कुछ महीनों से बिजली के बिल तीन से चार गुना आ रहे है। बिजली के खपत का अनुबंध भार क्षमता बिना उपभोक्ता की सहमति के बढ़ा दिया जा रहा है। जबकि उपभोक्ता की सहमति के बिना उसका अनुबंध भार नहीं बढ़ाया जा सकता।उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर से खपत बढ़ा कर फिर खपत ज्यादा होने का हवाला देकर अनुबंध भार बढ़ा दिया जा रहा है और एग्रीमेंट से अधिक खपत की बात कर बढ़े अनुबंध भार के आधार पर अर्थदंड जोड़कर बिजली के बिल भेजे जा रहे है।

ये हैं कांग्रेस की मांग

कांग्रेस ने मांग की है कि बिजली के दाम घटाए जाएं। 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना लागू की जाए। स्मार्ट मीटर वापस लिया जाए। उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु में स्मार्ट मीटर वहां की भाजपा सरकार ने वापस लेने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ में भी सरकार जनहित में स्मार्ट मीटर वापस ले।

साय सरकार ने दो वर्षों में शिक्षा विभाग का व्यापक कायाकल्प किया : भाजपा

■ **युवाओं को रोजगार देने के लिए 5,000 नए शिक्षकों की सीधी भर्ती की अनुमति**

रायपुर/नवप्रदश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने कहा है कि राज्य में सुशासन, पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के दिशा-निर्देशों में राज्य सरकार ने बीते दो वर्षों में शिक्षा विभाग का व्यापक कायाकल्प किया है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि वर्षों पुरानी अव्यवस्थाओं, दफ्तरों के चक्कर काटने की मजबूरी और शिक्षक-विहीन शालाओं जैसी चुनौतियों का अंत करते हुए सरकार ने तकनीक और न्यायसंगत फैसलों के जरिए हर वर्ग को सीधी राहत पहुँचाई है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. मिश्रा ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता में प्रदेश की भाजपा सरकार के सुशासन संकल्प और प्रशासनिक सुधार की प्रमुख उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि डिजिटल गवर्नेंस से पारदर्शिता और अनुशासन का भाव बढ़ा है। वीएसके मोबाइल ऐप (डिजिटल उपस्थिति) के तहत प्रदेश के 1,77,126 शिक्षक अब प्रतिदिन ऑनलाइन हाजिरी लगा रहे हैं, जिससे शालाओं में प्रशासनिक अनुशासन और समयबद्धता सुदृढ़ हुई है। सिंगल पोर्टल व्यवस्था के ज़रिए छुट्टियों और सेवा संबंधी 30,19,439 आवेदनों का पारदर्शी ऑनलाइन निस्तारण किया गया, जिससे कर्मचारियों को दफ्तरों के चक्कर काटने से हमेशा के लिए मुक्ति मिली है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि पदोन्नति प्रक्रिया की पुरानी मैनुअल व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त कर ऑनलाइन सिस्टम लागू किया गया। पूरी निष्पक्षता से 1,335 टी-संवर्ग तथा 1,478 ई-संवर्ग के योग्य शिक्षकों को पदोन्नत कर प्राचार्य बनाया गया। इसके अलावा प्रधान पाठक व अन्य श्रेणियों के लगभग 7,000 पदों पर पारदर्शी तरीके से पदोन्नति दी गई।

शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती की गई

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. मिश्रा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश सरकार की तीसरी उपलब्धि वर्षों पुराने विवादों का संवेदनशील समाधान है। पुरानी व्यवस्था की कमियों और तकनीकी अड़चनों को दूर करते हुए सरकार ने 2,621 बी-एड धारक सहायक शिक्षकों को 'विज्ञान प्रयोगशाला' में सफलतापूर्वक समायोजित कर उनके हितों को सुरक्षित किया। इसी तरह ऐतिहासिक युक्ति-युक्तकरण से हर स्कूल में पर्याप्त शिक्षक हैं। पूर्व में प्रदेश की 453 शालाएँ पूरी तरह शिक्षक-विहीन थीं और 5,936 शालाएँ सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे चल रही थीं। अब पारदर्शी युक्ति-युक्तकरण के तहत 15,165 शिक्षकों एवं प्राचार्यों का न्यायसंगत समायोजन किया गया। इसकी परिणाम यह हुआ है कि आज प्रदेश की सभी 453 शिक्षक-विहीन शालाओं में शिक्षकों की पदस्थापना हो चुकी है और एकल-शिक्षक स्कूलों की समस्या का भी स्थायी समाधान हो गया है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि 'आईजीओटी कर्मयोगी' पोर्टल के माध्यम से शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों से जोड़ा गया है, जिसके तहत 1,95,818 शिक्षक व कर्मचारी पंजीकृत होकर डिजिटल प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।

पीएससी घोटाला : ईडी कोर्ट ने टामन सिंह को भेजा 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित पीएससी घोटाला मामले में सीजीपीएससी के पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी को ईडी रिमांड खत्म होने पर आज श्वष्ठ की विशेष कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने टामन सोनवानी को 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है ।

आरोपी टामन सिंह को सीजीपीएससी भर्ती घोटाले में सीबीआई ने दो साल पहले गिरफ्तार किया था। उनके साथ बजरंग पावर एंड स्टील लिमिटेड के डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल को भी गिरफ्तार किया था। आरोप है कि सीजीपीएससी भर्ती प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं हुई थीं। प्रभावशाली लोगों के रिश्तेदारों को डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी समेत अन्य पदों पर चयनित कराने के लिए कथित तौर पर अवैध लेन-देन किया गया था। अब ईडी टामन सोनवानी को गिरफ्तार कर इस मामले की गहन जांच कर रही है।

ईडी की जांच में क्या सामने आया ?

ईडी के मुताबिक, टामन ने परीक्षा के पर्चे अपने घर पर साहिल, नीतेश, उसकी पत्नी निशा कोसले और दीपा आडिल को दिए। इसके बाद उप परीक्षा नियंत्रक ललित गणवीर ने लीक हुआ पेपर बजरंग पावर एंड इस्पात कंपनी के डायरेक्टर श्रवण गोयल को सौंपा। श्रवण गोयल के बेटे शशांक और बहू भूमिका ने इसी लीक पेपर से तैयारी की। परिणामस्वरूप दोनों डिप्टी कलेक्टर बन गए।

क्या है पीएससी घोटाला

सीजीपीएससी ने 2021 में 171 पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की थी। प्री-एग्जाम 13 फरवरी 2022 को कराया गया। इसमें 2 हजार 565 पास हुए थे। इसके बाद 26, 27, 28 और 29 मई 2022 को हुई मेंस परीक्षा में 509 अभ्यर्थी पास हुए। इंटरव्यू के बाद 11 मई 2023 को 170 अभ्यर्थियों की सिलेक्शन लिस्ट जारी हुई थी। आरोप है कि आयोग की परीक्षाओं और इंटरव्यू में पारदर्शिता को दरकिनार कर राजनीतिक और प्रशासनिक रसूख वाले परिवारों के उम्मीदवारों को उच्च पदों पर चयनित किया गया। इस दौरान योग्य अभ्यर्थियों की अनदेखी कर डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी और अन्य राजपत्रित पदों पर अपने नजदीकी लोगों को पद दिलवाने का खेल हुआ। प्रदेश सरकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच सीबीआई को सौंपी। जांच एजेंसी ने छापेमारी में कई दस्तावेज और आपत्तिजनक साक्ष्य बरामद किए हैं। अब ईडी भी इस मामले में जांच करेगी।

पावर कंपनी के सभी कार्यालयों में आज से ई-ऑफिस प्रणाली

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज द्वारा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता, त्वरित निस्तारण एवं संपूर्ण डिजिटलीकरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए ई.ऑफिस प्रणाली का प्रदेशभर के सभी क्षेत्रीय एवं संभागीय कार्यालयों में 1 अगस्त से अनिवार्य रूप से लागू कर दिया गया हैं। ई.ऑफिस प्रणाली के सफल क्रियान्वयन के लिए कंपनी द्वारा जुलाई माह में व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूरे माह प्रत्येक गुरुवार को दो पालियों में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। जिनमें अधिकारी एवं कर्मचारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग अथवा प्रशिक्षण कक्ष में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया

इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 1200 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान फाइलों के डिजिटल संचालनए नोटशीट एवं पत्राचारए दस्तावेज प्रबंधन तथा ऑनलाइन अनुमोदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। ईआईटीसी से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रदेशभर में कुल 800 कार्यालय संचालित है। इन कार्यालयों के लिए अब तक लगभग 5000 आईडी बनाए गए हैं।छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी मुख्यालय में नवम्बर 2025 से ई आफिस का क्रियान्वयन किया जा रहा हैं। जिसके अंतर्गत अब तक कंपनीवार अद्यतन रिपोर्ट अनुसार ट्रांसमिशन कंपनी में फाइल काउंट 4244 एवं आवक की संख्या 21 हजार 728 है। डिस्ट्रीब्यूशन कंननी में फाइल काउंट 10 हजार 774 एवं आवक संख्या 22हजार 764, इसी प्रकार जनरेशन में फाइल काउंट 7724 एवं आवक संख्या 32हजार791 है। पावर ट्रांसमिशन कंपनी की मुख्य अभियंता श्रीमती एचआर श्रीमती रश्मि वर्मा ने समस्त कार्यालयों में ई आफिस प्रणाली को अनिवार्य रूप से लागू करने हेतु परिपत्र भी जारी किया है। ई.ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन से पेपरलेस कार्य संस्कृति को बढ़ावा मिलेगाए कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिताए उत्तरदायित्व एवं गति आएगी तथा फाइलों के निस्तारण की प्रक्रिया अधिक सरलए सुरक्षित और समयबद्ध होगी।

पावर कंपनी से सीई साव व देवांगन सहित सात अफसरों-कर्मियों को भावभीनी विदाई

■ **प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया सम्मानित**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ में आयोजित सेवानिवृत्ति विदाई समारोह में दो मुख्य अभियंताओं सहित सात अधिकारी-कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एस.के. कटियार एवं छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी के मुख्यालय सेवा भवन में आयोजित समारोह में मुख्य अभियंता राजेन्द्र कुमार साव एवं आशुतोष देवांगन सहित सात अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

प्रबंध निदेशक एस.के. कटियार ने सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्य अभियंता राजेन्द्र कुमार साव एवं आशुतोष देवांगन ने अपने दीर्घ सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए कंपनी प्रबंधन, वरिष्ठ अधिकारियों एवं सहकर्मियों से प्राप्त सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

छत्तीसगढ़ में विकसित होगी आधुनिक विज्ञान अधोसंरचना

■ **साइंस सिटी, रीजनल साइंस सेंटर, एआई गैलरी और साइंस पार्क परियोजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की आज महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग की प्रमुख परियोजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने उनके क्रियान्वयन की प्रगति का आकलन किया।बैठक में रायपुर में प्रस्तावित साइंस सिटी, रीजनल साइंस सेंटर, विकसित की जा रही अत्याधुनिक एआई गैलरी तथा राज्य के विभिन्न जिलों में प्रस्तावित साइंस पार्कों की स्थापना एवं विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। इन परियोजनाओं के माध्यम से विद्यार्थियों, शोधार्थियों और आमजन को आधुनिक, इंटरैक्टिव एवं अनुभवात्मक विज्ञान शिक्षा उपलब्ध कराने तथा समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया।

बैठक में वर्ष 2026-27 के दौरान रायपुर में आयोजित होने वाले 22वें अखिल भारतीय विज्ञान संग्रहालय एवं विज्ञान केंद्र प्रमुख सम्मेलन की तैयारियों और कार्ययोजना की भी समीक्षा की गई। यह सम्मेलन राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम), संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए एनसीएसएम के साथ शीघ्र संयुक्त समन्वय बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

समय-सीमा और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं : सोनमणि बोरा

प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में आधुनिक विज्ञान अधोसंरचना के विकास को गति देने के साथ-साथ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आधारित जनजागरूकता, नवाचार और एसटीईएम शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सभी आवश्यक कार्य समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किए जाएं। बैठक में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (सीसीओएसटी) तथा रीजनल साइंस सेंटर (आरसीएस), रायपुर के वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

सुविचार

जो किस्मत में लिखा है वो तो मिल ही जाएगा अगर उससे ज्यादा पाना है तो मेहनत का दरवाजा खटखटाना ही पड़ेगा।

संसद परिसर में नई नौटंकी

संसद का मानसून सत्र इस बार भी हंगामों की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है यह गनीमत है कि विपक्ष के हंगामे के बावजूद एंटी पेपर लीक विधेयक और वंदे मातरम् विधेयक संसद के दोनों सदनों से पारित हो गया है किन्तु अभी महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयक के अलावा कई और महत्वपूर्ण विधेयक संसद में पेश होना बाकी है लेकिन विपक्ष जिस तरह हंगामा कर रहा है उसे देखते हुए इन विधेयकों का पारित होना तो दूर की बात है इनका पेश होना ही मुश्किल नजर आ रहा है। एंटी पेपर लीक विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने मुद्दे से अलग हटकर आरोप प्रत्यारोप लगाये उससे ही यह स्पष्ट हो गया है कि विपक्ष अपने दायित्व के प्रति गंभीर नहीं है। उसने हंगामा करना ही अपना मकसद बना रखा है। संसद के भीतर और बाहर दोनों जगह विपक्ष लगातार हंगामा कर रहा है अब जंतर मंतर पर हुए आंदोलन के दौरान छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन छेड़ रखा है वही टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी ने संसद के बाहर अनोखा प्रदर्शन किया उन्होंने टीएमसी छोड़ गये 20 सांसदों को गद्दार बताते हुए उनके फोटो का प्रदर्शन किया। दूसरे दिन पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने तो सारी सीमाएं ही लांघ डाली और उन्होंने संसद परिसर में भगवा पहनकर साधू के वेश में चंदा चोरी करने की नौटंकी की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के सांसद पप्पू यादव के सामने चंदा चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाते रहे। पप्पू यादप जिन्होंने रामलला की फोटो हाथों में ले रखी थी उन्होंने सपा सांसद अवधेश प्रसाद के पैर पकड़कर माफी मांगने का अभिनय किया और इस दौरान उन्होंने रामलला की फोटो अवधेश प्रसाद के पैरों के सामने जमीन पर रख दी। यह न सिर्फ रामलला का बल्कि पूरे सनातन धर्म का अपमान है लेकिन इस नौटंकी को देख रहे तमाम विपक्षी सांसद जिसमें नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी शामिल थे वे सभी खिलखिलाकर हंस रहे थे। निर्दलीय सांसद पप्पू यादव इस कर्तूत की संत समाज ने कड़ी निंदा की है और इसे सनातन का घोर अपमान बताया है। विपक्षी पार्टियों के सांसद जिस तरह संसद के भीतर और बाहर रोज नया तमाशा खड़ा कर रहे हैं और संसद की कार्यवाही को बाधित कर रहे हैं वह एक तरह से लोकतंत्र का मजाक ही है। ऐसा लगता है कि विपक्ष ने यह तय कर रखा है कि मानसून सत्र को चलने ही नहीं देना है और महत्वपूर्ण विधेयकों को पेश होने से ही रोकना है। पेपरलीक मामला सुलट गया तो अब चंदा चोरी के मामले को लेकर तमाशा खड़ा किया जा रहा है। इस मुद्दे को समाजवादी पार्टी ही जोर शोर से उठा रही है। क्योंकि उत्तरप्रदेश में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं और इस तरह की नौटंकी करके इसका चुनावी लाभ उठाना चाहती है। वहीं कांग्रेस गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग पर अड़ गई है। विपक्ष का यह रवैया कतई उचित नहीं है। उन्हें अपनी जो भी बात कहनी है उसे वे संसद के भीतर रख सकते हैं। बेहतर होगा कि वे संसद परिसर को राजनीति का अखाड़ा न बनाये और मानसून सत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर महत्वपूर्ण विधेयकों पर सार्थक चर्चा करें।

नगर निगम या नरक निगम

यजुवेंद्र सिंह
अधिवक्ता

पहली ही बरसात ने नगर निगमों की तैयारियों की वास्तविकता उजागर कर दी है। बड़े-बड़े दावे, स्मार्ट शहरों के सपने और विकास के वादे कागज़ों तक ही सीमित दिखाई दे रहे हैं। सड़कों पर जलभराव, टूटी सड़कें, जाम नालियाँ और अव्यवस्थित यातायात यह सवाल खड़ा करते हैं कि क्या यह नगर निगम है या "नरक निगम"?

सरकार विकास की नई-नई योजनाओं की घोषणा तो करती है, लेकिन नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं–जैसे जल निकासी, साफ-सफाई, मजबूत सड़कें और प्रभावी शहरी प्रबंधन–को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिलती। पहली ही बारिश में अधिकांश शहरों की व्यवस्था चरमरा गई। ऐसा प्रतीत होता है कि वर्षा ऋतु से निपटने के लिए न तो पर्याप्त तैयारी की गई और न ही योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हुआ।

विकास केवल घोषणाओं और विज्ञापनों से नहीं होता, बल्कि धरातल पर दिखाई देने वाली व्यवस्थाओं से होता है। जनता को ऐसे प्रशासन की आवश्यकता है जो वादों से आगे बढ़कर मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दे और हर मौसम में बेहतर शहरी जीवन सुनिश्चित करे।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1831 कलकत्ता मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई, जो भारत में आधुनिक चिकित्सा शिक्षा की एक बड़ी शुरुआत थी। 1914 - प्रथम विश्व युद्ध की शुरुआत, जर्मनी द्वारा रूस। 1920 महात्मा गांधी ने देश में असहयोग आंदोलन की शुरुआत की। 1975: विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर साल 1 अगस्त से 7 अगस्त तक 'विश्व स्तनपान सप्ताह' मनाने की शुरुआत के संदर्भ में इस दिन को बेहद खास माना जाता है। 1995 - हब्बल दूरबीन ने शनि के एक और चन्द्रमा की खोज की। 1999: भारत के महान समाज सुधारक, लेखक और कवि अण्णाभाऊ साठे की जयंती। 2000 - ईरान में महिलाएं भी इमाम बनीं। 2004 - श्रीलंका ने प्रेमदासा स्टेडियम में आयोजित फ़ाइनल मैच में भारत को 25 रनों से हराकर एशिया कप जीत लिया। सनत जयसूर्या 'मैन आफ़ द सिरीज' बने। 2005 - सऊदी अरब के बादशाह फहद बिन अब्दुल अजीज का निधन, दिवंगत बादशाह के भाई शाहजादा अब्दुल्ला बिन अब्दुल अजीज को देश का नया शासक नियुक्त किया गया। 2006 - जापान ने दुनिया की पहली भूकम्प पूर्व चेतावनी सेवा शुरू की। 2007 - वियतनाम के हनोई शहर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड (आई.एम.ओ.) में भारतीय दल के छः सदस्यों ने तीन रजत पदक जीते। 2008 - अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बोर्ड ने भारत के विशेष निगरानी समझौते को हरी झंडी दी।

'नये भारत का नया अंदाज लिये आंदोलन का समापन'

राजीव खंडेलवाल

जंतर-मंतर पर ''घोषित उद्देश्यों'' की प्राप्ति तक चलने वाला अनिश्चितकालीन आंदोलन अंततः 36 दिनों बाद समाप्त हो गया। आंदोलन के प्रवक्ताओं ने केंद्रीय मंत्रियों जे.पी. नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह की उपस्थिति में संयुक्त प्रेस वार्ता कर आंदोलन समाप्ति की घोषणा की। देश ने राहत की सांस ली। छत्रपति संभाजी नगर (महाराष्ट्र) के एक युवा अभिजीत दिपके द्वारा सोशल मीडिया मंच ''इंस्टाग्राम'' पर शुरू किया गया यह अभियान आरंभ से लेकर समापन तक अनेक अप्रत्याशित घटनाओं, विचित्रताओं, आशंकाओं, नेतृत्व परिवर्तन, जनसमर्थन और राजनीतिक बहसों का केंद्र बना रहा। इस आंदोलन ने न केवल अनेक स्थापित धारणाओं को चुनौती दी, बल्कि लोकतांत्रिक आंदोलनों की भाषा, परिभाषा व वेशभूषाएं बदलने की दिशा में अग्रसर हुआ।

''घटनाक्रम क्रमवार।''

1 ''चिंगारी''

उच्चतम न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश न्यायाधिपति सूर्यकांत के द्वारा 15 मई को एक फर्जी लॉ डिग्री और सीनियर एडवोकेट पदनाम से जुड़ी सुनवाई के दौरान युवाओं पर की गई मौखिक टिप्पणी बेरोजगार ''कॉकरोच'' की तरह होते हैं, जिन्हें नौकरी नहीं मिलती है, वे मीडिया, सोशल मीडिया व ''आरटीआई एक्टिविस्ट'' बनकर सिस्टम पर हमला खड़ा करते हैं'' ने बवंडर खड़ा कर दिया। फलस्वरुप अगले दिन 16 तारीख को एक युवा दलित अभिजीत दिपके ने ''व्यंग्यात्मक ऑनलाइन मूवमैंट'' शुरू करने के लिए विशुद्ध गैर राजनीतिक ''कॉकरोच जनता पार्टी'' (CJP) के गठन की घोषणा की। ''विश्व इतिहास में सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर बनी सीजेपी पहली पार्टी''।

2 ''ऐतिहासिक समर्थन।''

जस्टिस सूर्यकांत द्वारा उक्त टिप्पणी से उत्पन्न बवाल होने के बाद दिए गए स्पष्टीकरण के बावजूद ''कॉकरोच'' कहने पर प्रतिक्रिया स्वरूप एक भारतीय नागरिक अभिजीत दिपके द्वारा अमेरिका के बोस्टन शहर से 16 मई को इंस्टाग्राम पर किए गए आवाहन की अनुक्रिया (रिस्पांस) में ऐतिहासिक 2 करोड़ 80 लाख लोगों का समर्थन, शायद विश्व में पहली बार ''इंस्टाग्राम'' पर हुआ।

3 ''दिल्ली आगमन''।

3 जून को भारत वापस लौटकर पेपर लीक मामले को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर मंतर पर 6 जून को प्रदर्शन करने की घोषणा की।

4 ''नेतृत्व परिवर्तन''।

20 जून से जनता मंतर पर आंदोलन प्रारंभ होने के बाद ''अचानक'' 28 जून को लद्धाख के प्रसिद्ध पर्यावरणविद, शिक्षा सुधारक, सामाजिक कार्यकर्ता व अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त सोनम वांगचुक के स्वप्रेरणा से धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तक ''अनशन'' पर बैठने से आंदोलन को ''गति'' मिली और वांगचुक इस आंदोलन के नेतृत्वकर्ता हो जाते हैं। प्रारंभ में आंदोलन मात्र तीन चार हजार लोगों तक ही सीमित रहा।

5 सोनम वांगचुक की तबीयत बिगड़ने पर 16 जुलाई को एक याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर की आती है, जिसमें ''चिकित्सा हस्तक्षेप'' की मांग की गई। तथापि इसे ''शंका की निगाहों'' से देखा जाता है।

5 ''अस्पताल में भर्ती''।

वांगचुक की तबियत बिगड़ने से 18 जुलाई को अचानक सुबह 6.00 बजे पुलिस द्वारा उन्हें सफेद चादर में लपेटकर सफ्दरजंग अस्पताल में भर्ती किया गया। इससे आंदोलन को और तीव्र गति मिलती है। 21 जुलाई को सोनम की पत्नी गीतांजलि की याचिका पर न्यायालय के आदेश से वांगचुक को निजी अस्पताल मेदांता में स्थानांतरित किया गया।

6 ''राजनेताओं का प्रवेश''।

19 जुलाई को 20 तारीख को प्रारंभ होने वाले संसद के घेराव का ऐलान। विपक्षी दलों के नेतागण, फिल्म हस्तियां व अन्य सेलिब्रिटीज धरना स्तर पर आकर सोनम वांगचुक से मिलते हैं। अरविंद केजरीवाल, मनोज झा, कीर्ति आजाद, प्रशांत भूषण, स्वरा भास्कर, कुणाल कामरा, प्रकाश राज आदि।

7 ''बल प्रयोग''।

दिल्ली में पहली बार किसी आंदोलन पर ''पैलेट गन'' का इस्तेमाल रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) ने किया। साथ ही सादे कपड़े में पुलिस वाले लाठियां ''भूंज'' रहे थे।

8 ''पुनः नेतृत्व परिवर्तन''।

अचानक 21 जुलाई को राहुल गांधी की नेतृत्व में कांग्रेस सहित विपक्ष के सांसद गण प्रधानमंत्री आवास के सामने पहुंचकर धरने पर बैठ जाते हैं और इस प्रकार चल रहा आंदोलन का नेतृत्व छणिक राहुल गांधी के हाथों में आ जाता है। तत्पश्चात आंदोलन, युवा शक्ति व नागरिकों के हाथों में आ जाता है।

इस प्रकार आंदोलन में ''तीन बार'' उपरोक्तानुसार नेतृत्व परिवर्तन होने के बावजूद नेतृत्व किसी ''रजिस्टर्ड नेता'' के हाथ नहीं जाता है, जो आंदोलन को अपने आप में ऐतिहासिक बना देता है।

''आंदोलन के दो ''अंतराल''- दो रूप''।

भाजपा को इस आंदोलन को दो अंतराल के दो रूप को देखकर उसके ''अंतर'' को समझना होगा। प्रारंभिक चरण में 20 जुलाई के लाठी चार्ज से पहले तक आंदोलन देशव्यापी होने के बावजूद विशुद्ध रूप से विपक्षी दलों का रहा, जिसमें सामान्य निष्पक्ष नागरिकों की भागीदारी ''अल्प'' थी। लेकिन लाठी-चार्ज धक्का मुक्की, लडकियों के साथ दुर्व्यवहार के वीडियो वायरल होने पर भाजपा का बड़ा समर्थक वर्ग, जो अभी तक ''कॉकरोच आंदोलन'' में शामिल नहीं था और जो श्री राम मंदिर चढ़ावा कांड से भी बहुत नाखुश नहीं हुआ था, वह भी विचलित होकर आंदोलन में शामिल हो गया। इसका एक संकेत ''जोमैटो'' ''स्विगी'' कम्पनी द्वारा देश भर से जंतर-मंतर तक इतनी मात्रा में खाना पहुंचाया गया कि आंदोलनकर्ताओं को मना करना पड़ा। आंदोलनों के इतिहास में यह पहली बार हुआ। सामान्यतः ऐसी व्यवस्था स्थानीय स्तर पर ही होती रही हैं।

आंदोलन के परिणाम! खाता-बही! क्या खोया-क्या पाया?

कुछ मिथक टूटे। कुछ नए बने।

''पाया''।

1 डिजिटल जनक्रांति। जमीन पर अभी तक कोई संगठन नहीं? न ही बनाने के कोई संकेत?

2 विश्व के इतिहास में पहली बार इंस्टाग्राम पर सफल आंदोलन का आह्वान। 2 करोड़ 80 लाख लोगों का समर्थन। प्रधानमंत्री की अपील से ज्यादा रिस्पांस।

3 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी ''इंस्टाग्राम'' का अधिक उपयोग करने लग गये।

4 राजनाथ सिंह का कथन ''एनडीए सरकार में इस्तीफे नहीं होते हैं,'' यह मिथक टूटा।

5 अभिजीत के भारत में एयरपोर्ट पर उतरते ही रेड कारपेट जैसा स्वागत कर उनके हाथों में जंतर मंतर पर प्रदर्शन आंदोलन की अनुमति देना अभूतपूर्व। स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा शायद पहली बार।

बस्तर में उच्च शिक्षा की नई भोर

विष्णु प्रसाद वर्मा
(सहायक संचालक)

छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार के ऐतिहासिक सहयोग और राज्य सरकार के समर्पित प्रयासों से बस्तर संभाग में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। विशेषकर बस्तर के युवाओं को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और उन्हें मुख्यधारा में जोड़ने के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कई बड़े और बुनियादी कदम उठाए गए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार और प्रशासन द्वारा बस्तर के युवाओं को उच्च शिक्षा व आगे बढ़ने के लिए 'छू लो आसमान', 'ज्ञानगुड़ी' और 'हमर लक्ष्य' जैसी विशेष पहल चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं के जरिए स्थानीय विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग, आर्थिक सहायता और बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल रहा है।

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय को 100 करोड़ रुपए का अनुदान : बस्तर के युवाओं को विश्वस्तरीय और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से 'प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान' (PM-USHA) के अंतर्गत 'मेरु' (Multi Educational Research University- MERU) योजना के तहत शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर को 100 करोड़ रुपये का विशाल अनुदान प्रदान किया गया है। इस राशि का उपयोग विश्वविद्यालय में नवीन निर्माण, अधोसंरचना के उन्नयन, आधुनिक उपकरणों की खरीद तथा कार्यशाला, प्रशिक्षण, सेमिनार और कौशल विकास जैसे सॉफ्ट कंपोनेंट्स के लिए किया जाएगा। विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के व्यापक विस्तार के लिए 20 नए विभाग खोले गए हैं। शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए 200 शैक्षणिक तथा 165 अशैक्षणिक (कुल 365) पदों की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे अंचल के युवाओं को बेहतर मार्गदर्शन और पठन-पाठन का

वातावरण मिल सकेगा।

रोजगारोन्मुखी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों पर जोर

युवाओं को आत्मनिर्भर और रोजगार से जोड़ने के लिए विश्वविद्यालय में कई व्यावसायिक व आधुनिक पाठ्यक्रमों की अनुमति दी गई है। इसमें शारीरिक शिक्षा, फार्मेसी, विधि (Law) तथा 4 वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (ITEP - Integrated Teacher Education Programme) का संचालन शामिल है। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों में 'इनोवेशन महाकुंभ' जैसे आयोजनों से छात्रों में नई सोच और तकनीकी कौशल को बढ़ावा मिल रहा है।

कॉलेजों के अधोसंरचना विकास के लिए 65 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति : बस्तर अंचल में शासकीय महाविद्यालयों के ढांचागत विकास को मजबूती देने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 हेतु 65 करोड़ रुपये के कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इस राशि से कॉलेज भवनों, अतिरिक्त कक्षों, बाउंड्रीवाल तथा छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावासों का निर्माण कराया जाएगा।

जिला मुख्यालयों के प्रमुख कॉलेजों को 5-5 करोड़ का विशेष फंड : बस्तर संभाग के जिला मुख्यालयों में स्थित उच्च शिक्षा संस्थानों की अधोसंरचना तथा कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर को 5 करोड़ रुपए का अनुदान दिया गया है। इसी तरह शासकीय इंदरु केंवट कन्या महाविद्यालय, कांकेर को भी 5 करोड़ रुपए का अनुदान नवीन निर्माण, उन्नयन एवं उपकरण खरीदी हेतु स्वीकृत किया गया है।

नए शासकीय-अशासकीय महाविद्यालयों का शुभारंभ और सीटों में वृद्धि : विगत दो वर्षों में बस्तर जिले के दूरस्थ क्षेत्रों तक शिक्षा का प्रकाश फैलाने के लिए नगरनार और किलेपाल में 02 नए शासकीय महाविद्यालय शुरू किए गए हैं। साथ ही कंगोली (जगदलपुर) में एक अशासकीय महाविद्यालय खोलने की अनुमति भी दी गई है। युवाओं की बढ़ती मांग को देखते हुए महाविद्यालयों में सीटों की संख्या बढ़ाई जा रही है तथा नए संकाय व रोजगारोन्मुखी कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में उच्च शिक्षा का बजट 50% बढ़ाकर युवाओं के लिए बेहतर अवसर, आधुनिक सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे इन दूरगामी परिवर्तनों और बुनियादी सुधारों से बस्तर का युवा न केवल शिक्षित हो रहा है, बल्कि रोजगार और स्व-रोजगार के अवसरों के साथ क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देने के लिए तैयार हो रहा है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सीधे जाओ तो... भइया थोड़ा तिरछा जाओ कुछ बोलो तो... आप गलत बोल रहे भैया सफेद पहनो... भइया काला पहने काला पहने तो... सफेद रंग झक्कास है भइया साइकिल में जाओ... भइया बाइक में जानाचाही बाइक में जाओ.. भइया कार अंडा देगा क्या दाढ़ी बढ़ जाए तो... भइया कैसे दिख रहे दाढ़ी कट जाए तो.. दाढ़ी ही अच्छा दिख रहा था उफ्फ्मै नहीं आप सभी के जीवन में भयंकर ऐसे टाइप गुरु होते माफ करना "गुरु घंटाल" होते जो आपको बात बात में पिन चुभाते,आपकी बात काटते खूब छकाते खूब पकाते... चलो चलो.... उन सबको बधाई दे आए।

- शत्रुंजय तिवारी

एक मां जिसने अपनी अबोध बेटी के लालन-पालन के लिए अपने सपनों की आहुति दे दी, अपने आकांक्षाओं का परित्याग कर दिया, और एक बेटी जिसने अनुकंपा पर सरकारी नौकरी पाने के लिए अपनी ही मां की हत्या करवा दी उफ.. ये समय की कैसी विडंबना है। **- प्रियंका प्रियदर्शिनी**

जंतर मंतर के तद्दठु त से मुझे एक बहुत बड़ी सीख मिली है कि चाहे कितने ही बड़े स्कूल में पढ़ने भेजो या डॉक्टर इंजीनियर जैसे उच्च स्तर की पढ़ाई करवाओ अपने बच्चे को संस्कार सभ्यता अनुशासन और व्यावहारिकता मुझे स्वयं ही सिखाना होगा किसी यूनिवर्सिटी के भरोसे नहीं बैठा जा सकता जैसे उनके माँ बाप बैठ गए। **- अनु नेवटिया**

गरीब का दुआ लोगों को गाली लगती है, और अमीर की गाली भी लोगों दुआ लगती है। गरीब होना सबसे बड़ी गलती है ,अब दिल्ली की जंतर मंतर में गरीब लोग प्रोटेस्ट करने गए थे तो बड़े लोगों की भावनाएं आहत हो गई और बड़े लोग जो गरीब के साथ कर रहे है वह सब जायज है अब देखिए न कंगना जी ही बेटियों पर कैसे टिप्पणी कर रहे हैं। **- लक्ष्मी नारायण**

पति प्राणी बड़े अजीब होते हैंज पत्नी की हर ख्वाहिश पूरी कर देंगे, बस नोट देते समय उनकी आत्मा काँपने लगती है! पति का प्यार अनलिमिटेड होता है, लेकिन पॉकेट मनी लिमिटेड! ?? पति इतने कंजूस क्यों होते हैं? क्योंकि उन्हें लगता है कि नोट भी परिवार के सदस्य हैं, जिन्हें घर से बाहर नहीं भेजना चाहिए!

- प्रीति श्रीवास्तव

पल दो पल तुम प्यार करो प्यार करो , इज़हार करो ज़ीस्त मिली छोटी यारो वक़्त नहीं बे-कार करो मिलने आया छत पर चाँद चलकर तुम दीदार करो यारो इश्क़ पे पहरा है इश्क़ नहीं अख़बार करो मिलकर रहो सभी भाई कभी नहीं तकरार करो क़ीमत समझो दिल की तुम दिल को मत बीमार करो दुश्मन को गले लगाओ आपस में मत मार करो 'ऐनुल' की यही नसीहत अपनी हद मत पार करो। - **'ऐनुल' बरौलवी**

मैंने पिछली पोस्ट पर लिखा कि सरकार को हुङ्ग जैसे प्लेटफॉर्म्स अंकुश लगाना चाहिए, फिल्मों पर सेंसर बोर्ड को ध्यान देना चाहिए कि उनमें अश्लील भाषा न हो। मैंने सरकार से मांग की है...सरकार से जवाब माँगा है, सरकार की गलती बताई है। लेकिन लोग पोस्ट पूरी पढ़ते नहीं और अपनी राजनीतिक कुंठा कमेंट्स में निकालने लगते हैं। नेताओं के भाषण बच्चे नहीं सुनते, वे फिल्मों से प्रभावित होते हैं...इतनी सी बात जिन्हें समझ नहीं आती उन्हें कुछ भी समझाना व्यर्थ है।

- ममता लड़ीवाल

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन अकस्मात लाभ की प्राप्ती कराएगा लेकिन ध्यान रखें लापरवाही से कार्य करने पर आज जो विचार में नही रहेगा वह घटना घट सकती है।

वृषः आज के दिन सार्वजिनक कार्यो आपका महत्त्वपूर्ण योगदान स्वयं के साथ परिजनों का भी मान बढ़ाएगा किसी अपरिचित से कहासुनी भी हो सकती है धैर्य से काम लें। धन लाभ आवश्यकतानुसार होगा।

मिथुनः आज का दिन शुभफलदायक रहेगा। दिन के पूर्वार्ध और अंत मे शुभ कर्म के लिये प्रेरित होंगे घर मे मांगलिक आयोजन होने से नई ऊर्जा का संचार होगा।

कर्कः आज का दिन प्रतिकूल रहेगा खराब सेहत आज प्रत्येक कार्य मे बाधक बनेगी फिर भी जबरदस्ती कार्य करेंगे जिससे कम समय मे अधिक थकान बनेगी।

सिंहः आज परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी भाग्य का साथ भी मिलने से सोची हुई योजनाए निर्विघ्न पूर्ण कर सकेंगे। धार्मिक यात्रा एवं कार्यो में खर्च होगा।

कन्याः आज का दिन धन-धान्य में वृद्धि करने वाला रहेगा। दिन का आरंभिक भाग घरेलू व्यस्तता के कारण व्यावसायिक कार्यो से लाभ नही उठा सकेंगे।

तुलाः आज का दिन पूर्वार्ध में अस्त व्यस्त रहेगा लेकिन आज आपके सभी कार्य सही दिशा में आगे बढ़ेंगे मध्यान तक व्यक्तिगत अथवा अन्य कारणों से व्यवसायिक कार्यो में विलंब होगा।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिये विपरीत फलदायक रहेगा। परिवार के सदस्य आपसे अधिक सहयोग की अपेक्षा रखेंगे लेकिन टालमटोल करने पर घर का वातावरण खराब होगा।

धनुः आज के दिन आप अपनी कमियों को छुपाने का प्रयास करेंगे। लोगो के आगे अपनी बुद्धि चातुर्य का प्रदर्शन करेंगे बाहर से व्यवहारिकता लेकिन अंदर से ईर्ष्या और अहम की भावना रहेगी।

मकरः आज आपका मानसिक संतुलन स्थिर नही रहेगा असमंजस की स्थिति के कारण पल पल में निर्णय बदलेंगे इससे कार्य विलंब के साथ अन्य लोगो को परेशानी होगी।

कुंभः आज का दिन आशानुकूल रहने से दिन भर प्रसन्न रहेंगे आज आपकी दिनचार्य व्यवस्थित नही रहेगी फिर भी सौभाग्य वृद्धि के योग बनने से सभी तरह से खुशहाली मिलेगी।

मीनः आज का दिन बनते कार्यो में विघ्न खड़े करेगा। दिन का पहला भाग शांति से व्यतीत करेंगे।

QUIZ TIME

1. उत्तर-पश्चिमी भारत में फलने-फूलने वाले किस राजवंश के राजाओं की उपाधि 'देवपुत्र' थी?
2. वर्ष 1976 में बनी किस फिल्म के आधार में यह कहा गया है कि गुजरात के पांच लाख दुग्ध उत्पादकों ने इस फिल्म में वित्तीय सहायता प्राप्त की थी?
3. 'मेवाती और हाड़ौती' बोलियाँ हिंदी में किस वर्ग की बोलियाँ हैं?
4. भाषा के संदर्भ में महात्मा गाँधी ने किसका समर्थन किया?
5. माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली असम की पहली महिला कौन हैं?

उत्तरमाला- (1) कुषाण (2) मंथन (3) राजस्थानी (4) हिंदुस्तानी (5) [illegible]

RamaQuiz

कार्टून

पुलिस टीम पर हमला, 6 गिरफ्तार, अवैध कार्रवाई करने पहुंची थी पुलिस टीम

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के छुरा थाना क्षेत्र के डोंगरीपानी गांव में अवैध शराब के खिलाफकार्रवाई करने पहुंची पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। धक्का-मुक्की और मारपीट के बीच पुलिस को देर रात गांव से बाहर निकलना पड़ा। शुक्रवार सुबह अतिरिक्त पुलिस बल के साथ दोबारा कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार पुरुष, एक महिला और एक नाबालिग सहित कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को लंबे समय से गांव में अवैध शराब निर्माण और बिक्री की शिकायतें मिल रही थीं। सूचना पर पहुंची टीम का कुछ लोगों ने विरोध करते हुए हमला कर दिया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफशासकीय कार्य में बाधा, पुलिसकर्मियों से मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। वहीं ग्रामवासी बड़ी संख्या में थाने पहुंचे जिसे देखते हुए कोई अप्रिय घटना न हो करके बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात की गई थी। वहीं गरियाबंद पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने कहा है कि अवैध शराब कारोबार और पुलिस पर हमला करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

श्रावण के प्रथम दिन शुरू हुआ एक माह का महारूद्राभिषेक, विधायक परिवार करा रहा आयोजन

विधायक जनदर्शन कार्यालय परिसर में प्रतिदिन रुद्राभिषेक, हवन-पूजन व रामायण मंडली की प्रस्तुति होगी

महासमुंद/नवप्रदेश। श्रावण मास के शुभारंभ के साथ ही महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा लगातार 11वें वर्ष आयोजित किए जा रहे एक माह के महारूद्राभिषेक एवं हवन-पूजन महायज्ञ का गुरुवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। विशाल मेगा मार्ट परिसर के समीप स्थित विधायक जनदर्शन कार्यालय के पीछे आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में पहले ही दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और भगवान शिव के रुद्राभिषेक से पूरा वातावरण शिवमय एवं

भक्तिमय हो उठा।

प्रथम दिन सुबह 9 बजे वेदी पूजा के साथ अनुष्ठान की शुरुआत हुई। इसके पश्चात विभिन्न स्थानों से पधारे विद्वान पुरोहितों ने वैदिक विधि-विधान के साथ महारूद्राभिषेक संपन्न कराया। दोपहर करीब 12 बजे महाआरती के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। दिनभर चले धार्मिक अनुष्ठान में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

हर सोमवार होगा रुद्राक्ष वितरण

आयोजन की विशेषता के रूप में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के बीच पवित्र रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा। श्रावण मास के प्रथम सोमवार 3 अगस्त को रुद्राक्ष वितरण का शुभारंभ होगा। इसके बाद 10 अगस्त, 17 अगस्त और 24 अगस्त को भी प्रत्येक सोमवार श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष वितरित किए जाएंगे। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे श्रावण मास के पावन अवसर पर आयोजित महारूद्राभिषेक एवं हवन-पूजन में शामिल होकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद एवं पुण्यलाभ प्राप्त करें।

मां महामाया मंदिर में पूरे माह चलेगा रुद्राभिषेक

महासमुंद/नवप्रदेश। पावन श्रावण मास के आगमन के साथ धर्म नगरी महासमुंद पूरी तरह शिवभक्ति के रंग में रंग गई है। नगर की कुलदेवी मां महामाया मंदिर

में पूरे सावन माह तक भगवान शिव के रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन-अर्चना का आयोजन किया जा रहा है। यजमान श्रीमती सीतादेवी साहू, श्री मनोजकांत साहू एवं नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू परिवार की ओर से प्रतिदिन श्रद्धा, आस्था और वैदिक विधि-विधान के साथ रुद्राभिषेक संपन्न कराया जा रहा है। श्रावण मास के इस विशेष अनुष्ठान में प्रतिदिन सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से गूंजायमान हो रहा है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। नगर पुरोहित पंडित पंकज तिवारी के आचार्यत्व में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में भगवान शिव का जल, दूध, दही, घी, शहद एवं बेलपत्र से अभिषेक किया जा रहा है। रुद्र सूक्त, शिव तांडव स्तोत्र एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच धूप-दीप, शंख और घंटियों की मंगल ध्वनि से मंदिर परिसर शिवमय हो उठता है।

विधवा महिला के घर से 28 हजार रुपये नकद चोरी

धमतरी/नवप्रदेश। जिले के मगरलोड थाना क्षेत्र अंतर्गत धौराभाटा गांव में एक विधवा महिला के घर चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाकर घर में रखे 28 हजार रुपये नकद पार कर दिए। यह रकम महिला ने रबी फसल का धान बेचकर बचाई थी। घटना के बाद पीड़िता ने मगरलोड थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस के अनुसार पीड़िता संतोषी साहू ने हाल ही में रबी फसल का धान बेचकर 58 हजार रुपये प्राप्त किए थे। इसमें से 28 हजार रुपये उन्होंने घर की अलमारी में सुरक्षित रखे थे। बुधवार 29 जुलाई को वह रोज की तरह काम पर चली गई थीं। उनके दोनों बेटे भी घर से बाहर थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मकान के पीछे का दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश किया और अलमारी में रखी नकदी चोरी कर फरार हो गए। शाम को जब परिवार के सदस्य घर लौटे तो पीछे का दरवाजा टूटा मिला और अलमारी से नकदी गायब थी।

हिंसक प्रदर्शन के आरोपियों की बिना पूछताछ रिहाई जांच को करेगी प्रभावित

नीट प्रदर्शन पर सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश पर उठे सवाल, हिरासत में पूछताछ की वकालत

- **किशोर न्याय बोर्ड की प्रक्रिया अपनाने और डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित रखने की मांग**

महासमुंद/नवप्रदेश। नीट पेपर लीक मामले को लेकर हुए प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार 18 वर्ष से कम आयु एवं बिना आपराधिक रिकॉर्ड वाले प्रदर्शनकारियों की रिहाई संबंधी सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश पर महासमुंद के अधिवक्ता सुमीत सिंह ढिल्लो ने चिंता जताई है। उन्होंने न्यायालय के आदेश का सम्मान करते हुए कहा कि हिंसक घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए इस मामले में पुनर्विचार की आवश्यकता है। ढिल्लो ने जारी बयान में कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने जहां एक ओर नाबालिग प्रदर्शनकारियों की

रिहाई के निर्देश दिए हैं, वहीं नीट प्रदर्शन से जुड़े सीसीटीवी फुटेज, ड्रोन, बॉडीकैम और अन्य डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखने का आदेश भी दिया है। उन्होंने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि निष्पक्ष जांच के लिए डिजिटल साक्ष्यों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के दौरान 200 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए, बैरिकेड तोड़े गए और पुलिस पर हमले हुए। स्वयं सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी न्यायालय के समक्ष यह कहा कि घटनाओं में कुछ असामाजिक तत्व शामिल थे। ऐसे में सीधे रिहाई के बजाय सीमित अवधि के लिए हिरासत में पूछताछ की अनुमति दी जानी चाहिए, ताकि हिंसा की साजिश, फंडिंग और इसमें शामिल लोगों की भूमिका का खुलासा हो सके।

अधिवक्ता ढिल्लो का कहना है कि यदि हिरासत की अनुमति संभव न हो, तो कम से कम किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) की प्रक्रिया पूरी किए बिना सीधे रिहाई नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि नाबालिगों को पुलिस हिरासत से मुक्त कर 24 घंटे के भीतर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाए और अभिभावकों के आने तक ऑब्जर्वेशन होम में रखा जाए। इससे न्यायिक निगरानी, साक्ष्यों की सुरक्षा और जवाबदेही सुनिश्चित हो सकेगी।

उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ÷बल प्रयोग न करने÷ और ÷आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों को संरक्षण से बाहर रखने÷ की बात सराहनीय है, लेकिन किशोर न्याय बोर्ड की प्रक्रिया को दरकिनार करना बाल कल्याण के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं माना जा सकता। ढिल्लो ने स्पष्ट किया कि वे शांतिपूर्ण प्रदर्शन के संवैधानिक अधिकार के पक्षधर हैं, लेकिन हिंसा, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान और पुलिस पर हमले का किसी भी स्थिति में समर्थन नहीं किया जा सकता। उनका सुझाव है कि जिन मामलों में पुलिस पर हमले के प्रथम दृष्टया साक्ष्य मौजूद हैं, वहां सीमित हिरासत में पूछताछ की अनुमति दी जाए, जबकि अन्य नाबालिगों को किशोर न्याय बोर्ड की विधिक प्रक्रिया के माध्यम से राहत प्रदान की जाए।

उन्होंने केंद्र सरकार से भी आग्रह किया कि कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाले तत्वों के विरुद्ध दर्ज मामलों को वापस लेने पर विचार न किया जाए। उनका कहना है कि कानून का उल्लंघन करने वालों को संरक्षण मिलने से गलत संदेश जाएगा और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को बढ़ावा मिल सकता है।

बयान के अंत में अधिवक्ता सुमीत सिंह ढिल्लो ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सीसीटीवी, ड्रोन, बॉडीकैम और वायरलेस रिकॉर्ड सुरक्षित रखने के निर्देश का स्वागत करते हुए कहा कि इससे पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

न्यूज गैलरी

पुलिस टीम पर हमला, 6 आरोपी गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के छुरा थाना क्षेत्र के

डोंगरीपानी गांव में अवैध शराब के खिलाफकार्रवाई करने पहुंची पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। धक्का-मुक्की और मारपीट के बीच पुलिस को देर रात गांव से बाहर निकलना पड़ा। शुक्रवार सुबह अतिरिक्त पुलिस बल के साथ दोबारा कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार पुरुष, एक महिला और एक नाबालिग सहित कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को लंबे समय से गांव में अवैध शराब निर्माण और बिक्री की शिकायतें मिल रही थीं। सूचना पर पहुंची टीम का कुछ लोगों ने विरोध करते हुए हमला कर दिया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, पुलिसकर्मियों से मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। वहीं ग्रामवासी बड़ी संख्या में थाने पहुंचे जिसे देखते हुए कोई अप्रिय घटना न हो करके बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात की गई थी। वहीं गरियाबंद पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने कहा है कि अवैध शराब कारोबार और पुलिस पर हमला करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई जारी है।

ऑयल पाम की खेती से बदली किसानों की तकदीर

गरियाबंद/नवप्रदेश। छुरा विकासखंड के ग्राम कसहीबाहरा (बेहरामाड़ा) निवासी रामबरन वर्मा ने राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-

ऑयल पाम योजना के माध्यम से खेती, किसानी में नई पहल की है। उन्होंने वर्ष 2025-26 में नेचर कृषि फर्म समूह का गठन कर ऑयल पाम की आधुनिक खेती अपनाई। वर्मा के पास लगभग 20 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है। वे पहले धान के साथ अन्य फसलें उगाई जाती थीं। उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से ऑयल पाम योजना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने बोर खनन, फेंसिंग, ड्रिप सिंचाई तथा रख-रखाव अनुदान जैसी सुविधाओं का लाभ उठाया। उन्होंने ड्रिप सिंचाई तकनीक के साथ ऑयल पाम का रोपण किया और अंतरवर्ती फसलों के रूप में आम, शहतूत एवं सब्जियों की खेती शुरू की। इससे भूमि का बेहतर उपयोग हुआ साथ ही उन्हें अधिक मुनाफा होने लगा।

भारत स्काउट गाइड संघ बागबाहरा द्वारा किया गया पौधारोपण

बागबाहरा/नवप्रदेश। भारत स्काउट गाइड संघ बागबाहरा द्वारा पौधारोपण पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुखरीडबरी में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि अशोक अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष स्काउट गाइड महासमुंद ,अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष पंकज हरपाल विशेष अतिथि के रुप मे संघ के उपाध्यक्ष द्वय राजेश सोनी देवेश साहू व संघ के पदाधिकारी दानवीर शर्मा रूपेश तिवारी, मदन देवांगन पूर्व सचिव भीमसेन चंद्राकर भूषण लाल साहू , वीणा साहू,मयंक शर्मा आदी थे। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम पर अपने व्यक्तव्य में सेवानिवृत्त शिक्षक रूपेश तिवारी ने कहा कि बेशक पौधे लगाना नेक काम है। लेकिन सिर्फ़ पौधा लगाना ही काफ़ी नहीं है। पौधे की समुचित देखभाल भी की जानी चाहिए, ताकि वे वृक्ष बन सकें। आओ हम संकल्प ले कि आज जो पौधे लगा रहे है उसके आने वाले वर्ष उसी पौधों के जन्मदिन मनाएगे। ताकि एवं वर्ष तक सही देख भाल हो सके। देवेश साहू ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला,वृक्षारोपण हमारे जीवन और पर्यावरण के लिए बहुत आवश्यक है। इसके मुख्य लाभ शुद्ध हवा देना, वर्षा लाना और प्रदूषण कम करना हैं। अधिक से अधिक पेड़ लगाकर हम पृथ्वी को हरा-भरा और स्वस्थ रख सकते हैं। ब्लाक सचिव शेषनारायण साहू ने कार्यक्रम की संचालन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ स्काउट मास्टर व्यासनारायण बंजारे ,मनोज दीवान, मनोज चंद्राकर, हेमलता चंद्राकर,देव कुमार पटेल सुरेश दीवान ,लाडली यादव मधु सिरमौर , राधा चंद्राकर ,नुरेद्र साहू,आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

सेम्हराडीह के युवाओं ने थामा भाजपा का दामन, शिवरतन शर्मा ने दिलाई सदस्यता

भाटापारा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा, रीति-नीति तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं से प्रभावित होकर भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सेम्हराडीह के युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की.। किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आशीष टोडर एवं स्थानीय युवा नेता संदीप वर्मा के नेतृत्व में उपसरपंच अमरनाथ वर्मा,पंच दुकालू यादव, पूर्व उप सरपंच लेखराम ध्रुव, शैलेंद्र यादव, ओमप्रकाश ध्रुव, रामेश्वर ध्रुव, पोषण ध्रुव, विमल कन्नौज, किशन कन्नौज, विक्रम वर्मा, राकेश यादव, राजू पाल, आशीष यादव ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के निवास कार्यालय पहुंचकर सदस्यता ग्रहण की। शिवरतन शर्मा ने सभी नव प्रवेशी कार्यकर्ताओं को पार्टी का भगवा गमछा पहनाकर भाजपा परिवार में आत्मीय अभिनंदन किया।

अवैध शराब पर कार्रवाई करने पहुंची पुलिस टीम पर हमला, महिला समेत 6 गिरफ्तार

- **डोंगरीपाली में कार्रवाई के दौरान पुलिस को घेरकर मारपीट**

छुरा/नवप्रदेश। छुरा थाना क्षेत्र के अंतिम छोर स्थित ग्राम पंचायत मोगरा के आश्रित ग्राम डोंगरीपाली में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची स्पेशल क्राइम टीम एवं छुरा थाना पुलिस पर कथित रूप से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस का आरोप है कि कार्रवाई के दौरान टीम को घेरकर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई गई, गाली-गलौज की गई तथा पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की गई, जिससे कुछ जवान घायल हो गए। घटना के बाद गांव में देर रात तक तनाव का माहौल बना रहा। शुक्रवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में दोबारा कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक महिला, चार पुरुष और एक विधि से संघर्षरत बालक सहित छह लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

पुलिस के अनुसार गुरुवार के दिन शराब बिक्री की सूचना मिलने पर स्पेशल क्राइम टीम एवं

छुरा थाना की संयुक्त टीम डोंगरीपाली पहुंची थी। पुलिस टीम जैसे ही कार्रवाई शुरू करने लगी, तभी कुछ लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। आरोप है कि पुलिस जवानों को घेरकर उनके साथ धक्का-मुक्की, गाली-गलौज और मारपीट की गई। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि पुलिस टीम को तत्काल गांव से थाना से अतिरिक्त बल बुला कर मौहोल शांत कर वापस लौटना पड़ा। इस दौरान शासकीय कार्य बाधित होने के साथ पुलिसकर्मियों के घायल होने की भी जानकारी सामने आई है।

घटना के बाद शुक्रवार 31 जुलाई को जिला पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के बीच गांव में दोबारा दबिश दी। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पुलिस बल की दो बसों में जवानों को तैनात किया गया तथा छुरा थाना एवं डोंगरीपाली गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पहचान के आधार पर सुमित्रा नेताम, चुनेश्वर मरकाम सहित कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें एक महिला और दो विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है तथा उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बताया जा रहा है कि छह आरोपियों की गिरफ्तारी के दौरान कुछ ग्रामीणों ने थाना घेराव का प्रयास भी किया, लेकिन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाइश दी और कानून अपने हाथ में लेने के परिणामों से अवगत कराया। इसके बाद स्थिति सामान्य हुई तथा गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

बिजली बिल में बढ़ोत्तरी से लोगों में नाराजगी स्मार्ट मीटर के खिलाफ भी विरोध के स्वर

कुरूद/नवप्रदेश। बिजली बिल में हो रही बढोत्तरी से आम उपभोक्ताओं के साथ साथ व्यापारी वर्ग भी परेशान है। प्रदेश में बिजली की नई दरें लागू होने के बाद बिल में तरह तरह के सरचार्ज और पेनाल्टी लगाने से लोगों को दोगुना भुगतान करना पड़ रहा है। जिससे सरकार के प्रति लोगों में नाराजगी बढती जा रही है।

स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद व्यावसायिक डोमेस्टिक एवं कमर्शियल उपभोक्ताओं को मिल रहे अधिक बिजली बिल को लेकर विरोध के स्वर सुनाई पड़ रहें हैं। हर महीने आने वाले अनाप शनाप बिल से व्यापारियों और नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। कुरुद व्यापारी कल्याण संघ अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में रवि चंद्राकर, रफीक हलारी, युवराज देवांगन, धनेश बैस, सूरज देवांगन, बंटी देवांगन, राजकुमार साहू आदि व्यापारियों ने बिजली आफिस पहुँच कर बताया कि पिछले कुछ महीनों से बिजली विभाग द्वारा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भेजे जा रहे बिजली बिलों में भारी वृद्धि हुई है। उनका कहना है कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद स्थिति और

अधिक गंभीर हो गई है। कई दुकानों का मासिक बिजली बिल 24 हजार से 30 हजार रुपये तक पहुंच रहा है, जिससे व्यापार संचालन करना कठिन हो गया है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि बिजली बिल में भारी-भरकम पेनाल्टी भी जोड़ी जा रही है जिसके कारण उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उनका कहना है कि छोटे एवं मध्यम व्यापारियों के लिए इतने अधिक बिजली बिलों का भुगतान करना संभव नहीं है। व्यापारी संघ ने मांग रखी कि विभाग बढ़े हुए बिजली बिलों की समीक्षा कर उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करे तथा स्मार्ट मीटर और बिलिंग व्यवस्था से जुड़ी शिकायतों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करे।

यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो व्यापारियों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

इसी तरह श्रवण साहू, यशवंत, मूलचंद, धनसिंह, गणेश आदि घरेलू उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले ही काम-धाम में ठिकाना नहीं है, ऐसे में बिजली दरें मुसीबत का बड़ा कारण बन रही है। पहले हम 300 से 500 का बिल भरना पड़ता था अब 1000 से 1500 रुपये का बिल आ रहा है। कांग्रेसी नेता लेखराम साहू, नीलम चन्द्राकर, महिम शुक्ला भी जनता को हो रही परेशानी के लिए डबल इंजन की सरकार की गलत नितियों को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि भाजपा राज में नेता अधिकारी मस्त और जनता त्रस्त है। इसका जल्द समाधान नही निकला तो हमें सडक पर उतरना पड़ेगा। इस मामले में बिजली विभाग के सहायक अभियंता एसके. कोसरे ने बताया कि सभी उपभोक्ताओं को वास्तविक बिजली खपत के अनुसार भार अनुबंध कराना आवश्यक है। स्वीकृत भार से अधिक बिजली उपयोग किए जाने के कारण पेनाल्टी लग रही है।

कार्रवाई: राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा के दौरे से पहले पुलिस का दुरुपयोग, कांग्रेस ने कहा - सरकार डरी हुई है

नगरी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सुबह 5 बजे घर से उठाया

अपनी बात सरकार से नहीं करेंगे तो किससे करेंगे

नगरी/नवप्रदेश। प्रदेश के राजस्व मंत्री एवं धमतरी जिला प्रभारी मंत्री टंक राम वर्मा के नगरी दौरे से पहले पुलिस ने तानाशाही की सारी हदें पार कर दीं। आज सुबह करीब 5 बजे नगरी पुलिस ने नगर के विभिन्न वार्डों में जाकर कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं को उनके घरों से जबरन उठाया। इस कार्रवाई से पूरे अंचल में आक्रोश और हड़कंप का माहौल है। पुलिस द्वारा उठाए गए कार्यकर्ताओं में प्रमोद कुंजाम, अभिषेक बंजारे, राकेश नेताम, आकाश नेताम, लक्ष्य तिवारी, हिमांशु प्रजापति, भीषम यादव, अंकुश देवांगन* सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सीधा आरोप है कि जिला प्रभारी मंत्री के दौरे में जनता की समस्याओं और सरकार की नाकामियों को उजागर किया जाना था। इसी डर से सरकार ने पुलिस को आगे करके विपक्ष की आवाज दबाने का काम किया है।

सरकार डरी हुई है, इसलिए पुलिस का सहारा ले रही है

आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष ङ्मनोज साक्षीङ्घ ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह तानाशाही नहीं तो और क्या है? अपनी बात सरकार

से नहीं करेंगे तो किससे करेंगे? सरकार पूरी तरह डरी हुई है और आने वाले समय में कांग्रेस के डर से ही ये सब पुलिस को आगे करके करवा रही है। उन्होंने कहा लोकतंत्र में विरोध करना, सवाल पूछना अपराध नहीं है। लेकिन ये सरकार विपक्ष को खत्म करने पर तुली है। सुबह 5 बजे घर में घुसकर कार्यकर्ताओं को उठाना ये साबित करता है कि सरकार के पैरों तले जमीन खिसक गई है।

थाने पहुंचकर जताया विरोध

सूचना मिलते ही आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनोज साक्षी, नगरी ब्लॉक अध्यक्ष अनवर राजा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेंद्र सोनी, जिला कांग्रेस सचिव भरत निर्मलकर, अरविंद यादव, रुद्र प्रताप नाग, किशन गजेंद्र, भारत लहरे, नितिन पिंकी यदु, संत राम मारकाम, भावेश चांदनिया, लाकेश्वर साहू, योगेश मारकाम, गिरवार ध्रुव, उदित सोनी* सहित कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने साथियों से मिलने नगरी थानापहुंचे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को साफ कहा कि भविष्य में अगर इस तरह की तानाशाही दोहराई गई तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी।

साक्षी ने चेतावनी दी हम आगे भी मुखर रहेंगे। क्षेत्र की समस्या को उठाते रहेंगे। चाहे इसके लिए कुछ भी करना पड़े। जेल भेजना है तो भेज दो, लेकिन जनता के मुद्दों पर बोलना बंद नहीं करेंगे। राजस्व मंत्री का दौरा जनता के बीच जाने का कार्यक्रम है, इसे रोककर सरकार अपनी हार स्वीकार कर रही है।जनता में आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी पुलिस की इस कार्रवाई से नगरी की जनता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि एक तरफ सरकार लोकतंत्र की बात करती है और दूसरी तरफ विपक्ष को इस तरह कुचलने का काम करती है। कांग्रेस नेताओं ने साफकिया है कि यदि आगे भी पुलिस का दुरुपयोग कर कार्यकर्ताओं को परेशान किया गया तो जिले भर में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

कोसुममुडा के ग्रामीण गिरे पेड़ के सहारे पार कर रहे बाढ़ का नाला

मैनपुर/नवप्रदेश। विकासखंड मुख्यालय मैनपुर के राजापड़ाव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अड़गड़ी के आश्रित ग्राम कोसुममुडा के ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव का सामना कर रहे हैं। गांव के पास स्थित नाले पर पुलिया नहीं होने के कारण ग्रामीण बरसात के दिनों में गिरे हुए पेड़ के सहारे जान जोखिम में डालकर नाला पार करने को मजबूर हैं। तेज बहाव के दौरान यह रास्ता बेहद खतरनाक हो जाता है, जिससे हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 15 से 20 वर्ष पहले वन विभाग के तौरेंगा परिक्षेत्र द्वारा इस नाले पर रपटा का निर्माण कराया गया था, लेकिन निर्माण के दौरान ही बरसाती पानी के तेज बहाव से वह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद आज तक उसकी मरम्मत या पुलिया निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। परिणामस्वरूप ग्रामीणों, विद्यार्थियों और किसानों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।।

शराब के नशे में दो भाइयों ने युवक को डंडे से पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना थाना क्षेत्र में शराब के नशे में गाली-गलौज और मारपीट करने वाले दो सगे भाइयों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम गौरटेक निवासी दीपक बरिहा 29 जुलाई को अपने मित्र अमन दास के साथ बाइक से सामान लेने दुकान जा रहा था। इसी दौरान विनोद निर्मलकर और दिनेश निर्मलकर ने शराब के नशे में दोनों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

बताया गया कि दुकान से लौटते समय भी दोनों आरोपियों ने फिर से अभद्रता की। विरोध करने पर आरोपियों ने डंडे से हमला कर दीपक और उसके साथी की पिटाई कर दी। पीड़ित की रिपोर्ट पर बसना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) एवं 351(3) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

गाली देने से रोका तो दो लोगों से मारपीट, तीन आरोपियों पर जुर्म दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना थाना क्षेत्र के ग्राम मनकी में गाली-गलौज का विरोध करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। विरोध करने पर तीन आरोपियों ने दो लोगों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 29 जुलाई की शाम करीब छह बजे ग्राम मनकी स्थित पानी टंकी के पास परमानंद सिदार, जितेंद्र सिदार और शंभू यादव गाली-गलौज कर रहे थे। इसी दौरान महेंद्र तांडी ने उन्हें ऐसा करने से मना किया, जिससे नाराज होकर तीनों ने महेंद्र के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। बीच-बचाव करने पहुंचे ग्राम लाटादादर निवासी समीर चौहान के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर धारा 115(2), 296, 3(5) एवं 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ई-स्कूटी से महुआ शराब की तस्करी, 15 लीटर शराब के साथ युवक गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा पुलिस ने अवैध रूप से महुआ शराब का परिवहन कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त की है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत तीन हजार रुपये बताई गई है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली थी कि राजासेवैया की ओर से पिथौरा आ रहा एक युवक इलेक्ट्रिक स्कूटी में अवैध महुआ शराब लेकर जा रहा है। सूचना पर घेराबंदी कर पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 15 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

झोपड़ी में महुआ शराब बेचते युवक को दबोचा, 10 लीटर शराब जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने खटखटी ओवरब्रिज के पास झोपड़ी में अवैध महुआ शराब की बिक्री कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब दो हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि खटखटी रोड ओवरब्रिज के पास स्थित झोपड़ी में तिलकपुर निवासी डिगेश्वर रात्रे (24) अवैध रूप से महुआ शराब बेच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त की। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

शहीद उदय मुदलियार की जयंती पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

महासमुंद/नवप्रदेश। झीराम घाटी नक्सली हमले में शहीद हुए पूर्व विधायक उदय मुदलियार की जन्म जयंती पर शुक्रवार को स्थानीय कांग्रेस भवन में शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा दो मिनट का मौन रखकर उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

नगरी में कुछ दिनों पहले बारिश बाद एनीकट से मिला धनराज का शव, दो अन्य अब भी लापता अभी नहीं मिला

9 वर्षीय मासूम और एक अन्य युवक की तलाश जारी, पूरे क्षेत्र में चिंता का माहौल

नगरी/नवप्रदेश। नगरी ब्लॉक में लगातार हो रही बारिश के बीच सामने आई तीन गुमशुदगी की घटनाओं में गुरुवार को एक दुखद मोड़ आया। साहनीखार एनीकट में मछली पकड़ने के दौरान तेज बहाव में लापता हुए धनराज तेता (48) का शव लगातार दो दिन की तलाश के बाद एनडीआरएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने बरामद कर लिया। वहीं फरसिया निवासी गुलाल पहरिया (35) और सिरसिदा गांव के 9 वर्षीय निकेतन साहू का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। दोनों की तलाश लगातार जारी है।

लगातार बारिश के कारण उफनते नदी-नालों के बीच एक ही दिन तीन लोगों के लापता होने की घटनाओं ने पूरे नगरी-सिहावा क्षेत्र को झकझोर दिया था। परिजनों ने पहले करीब 40 घंटे तक अपने स्तर पर खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर सिहावा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी।

दो दिन तक चला रेस्क्यू, एनडीआरएफ और पुलिस को मिली सफलता : घोटगांव निवासी धनराज अपने दो साथियों के साथ साहनीखार एनीकट में मछली पकड़ने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एनीकट में पानी का बहाव काफी तेज था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह तेज धारा में बह गया। साथियों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह देखते ही देखते पानी में ओझल हो गया।

घटना के बाद ग्रामीणों ने काफी देर तक तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में पुलिस और एनडीआरएफ की टीम ने लगातार दो दिनों तक रेस्क्यू अभियान चलाया। गुरुवार को संयुक्त अभियान के दौरान धनराज का शव बरामद कर लिया गया। शव मिलने के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

गुलाल पहरिया का अब भी नहीं मिला सुराग : इसी दिन फरसिया निवासी गुलाल पहरिया (35) भी साहनीखार एनीकट क्षेत्र में अपने साथियों के साथ मछली पकड़ने गया था। बताया गया कि वह नदी के दूसरे किनारे पर जाल डाल रहा था। कुछ देर बाद जब साथी लौटने लगे तो वह कहीं दिखाई नहीं दिया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस और स्थानीय लोग उसकी तलाश में जुटे हैं।

9 वर्षीय निकेतन का रहस्य बरकरार : सिरसिदा गांव का 9 वर्षीय निकेतन साहू रोज की तरह स्कूल से घर लौटा, बैग रखने के बाद शाम करीब पांच बजे घर से बाहर निकला, लेकिन वापस नहीं आया। परिजनों ने गांव, रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में लगातार तलाश की, फिर भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। मासूम के लापता होने से परिवार गहरे सदमे में है। प्रशासन की अपील लगातार हो रही बारिश से नदी-नाले और एनीकट उफान पर हैं। प्रशासन पहले से ही लोगों से जल स्त्रोतों से दूर रहने और अनावश्यक जोखिम नहीं उठाने की अपील करता रहा है। धनराज का शव मिलने के बाद भी दो लोगों के लापता रहने से पूरे क्षेत्र में चिंता का माहौल है।

मुख्य आरोपी तमिलनाडु के तंजावुर से गिरफ्तार

इंडियन ओवरसीज बैंक बेमेतरा में 14.50 करोड़ रुपये का घोटाला

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस टीम को बड़ी सफलता मिली है। इंडियन ओवरसीज बैंक शाखा बेमेतरा में 14 करोड़ 56 लाख 09 हजार 693 रुपये के आपराधिक षड्यंत्र, बेईमानी तथा बैंकिंग दस्तावेजों में जालसाजी के मामले में फरार मुख्य आरोपी को तंजावुर, तमिलनाडु से गिरफ्तार किया गया है।

क्या है पूरा मामला

वर्ष 2022 में प्रार्थी रज्जू पाटनवार, शाखा प्रबंधक, इंडियन ओवरसीज बैंक शाखा बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तत्कालीन बैंक प्रबंधक विनीत दास ने बैंक के नियमों का उल्लंघन करते हुए वित्तीय अनियमितता व अवैध रूप से खातों में धन राशि अंतरण कर बैंक के साथी आरोपी कमलेश सिन्हा, जोहन सिंह वर्मा, नागेश कुमार वर्मा एवं टीकाराम माथुर के साथ मिलकर आपराधिक षडयंत्र कर बैंक को लगभग 145609693.01 रुपये (चौदह करोड़ छप्पन लाख नौ हजार छह सौ तिरानवे रुपये) का चूना लगाया। क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने एवं परीक्षण करने पर प्रथम सूचना रिपोर्ट धारा 420, 409, 120बी, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी 01. कमलेश सिन्हा निवासी बेमेतरा, 02. जोहन सिन्हा निवासी केवातरा जिला बेमेतरा, 03. टीकाराम माथुर निवासी बिरमपुर थाना दाढ़ी जिला बेमेतरा, 04. नागेश वर्मा निवासी केवांदी जिला बेमेतरा को गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी थी।

मुख्य आरोपी झारखंड से तमिलनाडु भाग गया था

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज द्धलक्क अभिषेक शांडिल्य के सतत मॉनिटरिंग एवं पुलिस अधीक्षक स्क्कत्रिलोक बंसल के निर्देशन में एक टीम गठित की गई। थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक सोनल ग्वाला एवं स्टाफको आरोपी पतासाजी में लगाया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण के आरोपी विनीत दास पिता सुप्रभात दास उम्र 40 वर्ष निवासी मकान नं. 162 अशोक नगर पी. डोरंडा थाना अरगोड़ा जिला रांची झारखंड, हाल पदस्थापना इंडियन ओवरसीज बैंक क्षेत्रीय कार्यालय तंजावुर तमिलनाडु को 29.07.2026 को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर बेमेतरा लाया गया।उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक सोनल ग्वाला, सउनि जितेन्द्र कश्यप, आरक्षक पुरन भोसम कुम्हार सहित समस्त पुलिस स्टाफकी महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

बैंक की आंतरिक जांच में मिले 21 गंभीर अनियमितता

बैंक की आंतरिक जांच रिपोर्ट के अनुसार आरोपी विनीत दास द्वारा प्रणालियों व प्रक्रियाओं का घोर उल्लंघन किया गया। कुल खाता धारक 180 ॠह्वद्ग ॠह्य. 16,01,84,785.00 में निम्न अनियमितताएं पाई गई

1. कई मामलों में यूनिट है ही नहीं या यूनिट बंद थे। 2. एलएलसी ॠण में बहुत उच्च राशि की स्वीकृति, जो मास्टर परिपत्र का उल्लंघन है। 3. ग्राहक के हस्ताक्षर बिना खाते के बीच अनाधिकृत हस्तांतरण और एसएचजी खाते में बिना जानकारी के नकदी निकास। 4. कुटीर कार्पेट मेकेनाइज्ड सावधि ॠण में डीलर के खाते में राशि का हस्तांतरण, लेकिन सम्पत्ति उपलब्ध नहीं। 5. फर्जी जीएसटी नंबर और सप्लायर का वेरिफिकेशन नहीं किया गया। 6. उधारकर्ता की पात्रता ठीक से नहीं जांची गई, केसीसी में अधिक वित्तपोषित किया गया। 7. शाखा ने केवल अनुकूलन के उद्देश्य से विभिन्न ॠणों की स्वीकृति की। 8. ॠण प्रक्रियाओं को बदला और चुराया गया। 9. ग्रेड के अनुसार शाखा प्रबंधक की विवेकाधीन शक्तियों का उल्लंघन। 10. केसीसी ॠण में अनुमोदित मूल्यांकक से मूल्यांकन रिपोर्ट और कानूनी राय नहीं ली गई, पैनल के अधिवक्ता से राय नहीं ली गई। 11. केसीसी ॠण भूमि दस्तावेज में उल्लिखित फसल पैटर्न के अनुसार स्वीकृत नहीं, जिससे अतिरिक्त वित्तपोषण हुआ। 12. मत्स्य विभाग को झूठा सैद्धांतिक स्वीकृति पत्र जारी कर योगेंद्र साहू और दिलीप साहू को सात-सात लाख मत्स्य सावधि ॠण स्वीकृत बताया, लेकिन शाखा ने केसीसी में प्रत्येक को दस लाख रुपये मंजूर किए, यूनिट मौजूद नहीं। 13. मत्स्य ॠण सब्सिडी उपलब्ध होने के बावजूद केसीसी योजना के तहत ॠण दिया और सब्सिडी का दावा नहीं किया।

गुरु रविदास के समता संदेश से ही सशक्त और एकजुट होगा भारत: शिवरतन शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी की 650वीं जयंती वर्ष के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, भाटापारा शहर मंडल द्वारा संत रविदास वार्ड में ÷समरसता संकल्प अभियान÷ के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अच्छी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने गुरु रविदास जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात उन्होंने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए गुरु रविदास जी के जीवन और आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का संपूर्ण जीवन समता, सद्भाव, मानवता और सामाजिक न्याय की मिसाल है। उन्होंने 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' का संदेश देकर यह बताया कि कर्म और चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पहचान है। जाति, धर्म और ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटाकर एक समरस समाज की स्थापना करना ही गुरु रविदास जी का मुख्य उद्देश्य था।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकारें उसी समरसता के भाव को लेकर कार्य कर रही हैं। बिना भेदभाव के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक आवास,

शौचालय, गैस, बिजली, आयुष्मान और सम्मान पहुंचाने का काम हो रहा है। यही गुरु रविदास जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। शिवरतन शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस 650वीं जयंती पर हम सभी संकल्प लें कि गुरु रविदास जी के विचारों को घर-घर, गली-गली तक पहुंचाएंगे। समाज में व्याप्त भेदभाव को मिटाकर सामाजिक समरसता को सशक्त बनाएंगे। गरीब, वंचित और शोषित वर्ग की सेवा करना ही भाजपा का मूल मंत्र है और यही गुरु रविदास जी की शिक्षाओं का सार है। गुरु रविदास जी के आदर्श आज भी हमें एकता और भाईचारे के पथ पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर योगेश अनंत, आशीष जायसवाल, डॉ. मोहन बांधे, कुंजराम कौशले, शिव अनंत, बंटी टंडन, माखन महिलांगे, लाला साहू, सुरेश साहू, जयशंत सहित मंडल के पदाधिकारी, पार्षदगण, मोर्चों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, वार्डवासी उपस्थित थे।

गजानंद महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा में राष्ट्रीय सेवा योजना (ह्रस्र्) इकाई के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना, वीर सैनिकों के प्रति सम्मान तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना था।

कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता का विषय ÷कारगिल विजय दिवस : इतिहास, वर्तमान और भविष्य के लिए सीख÷ तथा भाषण प्रतियोगिता का विषय ÷राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका और राष्ट्रीय सुरक्षा÷ रखा गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं गंभीरता के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ए. आर. सी. जेम्स ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक ऐतिहासिक विजय का स्मरण नहीं, बल्कि देश के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, त्याग, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा जिम्मेदार, अनुशासित और जागरूक नागरिक बनकर देश के विकास एवं सुरक्षा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ।

प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के अद्वितीय शौर्य, बलिदान और राष्ट्र के प्रति समर्पण को भावपूर्ण शब्दों में श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए शिक्षा, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रीय एकता को सशक्त भारत की आधारशिला बताया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने कारगिल के अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान को स्मरण किया तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के प्रति सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया।

सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध निकाय की मुहिम

बच्चों द्वारा प्लास्टिक उपयोग नहीं करने की शपथ

डोंगरगांव नगर/नवप्रदेश। पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद डोंगरगांव द्वारा स्थानीय शासकीय आत्मानंद स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग नहीं करने एवं स्वच्छता बनाए रखने हेतु शपथ ली। स्कूल परिसर में आहुत संक्षिप्त कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी के द्वारा विद्यार्थियों को प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में प्लास्टिक के स्थान पर उपयोग किए जा सकने वाले अन्य विकल्पों के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताते हुए स्वच्छता अपनाने की अपील की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनम्र जेमा ने प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण, जीव-जंतुओं एवं मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कपड़े का थैला, जूट बैग, स्टील व कांच की बोतल जैसे विकल्प अपनाने पर जोर दिया। उक्त अवसर पर आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल के प्राचार्य बीएल देवांगन, वरिष्ठ व्याख्याता डीके कोठरी, आत्मानंद स्कूल के समस्त शिक्षकगण एवं नगर पालिका के कर्मचारीगण सहित समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

मयूर शिशु मंदिर उच्चतर मा. वि. में गुरु पूर्णिमा पर्व का हुआ आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। स्थानीय मयूर विद्यालय में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन धर्माचार्य एवं भागवत गीता के प्रवचन कर्ता पंडित झम्मन प्रसाद शास्त्री एवं नगर के वरिष्ठ साहित्यकार एवं शिक्षाविद बलदेव भारती तथा संस्था के प्राचार्य नंदलाल बाजपेई की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

मयूर शिशु मंदिर संचालन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अशोक बाजपेई (अध्यक्ष) रविंद्र जैन (उपाध्यक्ष) श्रवण अग्रवाल (सचिव) विजयमल (कोषाध्यक्ष) एवं वरिष्ठ सदस्य अखिलेश जिंदाणी ने अतिथियों का फल, पुष्प गुच्छ भेंट कर व शाल ओढ़ाकर सम्मान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथि शास्त्री जी ने छात्रों को संस्कारवान, संस्कृतिवान बनने गुरुजनों पर आस्था व उनके बताए मार्ग का अनुसरण करते हुए विद्यार्जन करने, गुरु जो कहे उसे परमात्मा की आज्ञा मानकर स्वीकार करने की प्रेरणा दी। शिक्षाविद भारती जी ने भी विद्यार्थियों को मोबाइल एवं सोशल मीडिया से दूर रहने, समय के साथ चलने, कर्तव्य पथ में अपनी पहचान बनाने पर जोर दिया । आगे उन्होंने कहा कि आपके जीवन के मूल्यवान 15 वर्ष समाप्त हो गए हैं, समय कम है, ऐसे में सन्मार्ग पर चलते हुए विकसित भारत की सेवा में यदि अपना योगदान दे सको तो सोने में सुहागा होगा, इसके लिए उन्हें शुभकामनाएं दी ।

सांसद संतोष पांडेय के प्रयासों से डोगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन को स्वीकृति

छुरिया/नवप्रदेश। वर्षों से लंबित डोंगरगढक्कटघोरा नई रेल लाइन परियोजना को आखिरकार स्वीकृति मिलने से पूरे राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में खुशी का माहौल है। रेल मंत्रालय एवं छत्तीसगढ़ शासन की संयुक्त बैठक में इस महत्वाकांक्षी परियोजना को हरी झंडी मिलने के बाद इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। सांसद मीडिया प्रभारी राधेश्याम शर्मा ने कहा कि यह सौगात राजनांदगांव सांसद श्री संतोष पांडेय के लगातार अथक प्रयासों, निरंतर अनुश्रवण और प्रभावी पहल का परिणाम है। उन्होंने बताया कि सांसद श्री पांडेय ने इस बहुप्रतीक्षित रेल परियोजना को स्वीकृति दिलाने के लिए समय-समय पर रेल मंत्रालय, केंद्र एवं राज्य सरकार के समक्ष क्षेत्र की

आवश्यकताओं को प्रमुखता से रखा, जिसके सकारात्मक परिणाम आज सामने आए हैं। उन्होंने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए सांसद श्री संतोष पांडेय, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू के प्रति क्षेत्रवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ कटघोरा रेल लाइन बनने से राजनांदगांव सहित पूरे क्षेत्र में औद्योगिक, व्यापारिक एवं सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी, आवागमन सुगम होगा तथा रोजगार और निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी।

नपं छुईखदान में मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

किरण गुप्ता अर्जुन महोबिया एवं राजू उईके ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

छुईखदान/नवप्रदेश। नगर पंचायत छुईखदान मे शुक्रवार को नवमनोनीत पार्षद एल्डरमैन किरण गुप्ता अर्जुन महोबिया एवं राजू उईके का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण मे संपन्न हुआ समारोह का आयोजन नगर पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष मे किया गया जहा एसडीएम अविनाश ठाकुर ने तीनो मनोनीत पार्षदो को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई इस अवसर पर नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरिराज किशोर सांसद प्रतिनिधि प्रेम नारायण चंद्राकर नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रकाश महोबिया, वरिष्ठ कांग्रेसी शैलेंद्र तिवारी पार्षद चंद्रेश कुंभकार संजू नेताम प्रेमपाल मनीष कोचर महेश नारकर घना देवांगन देवांगन विक्रांत चंद्राकर किशन सिलोटिया भीम महोबिया इशू दुबे भाजपा जिला महामंत्री नवनीत जैन रोशन चंद्राकर मंडल अध्यक्ष भावेश कोचर खैरागढ़ नगर पालिका अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर भाजपा महिला जिला अध्यक्ष उमा चौबे नीलिमा गोस्वामी पार्षद किरण

वैष्णव शिवकांति भट्ट सावित्री सोनी मिथिला देवी भट्ट छोटू गुप्ता पत्रकार संदीप महोबिया संजय शर्मा अशोक चंद्राकर सहित बड़ी संख्या मे जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे नगर पंचायत के कर्मचारी सोनू चंद्राकर टंडन पंकज चंद्राकर भूपेन्द्र चौबे मुकेश वैष्णव प्रत्यूष महोबिया सहित अन्य कर्मचारी जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण मे संपन्न हुआ तथा उपस्थित जनो ने नवमनोनीत पार्षदो को शुभकामनाए देते हुए उनके सफल एवं जनसेवा से परिपूर्ण कार्यकाल की कामना की।

सावन में शिवभक्तों के लिए अमरकंटक में भक्ति और सेवा का संगम

■ **उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर कावड़ यात्रियों के लिए नि:शुल्क भोजन, विश्राम और सेवा की व्यवस्था**

■ **500 कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं ने मृत्युंजय आश्रम में किया प्रसादी ग्रहण**

कवर्धा/नवप्रदेश। पवित्र सावन माह के अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर अमरकंटक स्थित मृत्युंजय आश्रम में कबीरधाम जिले सहित आसपास के कावड़ यात्रियों के लिए निःशुल्क सेवा प्रदान की जा रही है। सावन के पहले ही दिन 500 कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं ने मृत्युंजय आश्रम में प्रसादी ग्रहण किया। यह सेवा पूरे सावन माह तक संचालित किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए सुबह की चाय और नाश्ता, दोपहर एवं रात्रि का निःशुल्क सात्विक भोजन, विश्राम स्थल, पेयजल, स्वच्छ शौचालय एवं प्राथमिक चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। सेवा का संचालन उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है, जो कावड़ यात्रियों का पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ स्वागत एवं सेवा कर रही है। समिति के सदस्य लगातार यात्रियों की सेवा में लगे हुए हैं और उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सावन माह भगवान शिव की आराधना का महीना है और शिवभक्तों की सेवा करना वास्तव में शिव सेवा के समान है। उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा कठिन होती है और हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि श्रद्धालुओं को इस यात्रा में किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे पूरी आस्था और विश्वास के साथ अपनी भक्ति पूर्ण कर सकें।

गत वर्ष लगभग 80 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने इस सेवा का लाभ लिया था और इस वर्ष भी बड़ी संख्या में कावड़ यात्री अमरकंटक पहुँच रहे हैं। लगातार बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए सेवा केंद्र की व्यवस्थाओं का विस्तार भी किया गया है, ताकि किसी भी भक्त को असुविधा न हो। मृत्युंजय आश्रम स्थित यह सेवा केंद्र ना केवल भक्ति, बल्कि समाज सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदना का एक अनूठा उदाहरण बन चुका है। श्रद्धालु न केवल भगवान भोलेनाथ के दर्शन का लाभ ले रहे हैं, बल्कि सहजता, स्नेह और सहयोग का अनुभव भी कर रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री शर्मा के विशेष प्रयासों से खुड़िया और लमनी में लगभग 20-20 लाख रुपये की लागत से कांवड़ यात्रियों के लिए सुरक्षित पड़ाव के रूप में आधुनिक प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया है। सावन माह के दौरान कांवड़ियों की सुविधा और आपातकालीन चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के लिए पूरे श्रावण मास तक एक एंबुलेंस की विशेष व्यवस्था भी की गई है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर श्रद्धालुओं को तत्काल स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, हर चेहरे पर दिखा संतोष

कबीरधाम से आए सैकड़ों श्रद्धालु जैसे ही मृत्युंजय आश्रम पहुँचे, वहाँ सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। हर भक्त के चेहरे पर संतोष, श्रद्धा और कृतज्ञता का भाव झलक रहा था। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा का सहयोग से यह केंद्र एक भक्ति तीर्थ में तब्दील हो गया है।

न्यूज गैलरी

आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन 8 तक

बेमेतरा/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना बेरला अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर नियुक्ति प्रक्रिया के तहत जारी अनंतिम चयन सूची पर दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं मापदंडों के अनुसार अभ्यर्थी 8 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से अपना दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना बेरला ने बताया कि अभ्यर्थियों को दावा-आपत्ति निर्धारित अवधि के भीतर विभागीय वेबसाइट द्धह्लह्लश्चह्य://ड्ड12.द्न-ड्डद्धड्डह्लह्लद्ध.द्वठ्ठ/ पर आवश्यक दस्तावेजों सहित ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होगी। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।जारी सूचना के अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र डंगनिया (ब) 02, डोलीपारा, ग्राम पंचायत डंगनिया (ब) में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद के संबंध में अनंतिम सूची जारी की गई है। पात्र अभ्यर्थी सूची का अवलोकन कर आवश्यक होने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना दावा या आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग ने सभी संबंधित अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर विभागीय पोर्टल पर आवश्यक दस्तावेजों सहित ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर भर्ती प्रक्रिया में सहभागी बनें।

आज से डिग्री तथा 8 तक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन पंजीयन

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए डिग्री एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में अंतिम चरण के प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों में ऑनलाइन पंजीयन, काउंसलिंग कर प्रवेश का लाभ ले सकते हैं। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि डिग्री पाठ्यक्रमों में डेटा साइंस, वीएलएसआई एवं पावर सिस्टम शाखाओं में प्रवेश दिया जाएगा, जबकि डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन तथा कॉस्ट्यूम डिजाइन एंड ड्रेस मेकिंग शाखाओं में प्रवेश उपलब्ध है। डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए अंतिम चरण का ऑनलाइन पंजीयन 8 अगस्त तक तथा डिग्री पाठ्यक्रमों के लिए 1 अगस्त से 6 अगस्त तक किया जा सकेगा।

जिले में 352.3 मिलीमीटर औसत वर्षा

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में एक जून से आज तक 352.3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 350.5 मिलीमीटर, पंडरिया में 294.8 मिलीमीटर, बोड़ला में 312.7 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा में 268.0 मिलीमीटर, रेंगाखार में 365.0 मिलीमीटर, कुण्डा में 249.6 मिलीमीटर, पिपरिया में 474.1 मिलीमीटर और कुकदूर में 504.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 31 जुलाई की स्थिति में पिछले 24 घंटे में जिले में 18.6 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है।

स्वास्थ्य संबंधी कार्यों में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी : कलेक्टर मिश्रा

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। इसलिए स्वास्थ्य संबंधी कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नही की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा आज विकासखण्ड मुख्यालय गुरूर में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की।

इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न प्राथमिक एवं उपस्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य योजनाओं के बेहतर प्रगति एवं उत्कृष्ट कार्यों की सराहना भी की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी को बेहतर कार्य करने वाले स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को 15 अगस्त को जिला मुख्यालय बालोद में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित करने हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुनील चंद्रवंशी, सीएमओ डॉ. जेएल उइके, मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरके श्रीमाली, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने गुरूर विखं में टीबी मुक्त अभियान के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को गुरूर विकासखण्ड को टीबी मुक्त बनाने के पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने संदेहस्पाद व्यक्तियों का सैम्पल कलेक्शन आदि कार्यों की जानकारी लेते हुए इसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। सभी सामुदायिक, प्राथमिक एवं उपस्वास्थ्य केन्द्रों में अधिकारी-कर्मचारियों के कुल स्वीकृत पद के विरूद्ध वर्तमान में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों के संख्या के संबंध में भी जानकारी ली।

डीबीटी के माध्यम से 1802 के खातों में 3.43 करोड़ अंतरित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित श्रमिक सम्मलेन एवं श्रम विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को राशि वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के तहत 1802 हितग्राहियों को 3.43 करोड़ की राशि डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में हस्तांतरित किया। जिसमें छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत 1267 हितग्राहियों को 2 करोड़ 39 लाख 94 हजार 470 रूपए तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल अंतर्गत 535 हितग्राहियों को 1.3 करोड़ डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में हस्तांतरित किया। मिनीमाता महतारी जतन योजना अंतर्गत 471 हितग्राहियों को 94.20 लाख, सीएम नोनी सशक्तिकरण के 260 हितग्राहियों को 52 लाख, सीएम नानी बाबू मेघावी शिक्षा प्रोत्साहन के 31 हितग्राहियों को 2.62 लाख , दीदी ई-रिक्शा सहायता के 2 हितग्राहियों को 2.73 लाख, सीएम निर्माण मजदूर कौशल विकास परिवार सशक्तिकरण के 42 हितग्राहियों को 7.3 लाख, सीएम निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता के 64 हितग्राहियों को 64 लाख, सीएम नौनिहाल छात्रवृत्ति के 351 हितग्राहियों को 8.15 लाख सहित अन्य का वितरण किया गया।

दीपक बैज के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

■ **विपिन यादव ने दी बधाई, जिले के संगठनात्मक कार्यों पर हुई चर्चा**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नई दिल्ली में आयोजित समीक्षा बैठक में बेहतर संगठन निर्माण एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस कनेक्ट सेंटर की रिपोर्टिंग के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी को पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के रायपुर आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के अध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों ने रायपुर विमानतल पहुंचकर उनका आत्मीय स्वागत किया तथा इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव के साथ राहुल तिवारी, चुम्मन साहू, डॉ. प्रकाश शर्मा, अमित अग्रवाल, मनोज सिन्हा, राजू राजपूत, राजील कुरैशी, आकिल मेमन एवं आरिफ खान सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे। विमानतल पर प्रदेशभर से पहुंचे कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष बैज का जोरदार स्वागत किया। स्वागत उपरांत सभी नेता प्रदेशाध्यक्ष बैज के साथ उनके निवास पहुंचे। चर्चा के दौरान अध्यक्ष विपिन यादव ने प्रदेश अध्यक्ष को जिले की संगठनात्मक स्थिति, जिला कांग्रेस कमेटी की गतिविधियों, कार्यों एवं आगामी कार्यक्रमों से अवगत कराया। प्रदेशाध्यक्ष बैज ने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने, जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहने, जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन की ताकत मानते हुए पूरी निष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण के साथ कार्य करने का मार्गदर्शन दिया। यादव ने कहा कि प्रदेशध्यक्ष बैज के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ कांग्रेस निरंतर संगठनात्मक रूप से मजबूत हो रही है। उनके नेतृत्व, वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का ही परिणाम है कि आज छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी को पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव हासिल हुआ है। यह उपलब्धि प्रदेश के प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता के लिए गर्व का विषय है तथा आने वाले समय में संगठन को अधिक मजबूती प्रदान करेगी।

अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, पति ने की हत्या

कवर्धा/सहसपुर लोहारा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले की सहसपुर लोहारा पुलिस ने एक सनसनीखेज अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने वाला पति ही हत्या का आरोपी निकला। पुलिस की गहन जांच और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में पूरे मामले का खुलासा हुआ। आरोपी ने चरित्र शंका के चलते अपनी पत्नी की ईंट और सीएफएल बल्ब से हमला कर निर्मम हत्या करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 16 जुलाई को ग्राम सिंगारपुर निवासी द्रोणाचार्य वर्मा ने थाना सहसपुर लोहारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पत्नी किरण वर्मा सुबह खेत जाने के बाद वापस नहीं लौटी। शाम को सूचना मिली कि वह ईश्वर वर्मा के खेत स्थित ट्यूबवेल के पीछे गंभीर हालत में पड़ी है। मौके पर पहुंचने पर महिला के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें मिलीं तथा घटनास्थल से ईंट और खून के निशान बरामद हुए। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना लोहारा पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर फोरेंसिक जांच कराई तथा साइबर सेल के साथ संयुक्त टीम गठित कर जांच शुरू की। पूछताछ के दौरान द्रोणाचार्य के बयान लगातार बदलते रहे, जिससे पुलिस को उस पर संदेह हुआ। सख्ती से पूछताछ करने पर अपराध स्वीकारा। आरोपी ने बताया कि वह अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था और इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। घटना वाले दिन विवाद बढ़ने पर उसने पहले ईंट से पत्नी के सिर पर हमला किया, घसीटकर ट्यूबवेल पंप हाउस के पीछे ले जाकर सीएफएल बल्ब के टूटे हुए कांच तथा ईंट से वार कर हत्या कर दी।

प्राकृतिक आपदा, बाढ़ से बचाव के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर कबीरधाम जिले में प्राकृतिक आपदा, बाढ़ से बचाव के लिए जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष में चैबीस घंटे कर्मचारियों की तैनाती की गई है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07741-232038 है। यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्य करेगा। तैनात कर्मचारी किसी भी आपात स्थिति में नोडल अधिकारी बाढ़ एवं आपदा नियत्रंण, डिप्टी कलेक्टर सुश्री रूचि शार्दुल को 9755903272 पर तत्काल सूचित करेंगे।

नाम/परिवर्तन

मैं तिलेश्वरी (पिता मुरारी) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) ध.प. रमेश कुमार साहू, निवासी ग्राम मोहलाई, चौरेल तह. अर्जुन्दा जिला बालोद (छ.ग.) ने अपना नाम तिलेश्वरी (पुराना नाम) से बदल कर तीलेश कुमारी (TILESH KUMARI) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
तिलेश्वरी पिता मुरारी
ध.प. रमेश कुमार साहू
निवासी- ग्राम मोहलाई, चौरेल तह. अर्जुन्दा जिला बालोद (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202607103800032 /114/अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक सीमा घाटा पति अपूर्वा घाटा निवासी गया नगर दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट कं. 29 सी प्लाट नं. 37 क्षेत्रफल 112 वर्गमीटर नजूल भूमि धारक संजीव शर्मा आ0रमाकांत के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त नजूल भूमि शीट कं. 29 सी प्लाट नं. 37 क्षेत्रफल 112 वर्गमीटर भूमि पंजीकृत बैनामा दिनांक 01.07.2026 द्वारा आवेदक सीमा घाटा पति अपूर्वा घाटा को विक्रय किया है, जिस पर केता कय पश्चात काबिज है। आवेदक द्वारा उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर कयशुदा भूखण्ड से विक्रेता/धारक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.08.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.07.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं चन्द्रिका (पिता मुरारी) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) ध.प. अमिताभ, निवासी- ग्राम कोलिहामार पो. व तह. गुरूर जिला बालोद (छ.ग.) ने अपना नाम' चन्द्रिका (पुराना नाम) से बदल कर लोकेश्वरी बाई साहू (LOKESHWARI BAI SAHU) (त्तया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
चन्द्रिका पिता मुरारी
ध.प. अमिताभ
निवासी- ग्राम कोलिहामार पो. व तह. गुरूर जिला बालोद (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं वर्षा अग्रवाल (माता/पिता/पालक का नाम) ध.प. शुभम गुप्ता, निवासी- वार्ड नं.-17, महिमा अस्पताल के पास, कादम्बरी नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) राज्य ने अपने नाबालिक सुपुत्र अयान अग्रवाल (AYAAN AGRAWAL) (पुराना नाम) से बदल कर अयांश अग्रवाल (AYANSH AGRAWAL) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
वर्षा अग्रवाल ध.प. शुभम गुप्ता,
निवासी-वार्ड नं.-17, महिमा अस्पताल के पास, कादम्बरी नगर दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104800204

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी आशा शंकर पाटणकर पिता/पति शंकर विट्ठल पाटणकर पता, प्रवीर शंकर पाटणकर पिता/पति शंकर विट्ठल पाटणकर पता स्मृति नगर भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1099/2(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता प्रवीर शंकर पाटणकर पिता/पति शंकर विट्ठल पाटणकर पता स्मृति नगर भिलाई, संध्या प्रकाश ओक पिता/पति स्व. शंकर विट्ठल पाटणकर पता लक्ष्मी नगर रिसाली भिलाई, विश्वास शंकर पाटणकर पिता/पति स्व. शंकर विट्ठल पाटणकर पता लक्ष्मी नगर रिसाली भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14.08.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 31.07.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202607100700124 /अ-74/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुलाबबती पिता/पति गुलाब सिंह पटेल निवासी ग्राम बैजनाथ पारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 486/3 रकबा 0.020 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.07.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.07.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

बी.एससी. नर्सिंग रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट गुम हो जाने की सूचना

सार्वजनिक सूचना मेरा (chhattisgarh Nurses Ragistration Council, Raipur) द्वारा जारी (B.sc Nursing & Midwifery Registration Certificate) दिनांक 30/05/2026 को कहीं गुम हो गया है। नाम अंजली खेस्स पंजीयन क्रमांक (Registration NO.): LXXXIV-28265) इस संबंध में मैने संबंधित थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। यदि किसी व्यक्ति को यह प्रमाणपत्र मिले तो कृपया निम्न मोबाइल नम्बर पर संपर्क करें। मो. नं- 9644111809

सूचनाकर्ता
अंजली खेस्स

नाम/परिवर्तन

मै (RUKDHAR) पिता पारकीता (PARKITA)। (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/ सुपुत्री/पत्नि/पिता पारकीता (PARKITA) पता-290/ के, भिलाई नगर, मौहारी मरोदा भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम (RUKDHAR) (पुराना नाम) से बदल कर (RUKDHAR SAGAR) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
रुखदार पिता पारकीता
पता-290/ के, भिलाई नगर,
मौहारी मरोदा भिलाई
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मै अजय कुमार मोदी पिता श्री डोमन मोदी उम्र 38 वर्ष निवासी-वार्ड नंबर-21, सिंधिया नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने नाबालिग सुपुत्र का नाम सोनी कुमार मोदी (SONI KUMAR MODI) (पुराना नाम) से बदल कर सनी कुमार मोदी (SANI KUMAR MODI) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
अजय कुमार मोदी
पिता श्री डोमन मोदी
निवासी-वार्ड नंबर-21,
सिंधिया नगर दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104100146

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी वेदकुमारी यादव पिता/पति केजूराम पता कसारीडीह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 725/46(0.0040) में प्रस्तावित भूमिस्वामी रश्मि यादव पिता केतूराम यादव पता केलाबाड़ी शास्त्री चौक दुर्ग, गिरीश यादव पिता केतूराम यादव पता केलाबाड़ी शास्त्री चौक दुर्ग, रेणु यादव पिता केतूराम यादव पता वार्ड 41 शंकर नगर महासमुंद के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.08.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.07.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
कार्यालय सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)
आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अभिनय मार्टिन आ.स्व.बी.एस. मार्टिन, निवासी- एच.आई.जी.- I/258 विवेक विहार बोरसी जिला-दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा भवन क्रमांक एच.आई.जी.- I/258 विवेक विहार बोरसी, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी श्री अभिनय मार्टिन की मृत्यु दिनांक 31.05.2026 को हो चुकी है आबंटी के मृत्यू उपरान्त उनके वारिस/वारिसानों श्रीमती डॉ. ऋचा मार्टिन पति स्व. अभिनय मार्टिन ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक एच. आई.जी.- I/258 विवेक विहार बोरसी, जिला दुर्ग (छ.ग.) को श्रीमती डॉ. ऋचा मार्टिन के नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. अभिनय मार्टिन, के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा।

अतः श्रीमती डॉ. ऋचा मार्टिन के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 29.07.2026 को जारी किया गया।

सम्पदा अधिकारी
छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

आम/सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती शमीम खान पति अब्दुल गफूर खान, निवासी मदरसा के.जी.एन. के सामने, राम नगर, वार्ड नं. 17, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) ने गजानंद वर्मा आ. चिंता राम वर्मा से एक जमीन, जिसका खसरा 52/2 का टुकड़ा, रकबा 0.016 हेक्टयर = 1748 वर्गफीट जो कि ग्राम मोतीपुर, प.ह.नं. 46, रा.नि.म. मोतीपुर, मोहल्ला रामनगर, महात्मा गांधी वार्ड, वार्ड नं. 7, ब्लाक, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.), संपत्ति नगर पालिक निगम अंतगर्त में स्थित है, रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 05.09.2017 के तहत क्रय किया था। उक्त संपत्ति को गजानंद वर्मा आ. चिंता राम वर्मा ने आशीम अली आ. स्व. शमशेर अली से रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 06.06.2011 के तहत क्रय किया था। उक्त बयनार्मा (आशीम अली आ. स्व. शमशेर अली व गजानंद वर्मा आ. चिंता राम वर्मा) मेरी पक्षकारा से गुम हो गया था। इस बाबत् मेरी पक्षकारा द्वारा दिनांक 08.07.2026 को पुलिस थाना में शिकायत प्रस्तुत की जा चुकी है। अत: किसी व्यक्ति को उपरोवर्णित मूल रजिस्टर्ड बयनांमा दिनांक 06.06.2011 अगर कहीं भी किसी भी प्रकार से प्राप्त होता है तो वे मेरे कार्यालय में आकर मुझे या मेरे स्टॉफ को सुपुर्द करने का कष्ट करें। आगे किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय व अर्धशासकीय निकाय, कंपनी, निगम, ग्राम पंचायत, साहूकार, फर्म आदि को किसी भी कारण उक्त मूल रजिस्टर्ड बयनामा से कोई भी दावा आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 14 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर लिखित में दावा आपत्ति दर्ज करावे। समयावधि में आपत्ति नहीं होने पर मेरे पक्षकार अग्रिम कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगा। अस्तु सूचना जाने।

शुभ्रो चक्रवर्ती अधिवक्ता
वास्ते अश्विनी सिंह एण्ड एसोसिएट्स 12, नगर निगम परिसर
सुपेला भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9302887265

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202607101500093 /ब-121/ वर्ष 2025-26

ग्राम असोगा प.ह.न. 41 तह.पाटन जिला दुर्ग

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक देवकी बाई देशलहरे पति स्व. भागवत देशलहरे निवासी वार्ड नं. 02 नाहँदा तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि चंदाबाई पति लक्ष्मण का मृत्यु दिनांक 13.01.1993 को ग्राम असोगा तहसील पाटन में हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 12.08.2026 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 28.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
नायब तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं सावित्री (SAVITRI) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) ध.प. अरविंद तांती, निवासी- म.नं.- 73, इन्दिरा चौक, स्टेशन मरोदा, सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम सावित्री (SAVITRI) (पुराना नाम) से बदल कर सावित्री तांती (SAVITRI TANTI) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
सावित्री ध.प. अरविंद तांती
निवासी- म.नं.- 73, इन्दिरा चौक
स्टेशन मरोदा, सिविक सेंटर भिलाई
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं अरविन्द तांती (ARVIND TANTI) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र चन्द्रमौलेश्वर, निवासी म.नं. 73, इन्दिरा चौक, स्टेशन मरोडा, सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम अरविन्द तांती (ARVIND TANTI) (पुराना नाम) से बदल कर अरविन्द कुमार तांती (ARVIND KUMAR TANTI) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
अरविंद तांती पिता चन्द्रमौलेश्वर
निवासी- म.नं.- 73, इन्दिरा चौक
स्टेशन मरोदा, सिविक सेंटर भिलाई
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

विश्व फेफड़ा कैंसर दिवस से पहले डॉक्टरों की अपील: देर से इलाज नहीं, समय रहते कराएं जांच

रायपुर/नवप्रदेश। फेफड़ों का कैंसर दुनिया भर में सबसे घातक कैंसरों में से एक बना हुआ है, और इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि ज़्यादातर मामलों का पता तभी चलता है जब बीमारी काफी बढ़ चुकी होती है। इस बीमारी के शुरुआती दौर में आमतौर पर कोई लक्षण नज़र नहीं आते. खांसी, सीने में दर्द या सांस फूलने जैसे लक्षण अक्सर तभी दिखते हैं जब कैंसर पहले ही बढ़ चुका होता है। 1 अगस्त को मनाए जाने वाले विश्व फेफड़ा कैंसर दिवस से पहले, डॉक्टर उच्च जोखिम वाले लोगों से लक्षणों के इंतज़ार में न रहकर जांच कराने की अपील कर रहे हैं।

जब तक कोई मरीज़ लक्षणों के साथ हमारे पास आता है, तब तक हम आमतौर पर बीमारी के एक बढ़े हुए चरण से जूझ रहे होते हैं,÷एमएमआई नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर के सीनियर कंसल्टेंट, पल्मोनोलॉजी, डॉ. दीपेश मास्के कहते हैं। उन्होंने बताया कि लंबे समय तक धूम्रपान, सेकंडहैंड स्मोक (परोक्ष धुएं) के संपर्क में रहना, व्यावसायिक

कारणों से होने वाला एक्सपोज़र, और पारिवारिक इतिहास खतरे को काफी बढ़ा देते हैं, और इन श्रेणियों में आने वाले लोगों को समय रहते अपनी जांच करानी चाहिए।

एमएमआई नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर की एसोसिएट कंसल्टेंट, पल्मोनोलॉजी, डॉ. आकांक्षा सरडा सक्सेना ने कम मात्रा वाली CT यानी लो-डोज़ CT स्कैन के कम इस्तेमाल किए जाने पर ज़ोर दिया। ÷50 साल से ऊपर के जिन लोगों का धूम्रपान का लंबा इतिहास रहा है, उनके लिए अंतरराष्ट्रीय दिशा-निर्देश हर साल एक LDCT स्कैन कराने की सलाह देते हैं। यह तेज़ी से होने वाली प्रक्रिया है, इसमें रेडिएशन बहुत कम होता है, और यह लक्षण दिखने से कई साल पहले ही असामान्यताओं का पता लगा सकता है,÷ उन्होंने कहा।

एमएमआई नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर, के कंसल्टेंट, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, डॉ. देवरत हिशिकर ने इस बात पर ज़ोर दिया कि निदान (डायग्नोसिस) का चरण इलाज की जटिलता तय करता है। शुरुआती चरण के कैंसर में अक्सर सिर्फ सर्जरी और न्यूनतम फॉलो-अप की ज़रूरत होती है, साथ ही मरीज़ के बचने की संभावना भी बेहतर होती है, जबकि बढ़े हुए मामलों में कीमोथेरेपी, रेडिएशन और टारगेटेड थेरेपी जैसे अधिक गहन इलाज की ज़रूरत पड़ती है, और नतीजे उतने अनुमानित नहीं होते।

तीनों डॉक्टर इस बात पर सहमत हैं: जोखिम कारकों को समझना और नियमित जांच को प्राथमिकता देना ही फेफड़ों के कैंसर के खिलाफ सबसे बेहतर बचाव है – इसे संकट बनने से पहले ही पकड़ लेना।

परंपरा और आधुनिकता का संगम, कुबेर ज्वैलर्स में मिल रही है गोल्ड एवं सिल्वर ज्वेलरी की आकर्षक रेंज

रायपुर/नवप्रदेश। आभूषण केवल सौंदर्य का प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और भावनाओं का भी महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इसी विश्वास के साथ सदर बाजार मेन रोड स्थित कुबेर ज्वैलर्स शहरवासियों के लिए सोने एवं चांदी के आभूषणों की आकर्षक और विविध रेंज उपलब्ध करा रहा है। प्रतिष्ठान में पारंपरिक डिजाइनों के साथ-साथ आधुनिक पसंद को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए आभूषण ग्राहकों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।

कुबेर ज्वैलर्स में विवाह, सगाई, वर्षगांठ, जन्मदिन, धार्मिक आयोजन तथा तीज-त्योहार जैसे विशेष अवसरों के लिए विभिन्न डिजाइनों की ज्वेलरी उपलब्ध है। यहां गोल्ड नेकलेस, चेन, मंगलसूत्र, अंगूठियां, कंगन, झुमके, बच्चों के आभूषण सहित सिल्वर पायल, बिछिया, पूजा सामग्री और अन्य आकर्षक चांदी के उत्पादों का संग्रह ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। प्रतिष्ठान का उद्देश्य ग्राहकों को उनकी पसंद और बजट के अनुरूप आभूषण उपलब्ध कराना है। इसी कारण यहां पारंपरिक एवं समकालीन डिजाइनों का संतुलित संग्रह देखने को मिलता है, जिससे हर आयु वर्ग के ग्राहकों के लिए विकल्प उपलब्ध रहते हैं। सदर बाजार मेन रोड पर स्थित होने के कारण कुबेर ज्वैलर्स तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से ग्राहकों की पहुंच आसान है। खरीदारी के दौरान ग्राहकों को सहज वातावरण और विनम्र सेवा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है, जिससे उनका अनुभव बेहतर बन सके। यदि आप किसी विशेष अवसर के लिए आकर्षक गोल्ड या सिल्वर ज्वेलरी की तलाश में हैं, तो कुबेर ज्वैलर्स में उपलब्ध विभिन्न डिजाइनों को देख सकते हैं। पारंपरिक शिल्प और आधुनिक डिजाइनों का यह संयोजन ग्राहकों को अपनी पसंद के अनुरूप आभूषण चुनने का अवसर प्रदान करता है।

देशकर एडवरटाइजिंग ने बढ़ाया राज्य का मान

रायपुर/नवप्रदेश। दिनांक 24 जुलाई को गोवा में आयोजित आउटडोर एडवरटाइजिंग अवॉर्ड्स में रायपुर छत्तीसगढ़ के देशकर एडवरटाइजिंग को दो राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाज़ा गया। यह पुरस्कार आउट ऑफ़ होम मीडिया ओनर (ईस्ट) के श्रेणी में मिला है देशकर एडवरटाइजिंग का यह पांचवा राष्ट्रीय पुरस्कार है पूर्व में भी एजेंसी को विभिन्न श्रेणियों में राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है।राज्य की पहली एडवरटाइजिंग एजेंसी है जिसे कुल पाँच राष्ट्रीय पुरस्कार मिला चुका है।

सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध नगर पंचायत माना कैंप की कार्रवाई, 19 दुकानों से 10,800 का जुर्माना वसूला

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पंचायत माना कैंप द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने के उद्देश्य से विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर क्षेत्र की 19 दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सब्जी दुकान, मछली बाजार, चिकन शॉप एवं राशन दुकानों में प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों से कुल 10,800 का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान नगर पंचायत की टीम ने दुकानदारों एवं आम नागरिकों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों की जानकारी दी। साथ ही सभी दुकानदारों से कपड़े, जूट एवं अन्य पर्यावरण-अनुकूल थैलों का उपयोग करने तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करने की अपील की गई। नगर पंचायत माना कैंप ने बताया कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक के विरुद्ध यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार जुर्माना एवं आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत ने नागरिकों से स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त नगर के निर्माण में सहयोग करने की अपील की है।

महिलाओं और युवाओं के सम्मान को लेकर महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

जगदलपुर/नवप्रदेश। महिलाओं और युवाओं के सम्मान से जुड़े मुद्दे को लेकर महिला कांग्रेस ने शुक्रवार को राजीव भवन के सामने प्रदर्शन कर भाजपा सांसद कंगना रनौत और केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी का पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने दोनों नेताओं के कथित बयानों का विरोध करते हुए सार्वजनिक माफी की मांग की।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यवाहक अध्यक्ष संगीता सिन्हा के निर्देश पर आयोजित प्रदर्शन का नेतृत्व महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद ने किया। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि सत्ता के अहंकार में भाजपा नेता भाषा की मर्यादा भूल चुके हैं।

स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में कुंडा को मिली सौगात

■ नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 2.50 करोड़ और 56 नए पदों की मिली प्रशासकीय स्वीकृति

कवर्धा/नवप्रदेश। पंडरिया विधानसभा के कुण्डा क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए राज्य शासन ने लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत कुण्डा में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए ?2 करोड़ 50 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके साथ ही अस्पताल के सुचारु संचालन एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सकों, विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, लैब टेक्नीशियन सहित कुल 56 नए पदों के सृजन को भी मंजूरी दी गई है, जिससे आसपास के लगभग 50 से अधिक गाँव में निवासरत परिवारों को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य लाभ व चिकित्सकीय सुविधा मिलेगी।

क्षेत्रवासियों की जनभावनाओं के अनुरूप पंडरिया विधायक भावना बोहरा की मांग पर माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने ग्राम कुण्डा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना करने की घोषणा की थी जिसे पूरा करते हुए आज यह बड़ी सौगात क्षेत्रवासियों को मिली है। इस सौगात के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी एवं लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि कुण्डा क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी हुई है। यह केवल एक भवन निर्माण की स्वीकृति नहीं, बल्कि हजारों परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, समय पर उपचार और सुरक्षित जीवन का भरोसा देने वाला जनहितैषी निर्णय है। अब क्षेत्र के लोगों को प्राथमिक एवं विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अनावश्यक रूप से दूरस्थ स्थानों का रुख नहीं करना पड़ेगा, जिससे समय और आर्थिक दोनों प्रकार की बचत होगी तथा ग्रामीण अंचल के लोगों को अपने क्षेत्र में ही बेहतर उपचार उपलब्ध हो सकेगा। डबल इंजन भाजपा सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है, जिसका लाभ दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार केवल अधोसंरचना निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्याप्त चिकित्सकीय मानव संसाधन उपलब्ध कराना भी उतना ही आवश्यक है। इसी सोच के अनुरूप नवीन स्वास्थ्य केंद्र के लिए 56 विभिन्न आवश्यक पदों के सृजन को स्वीकृति दी गई है, जिससे अस्पताल में नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित हो सकेंगी। इस जनहितैषी निर्णय के लिए प्रदेश सरकार का संवेदनशील नेतृत्व जनभावनाओं के अनुरूप निर्णय लेकर विकास और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है। हमें विश्वास है कि यह स्वास्थ्य केंद्र कुण्डा क्षेत्र के लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का सशक्त केंद्र बनेगा और क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जनता को बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले इसके लिए हम निरन्तर प्रयास कर रहें हैं। पंडरिया विधानसभा में आपातकालीन परिस्थिति में त्वरित सहायता के लिए 8 निःशुल्क एम्बुलेंस की सुविधा आज हजारों परिवारों के लिए संजीवनी बनी है। सातों दिन और चौबीसों घंटे उपलब्ध इस निःशुल्क सेवा से कई परिवारों के सदस्यों को त्वरित सहायता मिल रही है। निशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब के माध्यम से पंडरिया विधानसभा के दूरस्थ व वनांचल क्षेत्रों तक पहुंचकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है, जिससे ग्रामीणों को अपने गाँव में ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। हमर पंडरिया-स्वस्थ पंडरिया हमारा संकल्प हैं और हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं।

राखी के रंगों से आत्मनिर्भरता की नई उड़ान

एमसीबी/नवप्रदेश। रक्षाबंधन का पर्व जहां भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक है, वहीं मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिले में इस पर्व ने ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर भी खोल दिए हैं। बिहान योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखंडों की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आकर्षक एवं हस्तनिर्मित राखी निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम के नेतृत्व में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को रोजगारपरक कौशल से जोड़ना, उनकी आय के नए स्रोत विकसित करना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण में महिलाएं पूरे उत्साह और लगन के साथ राखी निर्माण की बारीकियां सीख रही हैं।

प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को विभिन्न प्रकार की डिजाइनर राखियां तैयार करने, रंगों के बेहतर संयोजन, सजावट, फिनिशिंग और आकर्षक पैकिंग

गुरु रविदास जयंती वर्ष पर कलश वंदन यात्रा का भव्य स्वागत

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी फाफाडीह मंडल द्वारा संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को वाराणसी की पावन मिट्टी युक्त कलश वंदन यात्रा का भव्य स्वागत एवं वंदन किया गया। फाफाडीह ब्रिज के नीचे आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं तथा बड़ी संख्या में समाजजनों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के माध्यम से संत गुरु रविदास महाराज के समता, सामाजिक न्याय, मानवता और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया।

कार्यक्रम में रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं शहीद हेमू कालाणी वार्ड क्रमांक-28 की पार्षद कृतिका जैन, वीरांगना अवंतीबाई वार्ड क्रमांक-6 के पार्षद खगपति सोनी, जोन क्रमांक-2 के एल्डरमैन गोपाल सोना सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने वाराणसी से लाई गई पवित्र मिट्टी युक्त कलश का पूजन कर संत गुरु रविदास महाराज के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

वक्ताओं ने कहा कि संत गुरु रविदास महाराज ने अपने संपूर्ण जीवन में समानता, सामाजिक समरसता, मानव सेवा और जाति-वर्ग से ऊपर उठकर समाज को जोड़ने का संदेश दिया। आज के समय में उनके विचार समाज को एकता और सद्भाव की दिशा में आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हैं। इसी उद्देश्य को लेकर भाजपा द्वारा समरसता संकल्प अभियान संचालित किया जा रहा है।

कार्यक्रम प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित किया गया। कलश यात्रा के स्वागत के बाद फाफाडीह ब्रिज के नीचे बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एकत्रित हुए और कार्यक्रम को सफल बनाया।

30 वर्षों की गौरवपूर्ण रेल सेवा के बाद जनसंपर्क अधिकारी रामजी लाल मीना हुए सेवानिवृत्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय बिलासपुर में पदस्थ जनसंपर्क अधिकारी श्री रामजी लाल मीना आज लगभग 30 वर्षों की गौरवपूर्ण एवं समर्पित रेल सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर जनसंपर्क कार्यालय, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय, बिलासपुर में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके उल्लेखनीय योगदान को याद किया।

समारोह में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्रीमती दर्शनीता बोरा अहलूवालिया ने श्री मीना के दीर्घ एवं उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी कार्यकुशलता, समर्पण एवं सकारात्मक कार्यशैली से संगठन की गरिमा को सदैव बढ़ाया। उन्होंने श्री मीना के स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय सेवानिवृत्त जीवन की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं।

इस अवसर पर मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री शेख समी उर रहमान ने कहा कि श्री मीना ने अपने दायित्वों का सदैव निष्ठा, ईमानदारी एवं पूर्ण समर्पण के साथ निर्वहन किया। जनसंपर्क विभाग में उनकी कार्यशैली, सरल स्वभाव तथा टीम भावना सभी के लिए प्रेरणादायी रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सेवानिवृत्ति के पश्चात भी उनका अनुभव समाज एवं संगठन के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी श्री संतोष कुमार ने कहा कि श्री मीना ने अपने लंबे सेवाकाल में विभाग की विभिन्न जनसंपर्क गतिविधियों तथा रेलवे की उपलब्धियों के प्रभावी प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका अनुभव, सौहार्दपूर्ण व्यवहार एवं सहयोगात्मक दृष्टिकोण सदैव विभाग की कार्यसंस्कृति को सुदृढ़ करता रहा।

मंगला और कोनी में बनेगा नया सप्लाई जोन

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ बिलासपुर शहर की बिजली व्यवस्था, जर्जर विद्युत अधोसंरचना और मानसून के दौरान जलभराव की समस्या को लेकर छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच को राज्य सरकार, उर्जा विभाग और नगर निगम की ओर से उठाए जा रहे कदमों की अफसरों ने शपथ पत्र के साथ जानकारी दी।

छत्तीसगढ़ बिलासपुर शहर की बिजली व्यवस्था, जर्जर विद्युत अधोसंरचना और मानसून के दौरान जलभराव की समस्या को लेकर छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट के डिवीजन बेंच को राज्य शासन और नगर निगम की ओर से उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी गई। उर्जा विभाग के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और नगर निगम आयुक्त ने प्रगति रिपोर्ट के साथ शपथ पत्र के साथ जानकारी पेश की।

अफसरों ने शपथ पत्र के साथ दी जानकारी: शपथ पत्र में अफसरों ने जानकारी दी है, शहर में क्षतिग्रस्त सीमेंट पोल को हटाकर लोहे के पोल लगाने का काम चल रहा है। आपात स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त स्काई लिफ्ट मशीनों की खरीदी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बिजली वितरण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मंगला और कोनी में नए सप्लाई जोन बनाने तथा महत्वपूर्ण विद्युत अधोसंरचना के उन्नयन के लिए अतिरिक्त राशि से काम शुरू किए जाने की जानकारी भी कोर्ट को दी। पीआईएल की अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 25 अगस्त 2026 की तिथि तय कर दी है।

नयापारा वार्ड में सीसी रोड नाली निर्माण का अश्वनी ने किया भूमि पूजन

भाटापारा/नवप्रदेश। शहर के नयापारा वार्ड में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने वार्डवासीयो, जनप्रतिनिधियो ,एवं क्षेत्र के नागरिको की उपस्थिती में किया। इस भूमिपूजन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि भाटापारा नगर के विकास को लेकर नगर पालिका परिषद पूरी गंभीरता के साथ काम कर रही है। विकास का लाभ शहर के हर वार्ड और प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे, यही प्राथमिकता है।उन्होंने कहा, ÷हमारा उद्देश्य सिर्फ सड़क बनाना नहीं, बल्कि नागरिकों को ऐसी मूलभूत सुविधाएं देना है, जिससे उनका दैनिक जीवन आसान और सुविधाजनक हो। नयापारा वार्ड में सीसी रोड और नाली निर्माण से आवागमन के साथ-साथ जल निकासी की समस्या का भी समाधान होगा।शर्मा ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यकताओं के आधार पर विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। जहां सड़क की आवश्यकता है, वहां सड़क; जहां नाली की जरूरत है, वहां नाली और जहां अन्य मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता है, वहां उन कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि ÷भाटापारा के विकास की गति रुकने वाली नहीं है। हमारा लक्ष्य है कि शहर का कोई भी वार्ड विकास की दृष्टि से पीछे न रहे।

प्रथम पेज का शेष

पीएम मोदी से मिले ...

संबंधी चुनौतियों का सामना करने वाला यह क्षेत्र अब शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रेल, बिजली, हवाई संपर्क, आजीविका, खेल और पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार का लक्ष्य इस परिवर्तन को स्थायी बनाते हुए बस्तर को विकास की मुख्यधारा से पूरी तरह जोड़ना है।

'मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान' में 34 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच

मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की जानकारी देते हुए बताया कि 'मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान' के अंतर्गत अब तक 34 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है और आवश्यकता के अनुरूप उन्हें चिकित्सा सेवाओं से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि बस्तर में चिकित्सा अधोसंरचना का लगातार विस्तार किया जा रहा है। जगदलपुर में सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के साथ गीदम में मेडिकल कॉलेज के माध्यम से क्षेत्र में चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है। राज्य सरकार नए मेडिकल कॉलेजों और आधुनिक स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रही है।

अटल की प्रतिमा निर्माण...

दिया है। नगरीय प्रशासन विभाग ने संचालनालय से शुक्रवार को उनके निलंबन का आदेश जारी किया है।

कटघोरा में अटल परिसर में स्थापित भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा से संबंधित शिकायतों पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के बिलासपुर क्षेत्रीय कार्यालय के संयुक्त संचालक द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर निलंबन की यह कार्रवाई की गई है। जांच प्रतिवेदन में प्रतिमा निर्माण कार्य प्राक्कलन के प्रावधानों के विपरीत होना, विभिन्न भागों से परत उखड़ने, सतत क्षतिग्रस्त होने तथा कांस्य प्रतिमा मानकों के अनुरूप नहीं होने के कारण निर्माण प्रक्रिया में पदस्थापना के दौरान की गई अनियमितता में उप अभियंता चन्द्र प्रकाश जायसवाल उत्तरदायी पाये गये हैं। उनके इस कृत्य के पदीय कर्तव्यों के विपरीत होने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री जायसवाल का मुख्यालय संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, दुर्ग नियत किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

दिल्ली दंगा- पूर्व आप ...

अपहरण, दंगा और सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने का दोषी ठहराया था। वहीं, 11 आरोपियों में से 6 को बरी कर दिया गया था।

लोकल कोर्ट ने कहा - ताहिर हुसैन हथियारों से लैस उस भीड़ का हिस्सा थे, जो हिंदुओं के प्रति नफरत के कारण दंगा, आगजनी और लूटपाट करने के लिए इकट्ठा हुई थी। जिसने बेरहमी से और लगातार हमला करके शर्मा की हत्या कर दी।

सरकारी कर्मियों के...

अपना काम कर रहा है।

आयोग की बैठकें लगातार जारी : 8वें वेतन आयोग की कार्यवाही लगातार आगे बढ़ रही है। जानकारी के अनुसार, पहले चरण की बैठक 10 जुलाई को कोलकाता में संपन्न हो चुकी है। दूसरे चरण की बैठक 7 अगस्त को दिल्ली में प्रस्तावित है। इसके बाद सितंबर में चेन्नई में भी आयोग की बैठक आयोजित की जाएगी। इन बैठकों के दौरान विभिन्न पक्षों से सुझाव लेकर अंतिम रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

क्लाइमेट चेंज ने बढ़ाया तापमान, स्पेन में 20 गुना बढ़ी जंगलों की आग

नई दिल्ली। क्लाइमेट चेंज का असर अब सिर्फ बढ़ती गर्मी तक सीमित नहीं है. नई स्टडी में पता चला है कि इसकी वजह से स्पेन और फ्रांस में जंगलों में आग फैलाने वाला मौसम पहले से ज्यादा खतरनाक हो गया है. वैज्ञानिकों ने पुराने मौसम के रिकॉर्ड और आज के मौसम की तुलना की। इसमें पता चला कि इंसानों की वजह से बढ़ रही ग्लोबल वॉर्मिंग ने स्पेन के बीच वाले हिस्से में ऐसे हालात 20 गुना और फ्रांस के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में 2 गुना बढ़ा दिए हैं. यही वजह है कि इन इलाकों में जंगल की आग तेजी से फैल रही है और उसे बुझाना मुश्किल हो रहा है। स्पेन और फ्रांस में इस समय कई जगह जंगलों में भीषण आग लगी हुई है. आग की वजह से बड़ी संख्या में लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं और हजारों हेक्टेयर जंगल जल चुके हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि जब बहुत ज्यादा गर्मी, लंबे समय तक सूखा और तेज हवा एक साथ होती है, तब आग बहुत तेजी से फैलती है. ऐसे मौसम को 'फायर वेदर' यानी आग फैलाने वाला मौसम कहा जाता है। यह स्टडी वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन के वैज्ञानिकों ने की है. इसमें पुराने और नए मौसम के आंकड़ों की तुलना की गई. अब दक्षिण-पश्चिम फ्रांस में ऐसे हालात करीब 20 साल में एक बार बन सकते हैं. वहीं, स्पेन के बीच वाले हिस्से में ऐसे हालात हर 6 साल में एक बार बनने की आशंका है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अब पहले के मुकाबले ज्यादा बार ऐसा मौसम बन रहा है, जिसमें गर्मी ज्यादा होती है, बारिश कम होती है और तेज हवा चलती है।

गाजियाबाद में 5000 करोड़ का घोटाला: दो कंपनियों पर लगे आरोप

गाजियाबाद। कवि नगर थाने में वैदिक आयुरक्योर कंपनी और एक्सिस ई-कॉर्पोरेशन के खिलाफ पांच हजार करोड़ रुपये के बड़े घोटाले का मामला दर्ज किया गया है। अधिवक्ता महेश कुमार वर्मा की शिकायत पर दस लोगों को नामजद किया गया है। इन पर लोगों को निवेश के नाम पर ठगने का आरोप है। एसीपी कविनगर सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि अधिवक्ता महेश कुमार वर्मा के मुताबिक कंपनियों ने नौ हजार रुपये की आईडी पर प्रतिमाह 1100 रुपये और घरेलू सामान पर 33 फीसदी छूट का वादा किया था। शुरुआत में निवेशकों को लाभ मिला, जिससे उनका विश्वास बढ़ा। पंकज सोनी सेठ ने गाजियाबाद में कई बैठकें आयोजित कीं। कंपनियों ने विश्वास जमाने के लिए ग्रोसरी की दुकानें भी खोलीं। निवेशकों से ग्रोसरी स्टोर के नाम पर लाखों रुपये के समझौते किए गए। बाद में कंपनियां धीरे-धीरे गायब हो गईं और निवेशकों का पैसा हड़प लिया। महेश वर्मा का आरोप है कि कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी फैजान खान पर दुबई भाग गए हैं। वह व्हाट्सएप

के माध्यम से वीडियो भेजकर निवेशकों को पैसे वापस मिलने का आश्वासन दे रहा है। हालांकि कंपनी ने अपना ऑनलाइन सिस्टम भी बंद कर दिया है। फैजान खान सहित कुल दस लोगों को इस धोखाधड़ी का मुख्य षडयंत्रकर्ता बताया गया है। इनके खिलाफभारत के कई जिलों में भी एफआईआर दर्ज हैं। शिकायतकर्ता महेश कुमार वर्मा ने स्वयं 6.50 लाख रुपये का निवेश किया था। उनके अलावा, हरिश हितैषी ने दो लाख रुपये और मांगेराम ने तीन लाख रुपये का निवेश किया। संजय एलआईसी पिलखुवा और उनके स्टाफने करीब 36 लाख रुपये लगाए। आनंद राणा की टीम ने लगभग एक करोड़ रुपये का निवेश किया। गाजियाबाद जिले के सैकड़ों लोगों ने इन कंपनियों में करोड़ों रुपये का निवेश किया था। उपनिरीक्षक हरिओम को मामले की जांच सौंपी गई है।

रूस-यूक्रेन युद्ध में मारे गए भारतीयों के परिवारों की मदद करे केंद्र : सुको

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को निर्देश दिया कि वह रूस-यूक्रेन युद्ध में हताहत भारतीयों के परिवारों की मदद के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें। यह अधिकारी परिजनों को शवों की प्राप्ति, DN मैचिंग और रूसी दूतावास के जरिए मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया में मदद करेंगे।

चीफजस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी. मोहना की बेंच ने विदेश मंत्रालय (MEA) को यह भी निर्देश दिया कि वह रूस-यूक्रेन युद्ध में मारे गए या लापता लोगों के परिवारों की मदद करे और पीड़ित परिवारों के सदस्यों और शवों के बीच DNA मिलान की सुविधा उपलब्ध कराए।

पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाने में करे मदद

बेंच ने विदेश मंत्रालय से कहा कि वह प्रभावित परिवारों को यहां रूसी

दूतावास में मुआवजे का क्लेम करने में मदद करें और सभी जरूरी जानकारी और अपडेट स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध कराए। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (NALSA) और राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरणों को निर्देश दिया है कि वे पीड़ित परिवारों की हर कानूनी प्रक्रिया में मदद करें। इसमें मुआवजा क्लेम दाखिल करना, जरूरी दस्तावेज तैयार करना, कागजी कार्रवाई पूरी कराना और पार्थिव शरीर की स्वदेश वापसी से जुड़ी औपचारिकताओं में सहायता शामिल है। अदालत ने कहा कि परिवारों को अनावश्यक कानूनी और प्रशासनिक परेशानियों का सामना नहीं करना चाहिए। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश उन लोगों के परिवारों की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिए गए, जिनके परिजन रूस-यूक्रेन संघर्ष में लड़ने के लिए भर्ती होने के बाद कथित तौर पर मारे गए या लापता हो गए थे।

सुप्रीम कोर्ट के पांच बड़े निर्देश

विदेश मंत्रालय में एक समर्पित नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो पीड़ित परिवारों से सीधे संपर्क में रहेगा।
युद्ध में मारे गए भारतीयों की पहचान के लिए डीएनए सैंपल का मिलान कराया जाएगा। नई दिल्ली स्थित रूसी दूतावास के समक्ष मुआवजा क्लेम दाखिल कराने में विदेश मंत्रालय परिवारों की मदद करेगा। पीड़ित परिवारों को सभी जरूरी जानकारी और प्रक्रियाएं उनकी मातृभाषा या स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराई जाएंगी। राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण और राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण परिवारों को मुफ्त कानूनी सहायता देंगे।

NALSA को भी दिया निर्देश

बेंच ने नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (NALSA) और राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरणों को भी निर्देश दिया कि वे परिवारों को उनके रिश्तेदारों के शव वापस पाने और मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया में मदद करे।

जैश का संदिग्ध सदस्य गिरफ्तार आतंकी नेटवर्क की जांच शुरू

बर्दवान। पश्चिम बंगाल के पुरबा बर्धमान जिले में जैश-ए-मोहम्मद के एक संदिग्ध सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। जांचकर्ता एक व्यापक आतंकी नेटवर्क से उसके संभावित संबंधों की जांच कर रहे हैं। यह जानकारी पुलिस सूत्रों ने दी है।

राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने गुरुवार देर रात बर्दवान कस्बे के एक आवासीय परिसर हामिद मंडल को गिरफ्तार किया। वह यहां एक किराए के मकान में रहता था।

छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय,
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर
// सूचना //

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक /07/2026

क्रमांक **LAND/498/2025-HOUSING:** छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 23-क (1) एवं (2) के अन्तर्गत नवा रायपुर अटल नगर विकास योजना 2031 में अत्यावश्यक लोक प्रयोजनार्थ उपांतरण करने का अनंतिम निर्णय लिया है। अधिनियम की धारा 23-क (2) के अधीन राज्य शासन एतद् द्वारा प्रस्तावित उपांतरण के निम्नानुसार प्रारूप को क्षेत्र के सर्वसाधारण के निरीक्षण हेतु अवलोकनार्थ प्रकाशित करता है :-

नवा रायपुर अटल नगर विकास योजना 2031 में उपांतरण प्रस्ताव

स. क्र.	ग्राम	खसरा नंबर	रकबा (हे.मे)	अंगीकृत नवा रायपुर अटल नगर विकास योजना 2031 में प्रस्तावित भू-उपयोग	अधिनियम की धारा 23 क के तहत उपांतरण प्रस्ताव
1	उपरवारा	894 का भाग	0.48 में से 0.001758	आवासीय	मिश्रित उपयोग
2	उपरवारा	895 का भाग	0.80 में से 0.095431	आवासीय	मिश्रित उपयोग
3	उपरवारा	896 का भाग	0.13 में से 0.045940	आवासीय	मिश्रित उपयोग
4	उपरवारा	897 का भाग	1.44 में से 0.372127	आवासीय	मिश्रित उपयोग
5	उपरवारा	898 का भाग	0.08 में से 0.047365	आवासीय	मिश्रित उपयोग
6	उपरवारा	902 का भाग	0.79 में से 0.282817	आवासीय	मिश्रित उपयोग
7	उपरवारा	903	0.10	आवासीय	मिश्रित उपयोग
8	उपरवारा	904 का भाग	0.85 में से 0.775716	आवासीय	मिश्रित उपयोग
9	उपरवारा	905 का भाग	0.87 में से 0.810219	आवासीय	मिश्रित उपयोग
10	उपरवारा	908 का भाग	0.85 में से 0.526428	आवासीय	मिश्रित उपयोग
11	उपरवारा	909	0.85	आवासीय	मिश्रित उपयोग
12	उपरवारा	910	0.28	आवासीय	मिश्रित उपयोग
13	उपरवारा	911 का भाग	1.10 में से 0.761963	आवासीय	मिश्रित उपयोग
14	उपरवारा	912 का भाग	1.40 में से 0.907757	आवासीय	मिश्रित उपयोग
15	उपरवारा	914 का भाग	0.28 में से 0.100669	आवासीय	मिश्रित उपयोग
16	उपरवारा	915	0.77	आवासीय	मिश्रित उपयोग
17	उपरवारा	916	0.07	आवासीय	मिश्रित उपयोग
18	उपरवारा	917 का भाग	1.77 में से 1.014042	आवासीय	मिश्रित उपयोग
19	उपरवारा	918	0.63	आवासीय	मिश्रित उपयोग
20	उपरवारा	919 का भाग	0.20 में से 0.010458	आवासीय	मिश्रित उपयोग
21	उपरवारा	921 का भाग	0.78 में से 0.433768	आवासीय	मिश्रित उपयोग
22	उपरवारा	922 का भाग	1.05 में से 0.355203	आवासीय	मिश्रित उपयोग
23	उपरवारा	923 का भाग	0.57 में से 0.199127	आवासीय	मिश्रित उपयोग
24	उपरवारा	924 का भाग	0.80 में से 0.122401	आवासीय	मिश्रित उपयोग
25	उपरवारा	926 का भाग	0.51 में से 0.020954	आवासीय	मिश्रित उपयोग
		योग	9.584143		
26	खपरी	319 का भाग	0.31 में से 0.091686	आवासीय	मिश्रित उपयोग
27	खपरी	320 का भाग	0.81 में से 0.180230	आवासीय	मिश्रित उपयोग
28	खपरी	321 का भाग	0.30 में से 0.223094	आवासीय	मिश्रित उपयोग
29	खपरी	322	0.07	आवासीय	मिश्रित उपयोग
30	खपरी	323	0.34	आवासीय	मिश्रित उपयोग
31	खपरी	324 का भाग	0.02 में से 1.930472	आवासीय	मिश्रित उपयोग
32	खपरी	325	0.63	आवासीय	मिश्रित उपयोग
33	खपरी	329 का भाग	48.61 में से 14.376429	आवासीय	मिश्रित उपयोग
34	खपरी	330 का भाग	2.64 में से 1.646448	आवासीय	मिश्रित उपयोग
35	खपरी	331	2.17	आवासीय	मिश्रित उपयोग
36	खपरी	332	0.30	आवासीय	मिश्रित उपयोग
37	खपरी	333	0.40	आवासीय	मिश्रित उपयोग
38	खपरी	334	0.35	आवासीय	मिश्रित उपयोग
39	खपरी	335	0.06	आवासीय	मिश्रित उपयोग
40	खपरी	336 का भाग	0.42 में से 0.325755	आवासीय	मिश्रित उपयोग
41	खपरी	337 का भाग	0.77 में से 0.186819	आवासीय	मिश्रित उपयोग
42	खपरी	338	3.45	आवासीय	मिश्रित उपयोग
43	खपरी	339 का भाग	0.56 में से 0.466398	आवासीय	मिश्रित उपयोग
44	खपरी	350 का भाग	1.15 में से 0.166808	आवासीय	मिश्रित उपयोग
45	खपरी	351 का भाग	0.82 में से 0.814366	आवासीय	मिश्रित उपयोग
46	खपरी	352	0.90	आवासीय	मिश्रित उपयोग
47	खपरी	353 का भाग	14.64 में से 1.763275	आवासीय	मिश्रित उपयोग
		योग	30.841779		

2/ उक्त प्रस्तावित उपांतरण नवा रायपुर अटल नगर में सेक्टर 37 के भूखण्ड को आवासीय से मिश्रित उपयोग किये जाने हेतु।
3/ उपांतरण प्रस्ताव की प्रति आयुक्त, संभाग रायपुर, कलेक्टर, जिला रायपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर, आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के कार्यालयों में कार्यालय समय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी।
4/अतः प्रस्तावित उपांतरण से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों से इस सूचना के दो स्थानीय मुख्य दैनिक समाचार पत्रों में एक दिन के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित आपत्तियाँ तथा सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। आपत्ति तथा सुझाव निम्नलिखित कार्यालयों में शासकीय कार्य दिवसों में प्रस्तुत किये जा सकते हैं :-
(1) आयुक्त, रायपुर संभाग, छत्तीसगढ़,
(2) कलेक्टर कार्यालय, जिला रायपुर।
(3) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर।
(4) संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर।
(5) आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर ।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
(देवेन्द्र सिंह भारद्वाज)
विशेष सचिव, छत्तीसगढ़ शासन
आवास एवं पर्यावरण विभाग

जी-262702500/2

लगातार तीसरे दिन भी बाजार में तेजी, सेंसेक्स 166 अंक उछला

नई दिल्ली/ए.। वैश्विक बाजार के मिले-जुले संकेतों और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुआ। यह लगातार तीसरा कारोबारी सत्र है जब घरेलू बाजार में तेजी देखने को मिली है। सेंसेक्स 166.49 अंक यानी 0.21 प्रतिशत बढ़कर 78,094.64 पर बंद हुआ, तो वहीं निफ्टी 50 66.45 अंक यानी 0.27 प्रतिशत उछलकर 24,383.60 पर बंद हुआ। व्यापक बाजार में, निफ्टी मिडकैप और निफ्टी स्मॉलकैप दोनों 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। सेक्टरवार देखें तो, इसका प्रदर्शन कुल मिलाकर सकारात्मक रहा, जिसमें निफ्टी मीडिया 2 प्रतिशत की बढ़त के साथ सबसे ज्यादा लाभ कमाने वाला सेक्टर रहा। इसके बाद निफ्टी ऑटो (1.64 प्रतिशत), निफ्टी ऑयल एंड गैस (1 प्रतिशत), निफ्टी फार्मा (0.72 प्रतिशत), निफ्टी पीएसयू बैंक (0.47 प्रतिशत), निफ्टी हेल्थकेयर (0.33 प्रतिशत) और निफ्टी रियल्टी (0.22 प्रतिशत) का स्थान रहा। वहीं, निफ्टी आईटी में 1.56 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जिससे यह सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला क्षेत्र बन गया। इसके अलावा, निफ्टी एफएमसीजी में 1.05 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वैश्विक चिप शेयरों में उछाल के चलते निफ्टी आईटी की पांच दिन की लगातार बढ़त का सिलसिला टूट गया। निफ्टी 50 इंडेक्स में, बजाज फाइनेंस (8.3 प्रतिशत), बजाज फिनसर्व (6.3 प्रतिशत), जियो फाइनेंशियल (3.7 प्रतिशत) और एमएंडएम (3.3 प्रतिशत) के शेयरों में सबसे ज्यादा बढ़त दर्ज की गई।

संचालनालय
महिला एवं बाल विकास, छत्तीसगढ
इन्द्रावती. भवन, ब्लाक-1, द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर
दूरभाष क्रमांक 0771-2234192, 2234188 (Fax) email: dirwcd.cg@nic.in

क्रमांक/2653/मबावि/ मसमि/2026-27 **नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 29/07/2026**

'' विज्ञापन ''
मिशन शक्ति अंतर्गत महिला हेल्पलाईन 181 के राज्य के जिला मुख्यालय रायपुर में कॉल ऑपरेटर (अ.ज.जा. वर्ग) पद पर कर्मचारियों की भर्ती के सम्बन्ध में विज्ञापन

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित मिशन शक्ति योजना के तहत महिला हेल्पलाईन 181 के संचालन हेतु जारी राज्य मुख्यालय रायपुर में कॉल ऑपरेटर (अ.ज. जा. वर्ग) पर एकमुश्त वेतन पर भर्ती के लिये पात्र आवेदकों से आवेदन पंजीकृत एक / स्पीडपोस्ट / कोरियर के माध्यम से दिनांक 15/08/202.6 सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित हैं। आवेदन संचालनालय महिला एवं बाल विकास, इंद्रावती भवन, ब्लाक-01 द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर को प्रेषित करना होगा। पद की नियुक्ति एवं आवेदन प्रक्रिया का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	पदनाम	पद संख्या		निर्धारित एकमुश्त /संविदा मासिक वेतन	चयन प्रक्रिया
		अ.ज.जा.	योग		
1	2	3	4	5	6
1	कॉल ऑपरेटर (महिला पद)	01	01	20,000/-	एकमुश्त वेतन

* **उक्त पद हेतु महिला उम्मीद्वार ही आवेदन करें।**
* **छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयु सीमा पर छुट हेतु जारी निर्देश लागू माने जायेंगे।**

आवेदन प्रपत्र तथा पद की शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, कार्य दायित्व एवं अन्य विवरण - www.cgstate.gov.in and www.cgwcd.gov.in वेबसाईट पर उपलब्ध है :-

विज्ञापन में दिये प्रारूप अनुसार टंकित कराया जाकर निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन पत्र पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट / कुरियर द्वारा दिनांक 15/08/2026 की संध्या 5:00 बजे तक संचालक, संचालनालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, इन्द्रावती भवन, ब्लॉक-1, द्वितीय तल नया रायपुर 492002 को प्रेषित किये जावें।

(डॉ. रेणुका श्रीवास्तव)
संचालक
महिला एवं बाल विकास
नवा रायपुर, अटल नगर, (छ.ग.)

जी- 262702452/2

नेपाल में सांप्रदायिक तनाव गहराया: सुनसरी के बाद सप्तरी में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू

काठमांडू। नेपाल के भारत से सटे तराई क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। सुनसरी से शुरू हुई हिंसा अब सप्तरी, धनुषा और सिराहा तक फैल चुकी है। हालात को देखते हुए कई जिलों में कर्फ्यू, निषेधाज्ञा और सुरक्षा बलों की अतिरिक्त तैनाती की गई है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने शांति बनाए रखने की अपील करते हुए हिंसा की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने तनावपूर्ण स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। दोनों नेताओं ने देशवासियों से शांति, एकता और संयम बनाए रखने की अपील की है। सांप्रदायिक झड़पों के विरोध में लोगों के समूहों द्वारा प्रदर्शन किए जाने के बाद एहतियात के तौर पर सप्तरी जिला प्रशासन कार्यालय ने राजबिराज नगरपालिका के कुछ हिस्सों में शुक्रवार सुबह 8 बजे से अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया। सप्ताहांत में सुनसरी में सांप्रदायिक झड़पें शुरू होने के बाद से नेपाल के कई जिलों में तनाव का माहौल बना हुआ है।

हालात पर काबू पाने के लिए प्रशासन को कर्फ्यू और निषेधाज्ञा लागू करनी पड़ी है, जबकि सुरक्षा बलों की तैनाती भी बढ़ा दी गई है। सप्तरी में कर्फ्यू लगाए जाने के बाद कर्फ्यू वाले जिलों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। सुनसरी, धनुषा और सिराहा जिलों के कुछ हिस्सों में पहले से ही कर्फ्यू लागू है। ये सभी जिले भारत की सीमा से लगे नेपाल के दक्षिणी तराई क्षेत्र में स्थित हैं। अधिकारी हालात को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। अब तक इस हिंसा में तीन लोगों की जान जा चुकी है। रविवार को दो धार्मिक समुदायों के जुलूस और धार्मिक आयोजनों के दौरान हुए विवाद के बाद हालात बिगड़ गए।

छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग
कोंडागांव वनमंडल के काष्ठागार के e-Auction का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कोंडागांव वनमंडल के अंतर्गत कोंडागांव काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ/जलाऊ/बांस का e-Auction द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि e-Auction में भाग लेवें । e-Auction की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

वनमंडल का नाम	काष्ठागार का नाम	नीलाम दिनांक व समय
कोंडागांव वनमंडल कोण्डागांव	कोंडागांव काष्ठागार	05/08/2026 प्रातः 9:00 बजे से

	नया वनोपज			अविक्रित वनोपज			योग		
	ई. काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)		ई. काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)		ई. काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)	
1	2	3	4	5	6	7	11	12	13
सागौन	0	0	0	29.583	616	331	29.583	616	331
साल	407.504	26	42	7265.989	927	2073	7673.493	953	2115
बीजा	0	0	0	214.458	101	201	214.458	101	201
साजा	2.473	6	3	52.635	138	45	55.108	144	48
हल्दू	0	0	0	75.686	14	16	75.686	14	16
निलगिरी	0	0	0	0	2957	0	0	2957	0
अन्य	25.306	109	66	220.16	196	73	245.466	305	139
योग	**435.283**	**141**	**111**	**7858.511**	**4949**	**2739**	**8293.794**	**5090**	**2850**
जलाऊ-	0			Mi&ed Fuel-10 fuel stacks			Mi&ed Fuel-10 fuel stacks		
बांस	0			Bamboo=21060 Nog 9,980 NT			Bamboo= 21060 Nog 9.980 NT		

शर्ते :- (1) प्रत्येक क्रेता को e-Auction के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
(2) क्रेता e-Auction के पूर्व कय लाटों के अफसेट प्राईज के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
(3) लाटों की थप्पी सूचि एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल से लॉग इन करके देख सकते हैं।
(4) e-Auction में लॉट क्रय करने के पश्चात प्रथम केता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसकी लॉट के अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व कय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
कोण्डागांव वनमण्डल कोण्डागांव

जी-262702442/3

पन्द्रह घंटे की मशक्कत के बाद कुएँ में गिरे भालू का सुरक्षित रेस्क्यू

■ **वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर वन विभाग की त्वरित कार्रवाई, ग्राम छिंदिया में सफल रहा रेस्क्यू अभियान**

रायपुर/नवप्रदेश। वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर वन विभाग ने संवेदनशीलता और सूझबूझ का परिचय देते हुए कटघोरा वनमंडल के केंदई परिक्षेत्र के ग्राम छिंदिया में कुएँ में गिरे एक भालू को लगभग 15 घंटे चले रेस्क्यू अभियान के बाद सुरक्षित बाहर निकालकर जंगल में छोड़ दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुँची। भालू को सुरक्षित बचाने और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस और वन विभाग ने कुएँ के आसपास सुरक्षा घेरा बनाया। ग्रामीणों को सुरक्षित दूरी पर रहने की सलाह दी गई, ताकि शांत वातावरण में भालू को बाहर निकालने की कोशिश की जा सके।

अधिकारियों और टीम का सराहनीय योगदान

रेस्क्यू अभियान वनमंडलाधिकारी कटघोर कुमार निशांत के निर्देशन और उप वनमंडलाधिकारी संजय कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में चलाया गया। अभियान में वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक कुमार दुबे, वनपाल शारदा प्रसाद शर्मा, मंगल सिंह नायक, वनरक्षक गंगाराम नेताम, अशोक कुमार श्रीवास, मुरारी लाल साहू, प्रहलाद सिदार, हाथी मित्र दल के संदीप उइके और भोला यादव सहित स्थानीय ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कुएँ की अधिक गहराई के कारण रेस्क्यू अभियान चुनौतीपूर्ण था। प्रारंभिक प्रयास सफल नहीं होने पर वन विभाग ने जेसीबी मशीन की मदद से कुएँ के एक हिस्से में ढलाननुमा रास्ता तैयार किया। इसके साथ ही कुएँ के अंदर बाँस की मजबूत सीढ़ी उतारी गई। अनावश्यक भीड़ को हटाकर पूरे क्षेत्र में शांत माहौल बनाए रखा गया।

रात 9:30 बजे सुरक्षित बाहर निकला भालू

वन विभाग की रणनीति सफल रही और रात करीब 9:30 बजे भालू स्वयं सीढ़ी और ढलान के रास्ते कुएँ से बाहर निकलकर पास के जंगल में चला गया। भालू के सुरक्षित बाहर आने पर वन विभाग की टीम और ग्रामीणों ने राहत की साँस ली।

वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि कोई वन्यप्राणी कुएँ, गड्ढे या किसी अन्य स्थान पर फँस जाए, तो उसे बचाने का प्रयास स्वयं न करें। ऐसी स्थिति में तुरंत वन विभाग को सूचना दें। साथ ही, खुले कुओं के चारों ओर पक्की सुरक्षा दीवार या घेरा बनाकर ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता है।

न्यूज गैलरी

रायपुर प्रेस क्लब खेल मड़ई-2026 का पारितोषिक वितरण समारोह 2 अगस्त को

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव "खेल मड़ई-2026" का पारितोषिक वितरण समारोह 2 अगस्त को मधुकर खेर स्मृति प्रेस क्लब भवन में आयोजित किया जाएगा। समारोह में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेता, उपविजेता एवं दोनों सेमीफाइनलिस्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि रायपुर प्रेस क्लब के वार्षिक खेल महोत्सव "खेल मड़ई-2026" के अंतर्गत इंटर प्रेस क्रिकेट प्रतियोगिता के अलावा शतरंज, बैडमिंटन, कैरम एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। इसके साथ ही महिला पत्रकारों की क्रिकेट टीमों के बीच एक प्रदर्शन मैच तथा संपादकों की टीमों के बीच भी मैत्री मुकाबला खेला गया। पूरे आयोजन में लगभग 300 खिलाड़ियों एवं पत्रकारों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। वरिष्ठ पत्रकार स्व. कुलदीप निगम स्मृति इंटर प्रेस क्रिकेट प्रतियोगिता में 20 टीमों ने हिस्सा लिया। नेताजी सुभाष स्टेडियम में खेले गए मुकाबलों में इलेक्ट्रॉनिक संयुक्त (कप्तान- मोहन तिवारी) ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया, जबकि विस्तार न्यूज इलेवन (कप्तान- ज्ञानेन्द्र तिवारी) उपविजेता रही। आईबीसी-24 (कप्तान- रामेश्वर मिश्रा) एवं एस जर्नो (कप्तान- लविन्दर सिंह) की टीमें सेमीफाइनलिस्ट रहीं। वरिष्ठ पत्रकार स्व. देवेन्द्र कर स्मृति बैडमिंटन प्रतियोगिता यूनियन क्लब में आयोजित हुई। एकल वर्ग में रामेश्वर मिश्रा विजेता एवं चंदन साहू उपविजेता रहे, जबकि सत्येंद्र कर और सुशील अग्रवाल सेमीफाइनलिस्ट रहे। युगल वर्ग में सत्येंद्र कर-टीकम साहू की जोड़ी विजेता तथा चंदन साहू-सुशील अग्रवाल की जोड़ी उपविजेता रही। टिकेश्वर पटेल-अभिषेक तथा शुभम वर्मा-अमित मिश्रा की जोड़ियां सेमीफाइनलिस्ट रहीं। वरिष्ठ पत्रकार स्व. सत्येंद्र गुमाश्ता स्मृति टेबल टेनिस प्रतियोगिता के एकल वर्ग में विनोद कुमार विजेता और हितेश मेहता उपविजेता रहे। विजय मिश्रा एवं सिद्धांत सेमीफाइनलिस्ट रहे। युगल वर्ग में विनोद कुमार-विजय मिश्रा की जोड़ी विजेता तथा लक्ष्मण लेखवानी-हितेश मेहता की जोड़ी उपविजेता रही। नरेंद्र बंगाले-नारायण भोई तथा निकष परमार-राकेश पाण्डेय की जोड़ियां सेमीफाइनलिस्ट रहीं। वरिष्ठ पत्रकार स्व. रमेश नैयर स्मृति कैरम प्रतियोगिता के एकल वर्ग में पलाश तिवारी विजेता एवं दिनेश यदु उपविजेता रहे। विजय यादव और हितेश मेहता सेमीफाइनलिस्ट रहे। युगल वर्ग में किशन लोखंडे-त्रिलोचन मानिकपुरी की जोड़ी विजेता तथा हिमांशु शर्मा-मो. अमीन की जोड़ी उपविजेता रही।

प्राकृतिक आपदा के पांच मामलों में परिजनों को 20 लाख स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। जशपुर जिले में प्राकृतिक आपदाओं से हुई जनहानि के पांच मामलों में प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करते हुए कलेक्टर रोहित व्यास ने राजस्व पुस्तक परिपत्र (आर.बी.सी.) 6-4 के प्रावधानों के तहत कुल 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्रत्येक प्रकरण में मृतकों के निकटतम वैध वारिसों को 4-4 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता प्रदान की जाएगी। अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरसाबहार तहसील के ग्राम टाकमुण्डा निवासी स्वर्गीय अमर साय की मधुमक्खी के काटने से हुई मृत्यु के प्रकरण में उनकी पत्नी श्रीमती कौशल्या बाई को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार फरसाबहार तहसील के ग्राम बारो निवासी स्वर्गीय मनसुखनी बाई की आग से झुलसने के बाद उपचार के दौरान हुई मृत्यु के मामले में उनके पिता श्री रामसाय राम को 4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। बगीचा तहसील के ग्राम नटकेला निवासी स्वर्गीय आकृति पैंकरा की बिच्छू के काटने से हुई मृत्यु के प्रकरण में उनके माता-पिता श्री बालमुकुन्द पैंकरा एवं श्रीमती कौशिल्या पैंकरा को संयुक्त रूप से 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी तरह बगीचा तहसील के ग्राम बुटंगा निवासी स्वर्गीय हीरामुनी बाई की स्टॉप डेम में डूबने से हुई मृत्यु के मामले में उनके पिता श्री शिवचरण राम को 4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है

सेवा सेतु से बेटे का निवास प्रमाण पत्र घर के पास ही हुआ तैयार

रायपुर/नवप्रदेश। शासन की डिजिटल पहल सेवा सेतु आम नागरिकों के लिए शासकीय सेवाओं को पहले से अधिक सरल, पारदर्शी और सुलभ बना रही है। इसी सुविधा का लाभ उठाते हुए कोण्डागांव के बंधापारा निवासी रेखलाल साहू ने अपने पुत्र मयंक साहू का निवास प्रमाण पत्र बिना अनावश्यक भागदौड़ के सहजता से बनवा लिया। रेखलाल साहू ने बताया कि उनके बेटे मयंक के विद्यालय में प्रवेश एवं अन्य शासकीय कार्यों के लिए निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। पहले ऐसे दस्तावेज़ बनवाने के लिए कार्यालयों के कई चक्कर लगाने पड़ते थे, जिससे समय और श्रम दोनों अधिक लगते थे। इसी दौरान रेखलाल साहू को सेवा सेतु पोर्टल की जानकारी मिली। उन्होंने निकट स्थित सेवा केंद्र में जाकर आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ ऑनलाइन आवेदन किया। ऑनलाइन आवेदन की पूरी प्रक्रिया सरल और पारदर्शी रही। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद निर्धारित समय-सीमा में मयंक का निवास प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। प्रमाण पत्र मिलने के बाद विद्यालय में आवश्यक औपचारिकताएं समय पर पूरी हो सकीं और अन्य शासकीय कार्यों में भी सुविधा मिली।

छत्तीसगढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों को मिलेगी मजबूत डिजिटल पहचान : साय

2,305 नए मोबाइल टावरों के लिए मुख्यमंत्री साय ने केंद्र से मांगी मंजूरी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नई दिल्ली स्थित संचार भवन में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ में डिजिटल एवं दूरसंचार कनेक्टिविटी के विस्तार से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने विशेष रूप से प्रदेश के दूरस्थ, जनजातीय, सीमावर्ती एवं दुर्गम क्षेत्रों में निर्बाध मोबाइल और इंटरनेट सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) योजना के अंतर्गत प्रस्तावित 2,305 नए मोबाइल टावरों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया के संकल्प को छत्तीसगढ़ के अंतिम गांव और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

489 स्थानों के लिए बीएसएनएल को एनओसी जारी

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार स्वीकृत मोबाइल टावरों की स्थापना से जुड़ी प्रक्रियाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा कर रही है। कुल 577 स्थानों में से अब तक 489 स्थानों के लिए बीएसएनएल को भूमि संबंधी अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किए जा चुके हैं।

भौगोलिक दृष्टि से कठिन और दूरस्थ क्षेत्रों में मजबूत डिजिटल कनेक्टिविटी आज केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास की बुनियादी आवश्यकता बन चुकी है। मोबाइल नेटवर्क और हाई-स्पीड इंटरनेट की उपलब्धता से इन क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन सेवाओं और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तक सहज पहुंच मिल सकेगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश के अनेक दूरस्थ और जनजातीय क्षेत्रों में भौगोलिक परिस्थितियों के कारण संचार नेटवर्क का विस्तार चुनौतीपूर्ण रहा है।

'डिजिटल कनेक्टिविटी बनेगी शिक्षा और स्वास्थ्य की नई ताकत'

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में मोबाइल एवं इंटरनेट नेटवर्क के विस्तार का सबसे बड़ा लाभ विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, किसानों और ग्रामीण परिवारों को मिलेगा। इंटरनेट कनेक्टिविटी मजबूत होने से विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन अध्ययन सामग्री और डिजिटल शिक्षा के अवसर बढ़ेंगे। इसी प्रकार टेलीमेडिसिन और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिक विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं से अधिक आसानी से जुड़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि मजबूत नेटवर्क से बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल भुगतान और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण जैसी व्यवस्थाएं भी अधिक प्रभावी होंगी।

पीएम आवास योजना से साकार हो रहा अपने घर का सपना

मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में जरूरतमंदों को मिल रहा सुरक्षित, सम्मानजनक और बेहतर जीवन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रदेश के हजारों जरूरतमंद परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप गरीब और आवासविहीन परिवारों का वर्षों पुराना पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। यह योजना केवल एक मकान उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को सुरक्षा, सम्मान और बेहतर भविष्य का आधार भी प्रदान कर रही है। जशपुर जिले के तपकरा निवासी सुनील पांडेय की कहानी इस परिवर्तन की जीवंत मिसाल है। कभी उनका परिवार कच्चे

मकान में रहने को विवश था। बरसात के मौसम में टपकती छत, भीगता सामान और असुरक्षित वातावरण उनके लिए हर साल बड़ी परेशानी बन जाता था। परिवार के साथ सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन का सपना आर्थिक अभाव के कारण अधूरा ही रह जाता था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सुनील पांडेय को पक्के आवास की स्वीकृति मिली। शासन से प्राप्त सहायता के माध्यम से उन्होंने अपना नया घर बनवाया। आज उनका परिवार सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक वातावरण में जीवन व्यतीत कर रहा है।

मलेरिया से हुई मौतों पर संज्ञान लें विभाग, स्वास्थ्य परीक्षण कराएं

रायपुर/नवप्रदेश। कांकेर जिले के कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने स्वास्थ्य विभाग की बैठक लेकर जिले में मलेरिया से हुई मृत्यु के मामलों की समीक्षा की तथा स्वास्थ्य एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरणों को विभाग बेहद गंभीरता से लें तथा जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं व अन्य विभागीय अमलों को नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही जिन ग्रामों में मलेरिया के अधिक प्रकरण सामने आ रहे हैं, वहां हाई अलर्ट मोड में काम करने तथा स्थिति पर सतत् निगरानी रखने व उच्च कार्यालय को तत्काल सूचित करने के निर्देश दिए। जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में स्थित सभी आश्रम-छात्रावासों में अध्ययनरत विद्यार्थियों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराएं तथा मलेरिया के अलावा डायरिया, टायफाइड, पीलिया जैसी अन्य वेक्टरजनित बीमारियों के लक्षण पाए जाने पर स्वास्थ्य कैम्प लगाकर प्रत्येक विद्यार्थी और शिक्षक का सैम्पल लें। इसके अलावा आशा वर्कर (मितानिन) की पेटियों में सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहे। इसके अतिरिक्त जमीनी कार्यकर्ता सतत् उच्चाधिकारी को सूचित करें व उच्च कार्यालय की बिना पुष्टि के भ्रामक अभिमत न दें। बैठक में कलेक्टर ने यह भी कहा कि राज्य शासन मलेरिया से हुई मौतों को लेकर बेहद संजीदा है, जिसकी गंभीरता इस बात से पता चलती है कि स्वास्थ्य मंत्री एवं स्वास्थ्य सचिव द्वारा बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

छत्तीसगढ में 14,948 शिक्षण संस्थान हुए तंबाकू मुक्त

■ **70 हजार से ज्यादा लोगों ने ली तंबाकू छोड़ने की काउंसलिंग, COTPA उल्लंघन पर 10.97 लाख रुपए जुर्माना**

रायपुर/नवप्रदेश। तंबाकू के खिलाफ छत्तीसगढ़ में चल रही मुहिम अब सिर्फ जागरूकता अभियान तक सीमित नहीं रही है। राज्य में तंबाकू की रोकथाम से लेकर इसे छोड़ने के लिए काउंसलिंग, उपचार, शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने और कानून के उल्लंघन पर कार्रवाई तक एक साथ काम किया जा रहा

है। इसी समेकित प्रयास का असर है कि वर्ष 2025-26 में 70,440 लोगों ने तंबाकू छोड़ने के लिए काउंसलिंग ली, जबकि 6,563 लोगों को काउंसलिंग के साथ फार्माकोथेरेपी उपलब्ध कराई गई। युवाओं को तंबाकू से दूर रखने के लिए 4,577 नए शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया, जिससे राज्य में ऐसे संस्थानों की संख्या बढ़कर 14,948 हो गई है। अभियान का विशेष फोकस युवाओं को तंबाकू से दूर रखने पर रहा। Tobacco Free Educational Institution अभियान के तहत वर्ष के दौरान 4,577 नए शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया। पूर्व में घोषित 10,371 संस्थानों को मिलाकर राज्य में अब 14,948 शिक्षण संस्थान तंबाकू मुक्त घोषित किए जा चुके हैं। इनमें शासकीय एवं निजी स्कूलों के साथ कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थान शामिल हैं।

जागरूकता के साथ COTPA पर सख्ती

तंबाकू नियंत्रण अभियान में कानून के प्रभावी पालन पर भी विशेष जोर दिया गया। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान प्रतिबंध के उल्लंघन पर वर्ष के दौरान 7,783 चालान कर 10,97,670 रुपए का जुर्माना वसूला गया। वहीं 18 वर्ष से कम आयु के लोगों को तंबाकू उत्पाद बेचने अथवा उनसे खरीदने के मामलों में 1,088 चालान तथा शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री के विरुद्ध 1,187 चालान किए गए।

जनता की सेहत से कोई समझौता नहीं : मंत्री राजवाड़े

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास मंत्री एवं भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने शुक्रवार को भटगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, उपचार व्यवस्था, स्वच्छता तथा अस्पताल संचालन की स्थिति का जायजा लिया।

मंत्री राजवाड़े ने ओपीडी, वार्ड, प्रसूति कक्ष, दवा वितरण केंद्र, पेयजल व्यवस्था एवं अस्पताल परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर उपचार, दवाओं की उपलब्धता तथा अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में पाई गई कमियों को तत्काल दूर किया जाए तथा मरीजों को समय पर उपचार, आवश्यक दवाएं एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, दवाओं का पर्याप्त भंडारण बनाए रखने तथा चिकित्सा उपकरणों के सुचारू संचालन के निर्देश दिए।

राजवाड़े ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मेरे क्षेत्र की देवतुल्य जनता को बेहतर, सुगम और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

नल-जल परियोजनाएं पूरी होने के बाद पंचायतों को सौंपी जाएंगी : साव

रायपुर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि जल आपूर्ति के लिए उपयोग हो रहे जल स्रोतों की देखभाल और सावधानीपूर्वक उपयोग जरूरी है। इसके टिकाऊपन पर ही योजना की दीर्घकालीन सफलता निर्भर है। उन्होंने कहा कि नल जल योजनाओं के काम पूर्ण होने तथा पंचायतों को इसके हस्तांतरण के बाद इसका संचालन व संधारण ग्राम पंचायतों को करना है। जल जीवन मिशन हमारे घर और हमारे गांव के लिए योजना है। ग्राम पंचायतों को गांव वालों के साथ मिलकर जल आपूर्ति की व्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाना है।

साव ने यह बात जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल प्रमाणित गांवों की महिला सरपंचों के लिए ग्रामीण पाइपलाइन जल

आपूर्ति योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव पर राज्य योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव पर राज्य स्तरीय कार्यशाला में कही। उन्होंने नवा रायपुर स्थित राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमि जल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में आयोजित कार्यशाला में महिला सरपंचों को संबोधित किया।

सरपंचों ने अनुभव किए साझा

हर घर जल प्रमाणित गांवों में नल जल योजनाओं के संचालन, संधारण और मरम्मत पर व्यापक विचार-विमर्श और बेस्ट प्रेक्टिसेस पर गहन चर्चा की गई। महिला सरपंचों ने इस दौरान जल जीवन मिशन के तहत अपनी-अपनी पंचायतों में जल आपूर्ति की व्यवस्था तथा नल जल योजना के संचालन-संधारण के अनुभव साझा किए। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने महिला सरपंचों को नल जल योजनाओं के सफल, निर्बाध और दीर्घकालीन संचालन के गुर बताए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमि जल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान की निदेशक रूबी मुखर्जी और यूनिसेफ की जल एवं स्वच्छता विशेषज्ञ श्वेता पटनायक ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता केके मरकाम और अधीक्षण अभियंता समीर गौड़ भी कार्यशाला में मौजूद थे।

महिला सरपंचों की कार्यशाला में उठी मांग

साव ने जल स्तर बनाए रखने तथा भू-जल स्रोतों को रिचार्ज करने स्टॉपडैम बनाने और बारिश के पानी को संग्रहित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बारिश के पानी के प्राकृतिक बहाव के अवरोधों व अतिक्रमणों को हटाकर तालाबों को अच्छे से भरने की व्यवस्था सभी गांवों को करना चाहिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा यूनिसेफ और एसीई संस्था के सहयोग से इस एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इसमें करीब 100 महिला सरपंच शामिल हुईं।

रायपुर निगम को मिलेंगे 10 करोड़ जलभराव की समस्या दूर करने पर जोर

राजधानी में जलभराव सहित अन्य जन समस्याओं को दूर करने रायपुर नगर निगम को जल्द ही 10 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि मिलेगी। महापौर मीनल चौबे के नेतृत्व में गुरुवार को पार्षदों और एल्डरमैन ने उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर विकास कार्यों को लेकर चर्चा की।

संविदा श्रमिकों के लिए पारदर्शी और समयबद्ध वेतन भुगतान की दिशा में बीएसपी की नई पहल

■ पीएनबी के साथ रिकॉर्ड ऑफ म्यूचुअल अंडरस्टैंडिंग संपन्न

भिलाई/नवप्रदेश। सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र ने संविदा श्रमिकों के हितों के संरक्षण तथा पारदर्शी, समयबद्ध एवं डिजिटल वेतन भुगतान व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ एस्क्रो आधारित डिजिटल वेतन भुगतान प्रणाली के क्रियान्वयन हेतु रिकॉर्ड ऑफ म्यूचुअल अंडरस्टैंडिंग संपन्न किया। इस संबंध में आयोजित औपचारिक कार्यक्रम कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (ऑटोमेशन एवं डिजिटलीकरण) रवि शंकर, महाप्रबंधक प्रभारी (मानव संसाधन) जे. एन. ठाकुर, महाप्रबंधक (मानव संसाधनङ्कवर्क्स) संजय द्विवेदी, महाप्रबंधक (मानव संसाधन/औद्योगिक संबंध एवं संविदा श्रम प्रकोष्ठ) राजीव कुमार, महाप्रबंधक (टाउनशिप) विकास चन्द्रा, महाप्रबंधक (सी एंड आईटी) सरबानी दास, महाप्रबंधक (मानव संसाधन /मिल्स, एम एंड एस) प्रताप शेखर नायक और महाप्रबंधक (मानव संसाधन/वेलफेयर) सुरजीत मलिक सहित मानव संसाधन एवं सी एंड आईटी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। पंजाब नेशनल बैंक की ओर से

सर्किल हेड रायपुर वी. के. शर्मा, सहायक महाप्रबंधक (सीएससी) प्रवीण कुमार, मुख्य प्रबंधक, सिविक सेंटर शाखा अजीत साहू तथा बैंक के अन्य अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर अपने संबोधन में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कहा कि यह पहल भिलाई इस्पात संयंत्र एवं पंजाब नेशनल बैंक के मध्य सहयोग का एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एस्क्रो आधारित डिजिटल वेतन भुगतान प्रणाली के क्रियान्वयन से संविदा श्रमिकों के वेतन भुगतान में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं विश्वसनीयता और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने इस पहल को सफल स्वरूप देने में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम द्वारा किए गए सतत प्रयासों की सराहना करते हुए पंजाब नेशनल बैंक के सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया।

महाप्रबंधक प्रभारी जे. एन. ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि यह व्यवस्था संविदा श्रमिकों के वेतन भुगतान से संबंधित प्रक्रियाओं को अधिक व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इससे वैधानिक प्रावधानों के प्रभावी अनुपालन को भी मजबूती मिलेगी तथा श्रमिकों के हितों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने इस महत्वपूर्ण पहल में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा प्रदान किए जा रहे निरंतर सहयोग की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान दोनों संस्थानों ने एस्क्रो आधारित डिजिटल वेतन भुगतान प्रणाली के सफल क्रियान्वयन हेतु परस्पर सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक (मानव संसाधन/औद्योगिक संबंध एवं संविदा श्रम प्रकोष्ठ) राजीव कुमार द्वारा किया गया।

न्यूज गैलरी

यूनिवर्सिटी कुलसचिव को कारण बताओ नोटिस, हाई एजुकेशन डायरेक्टेड ने मांगा जवाब

दुर्ग/नवप्रदेश। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप को उच्च शिक्षा संचालनालय ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्हें सात दिनों के भीतर जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। यह कार्रवाई सरकारी वाहन के कथित दुरुपयोग, दुर्घटनाग्रस्त वाहन की मरम्मत में नियमों की अनदेखी और शासकीय राशि के उपयोग में अनियमितता के आरोपों की जांच के बाद की गई है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद उच्च शिक्षा संचालनालय के आयुक्त ने कुलसचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया। नोटिस में कहा गया है कि शुरुआती जांच में कई बिंदुओं पर अनियमितताएं सामने आई हैं। इसलिए संबंधित अधिकारी से सात दिनों के भीतर अपना पक्ष रखने और सभी आरोपों पर स्पष्ट जवाब देने को कहा गया है। तय समय में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर विभागीय कार्रवाई की जा सकती है। उच्च शिक्षा संचालनालय को भेजी गई जांच रिपोर्ट में इन सभी बिंदुओं को गंभीर माना गया है। रिपोर्ट के अनुसार, मामले में वित्तीय और प्रशासनिक स्तर पर लापरवाही की आशंका सामने आई है। इसी आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कुलसचिव को सात दिनों के भीतर अपना पक्ष और संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। इसके बाद उच्च शिक्षा संचालनालय उनके जवाब और उपलब्ध रिकॉर्ड की जांच करेगा। यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया तो विभागीय स्तर पर आगे की कार्रवाई की जा सकती है।

पत्नी के लिए दवा लेने निकले हवलदार पर हमला, अपराध दर्ज

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के पुलगांव थाना क्षेत्र में देर रात कार दुर्घटना के विवाद में एक प्रधान आरक्षक (हवलदार) पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट की, गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और पुलिस को सूचना देने के लिए निकाला गया मोबाइल भी तोड़ दिया। पुलिस ने अज्ञात 3-4 आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, प्रार्थी मनीष कुमार अग्निहोत्री (40) निवासी शिवाजी नगर, तितुरडीह, दुर्ग हैं। वे 29 जुलाई तक थाना उतई में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ थे और 30 जुलाई को उनका स्थानांतरण रक्षित केंद्र दुर्ग हुआ था। 27 जुलाई की रात पत्नी की तबीयत खराब होने पर वे सोमनी के पास एक गांव में आयुर्वेदिक वैद्य से दवा लेने गए थे। देर रात वापस लौटते समय रसमड़ा हाईवे स्थित आशीर्वाद बार के पास ट्रक के ओवरटेक करने के दौरान आवाज आने पर उन्होंने कार रोककर जांच शुरू की। चौकी अंजोरा पुलिस ने अज्ञात 3-4 आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(3), 324(4) और 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। मामले की विवेचना जारी है।

संत शिरोमणि रविदास महाराज के 650 जन्म जयंती महोत्सव

नंदिनी अहिवारा/नवप्रदेश। अहिवारा मंडल में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर संत रविदास के मंदिर में पूजा अर्चना की गई। संत रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश भाजपा कार्य समिति सदस्य रविशंकर सिंह, मंडल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष चिन्ना केशवालू, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष और जिला उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार, अहिवारा मंडल अध्यक्ष रामजी निर्मलकर, निर्मेश मिश्रा, शुभम ताम्रकार, कमलेश वर्मा, लोकेश्वरी साहू, नंदकुमार यादव, पार्षद मीना जोशी, एल्डरमैन ममता जंगल, महिला मोर्चा अध्यक्ष संध्या नायक, किरण सोनी, शोभा शर्मा, शेखर साहू उपस्थित रहे।

14 मिनट में दो चेन स्नेचिंग, स्कूटी सवारों ने बुजुर्ग से झपटी, दूसरे पर फेंका मिर्च पाउडर

भिलाई/नवप्रदेश। शहर में शुक्रवार सुबह एक के बाद एक हुई दो चेन स्नेचिंग की वारदातों से लोगों में दहशत फैल गई। 2 बदमाशों ने सुबह टहलने निकली अकेली बुजुर्ग महिलाओं को निशाना बनाया। पहली घटना सुपेला थाना क्षेत्र के प्रियदर्शनी परिसर स्थित भाजपा कार्यालय के पास सुबह करीब 6:25 बजे हुई। एक बुजुर्ग महिला अपने घर के सामने टहल रही थीं, तभी एक्टिवा सवार दो युवक वहां पहुंचे। वाहन चला रहा युवक हेलमेट पहने था, जबकि पीछे बैठा आरोपी चेहरे पर नकाब लगाए हुए था। दोनों ने महिला के गले से सोने की चेन झपट ली और मौके से फरार हो गए। वारदात के दौरान चेन का एक हिस्सा टूटकर सड़क पर गिर गया, जिसे पुलिस ने मौके से बरामद कर लिया है। बताया जा

रहा है कि चेन करीब तीन तोले की थी। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों के हाथ चेन का कितना हिस्सा लगा और कितना हिस्सा घटनास्थल पर गिरा।

महिला ने मिर्च पाउडर फेंककर छीनी चेन

दूसरी घटना भट्ठी थाना क्षेत्र के सेक्टर-1, सड़क नंबर-2 के पास सुबह करीब 6:11 बजे हुई। बुजुर्ग महिला अपने घर के बाहर फूल तोड़ रही थीं। तभी 45 से 50 साल की महिला उनके पास पहुंची। आरोपी ने पहले बुजुर्ग महिला के चेहरे पर मिर्च पाउडर फेंका, जिससे वह घबरा गईं। इसके बाद उसने उनके गले से सोने की चेन झपट ली और पास में बाइक लेकर खड़े अपने साथी के साथ फरार हो गई।

मॉर्निंग वॉक और फूल तोड़ रही महिलाओं पर साधा निशाना

दोनों घटनाओं में एक समान बात सामने आई है। बदमाशों ने सुबह के समय घर के बाहर अकेली मौजूद बुजुर्ग महिलाओं को निशाना बनाया। पहली महिला मॉर्निंग वॉक कर रही थीं, जबकि दूसरी महिला घर के बाहर फूल तोड़ रही थीं। इस समानता को देखते हुए पुलिस को आशंका है कि वारदातों के पीछे किसी संगठित गिरोह का हाथ हो सकता है।

घटना की सूचना मिलते ही दुर्ग रेंज के डीआईजी विजय अग्रवाल, भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, सुपेला थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने पीड़ित महिला से बातचीत की और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। पुलिस आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी है।

रुआंबांधा में 37.67 लाख के कार्यों का विधायक चंद्राकर ने किया भूमिपूजन

भिलाई/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रुआबांधा सेक्टर वार्ड 6 में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। हनुमान मंदिर और शिव मंदिर में विधायक ललित चंद्राकर ने पूजा-अर्चना के बाद 37.67 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण, पेवर ब्लॉक और कव्हर ड्रेन के कार्यों का भूमिपूजन किया। विधायक चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार हर वार्ड तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जनता की मांग और जरूरतों के आधार पर लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य है। रिसाली क्षेत्र के विकास के लिए फंड की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, मंडल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, वार्ड पार्षद शीला नारखेड़े, दशरथ साहू, गुड्डू झा, जिला मंत्री शैलेन्द्र शेंडे, मंडल उपाध्यक्ष प्रेम साहू, अजीत चौधरी, पार्षद सुनंदा चंद्राकर, सविता धवज, रमा साहू, सरिता साहू, मनीष यादव, धर्मेन्द्र भगत, सरिता देवांगन उपस्थित रहे।

श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में प्रेमचंद जंयती पर संवाद कार्यक्रम

भिलाई/नवप्रदेश। श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में हिन्दी विभाग के तत्वाधान में प्रेमचंद जयंती समारोह का आयोजन किया गया। मुंशी प्रेमचंद के साहित्य पर आयोजित संवाद में प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विभागाध्यक्ष डॉ. सरिता रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय डायरेक्टर, विकास डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुंशी प्रेमचंद की कहानियों में मानवता, करुणा, समानता और सामाजिक न्याय का सशक्त संदेश मिलता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

कु. भावना देवांगन ने 'ईदगाह' कहानी की चर्चा करते

हुए कहा कि इस कहानी ने हमें बेहतर इंसान बनने और संवेदना, करुणा को स्थापित करने की प्रेरणा दी है। बीएससी की छात्रा कु मुस्कान केशरवानी ने निर्मला उपन्यास पर अपनी सारगर्भित टिप्पणी दी। प्रेमचंद ने इस उपन्यास के माध्यम से नारी की पीड़ा और सामाजिक सुधार को अत्यंत मार्मिक रूप से सामने रखा है।

कु साक्षी साहू ने सुहाग की साड़ी पर चर्चा करते हुए कहा कि सुहाग की साड़ी एक वस्त्र नहीं बल्कि देशप्रेम ,आत्मसम्मान और स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति समर्पण का प्रतीक है। कु. मुस्कान पांडे एवं प्रीतिपाल, श्रेयांश वर्मा, मुस्कान केशरवानी ने कविताओं पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम के डा. संजीव कुमार, डा. हिमांशु गुप्ता ,डा. रंजना शर्मा ने भी अपने विचार रखें। संचालन डॉ सरिता रावत ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

टेक्नीशियन राज वासनिक ने राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जीते तीन पदक

■ सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र ने किया वासनिक का अभिनंदन

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) दुर्ग क्षेत्र के उतई वितरण केंद्र में पदस्थ तकनीशियन राज वासनिक ने महाराष्ट्र के संभाजी नगर में आयोजित राष्ट्रीय मास्टर पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में तीन पदक (स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक) अपने नाम किए हैं। 19 से 23 जुलाई तक आयोजित प्रतिष्ठित अखिल भारतीय प्रतियोगिता में उन्होंने 105 किलोग्राम वजन वर्ग समूह में हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के दौरान वासनिक ने स्क्वॉट में 290 किलोग्राम (कांस्य पदक), बेंच प्रेस में 182 किलोग्राम (स्वर्ण पदक) और डेडलिफ्ट में 217 किलोग्राम वजन उठाया। सभी स्पर्धाओं में कुल मिलाकर 690 किलोग्राम वजन उठाने के बाद उन्हें ओवरऑल रजत पदक से सम्मानित किया गया।

वासनिक ने इसके पूर्व न्यूजीलैंड में आयोजित कॉमनवेल्थ पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर देश और राज्य का नाम रोशन किया था।

प्रतियोगिता के पश्चात् दुर्ग लौटने पर सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट और अतिरिक्त मुख्य अभियंता एस मनोज ने उनका आत्मीय अभिनंदन किया। पॉवर कंपनी के उच्च अधिकारियों ने वासनिक की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से जुलाई माह 2026 में कुल 93 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें खदान बिरादरी के सदस्यों सहित 12 कार्यपालक व 81 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। कार्यपालकों हेतु विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्र ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ एवं सुखद भविष्य के

लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक वित्त एवं लेखा प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं प्रबीर कुमार सरकार, कार्यपालक निदेशक संकार्य राकेश कुमार, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन केसी मिश्रा उपस्थित रहे।

निदेशक प्रभारी महापात्र ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों से आत्मीय संवाद कर संयंत्र के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में उनके अनुभव और सुझाव आमंत्रित किए, जिन पर निदेशक प्रभारी एवं कार्यपालक निदेशकों ने विस्तार से चर्चा की। सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों ने अपने कार्यकाल की यात्रा साझा करते हुए अनुभवों एवं विचारों को व्यक्त किया। अंत में कार्यपालक निदेशकों ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों को जीवन के नए पड़ाव के लिए अपनी शुभकामनाएँ दीं। 31 जुलाई 2026 को भिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर-कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई।

जन्मदिन पर पोस्टर नहीं, पेड़ लगाओ विधायक रिकेश ने समर्थकों से की अपील

■ 10 को जन्मदिन पर पेड़ लगाने की प्रतियोगिता का आह्वान

भिलाईनगर/नवप्रदेश। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने 10 अगस्त को अपने जन्मदिन के अवसर पर बधाई संदेश वाले पोस्टर लगाने के बजाय पेड़ लगाने का आव्हान किया है। विधायक ने कहा कि जन्मदिन पर उनके समर्थक बड़ी संख्या में पोस्टर लगाते हैं। इस बार पोस्टर लगाने की प्रतिस्पर्धा करने की बजाय अधिक से अधिक पौधे

लगाने की अपील रिकेश सेन ने की है। रिकेश सेन ने निगम अफसरों से नगर निगम या शासकीय पोल पर पोस्टर लगाए जाने पर तत्काल हटाने कहा है। इस पहल का उद्देश्य जन्मदिन के उत्सव को पर्यावरण संरक्षण से जोडना है। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक पोस्टर लगाने से भी बचने का संदेश दिया गया है।

भाजपा कुम्हारी मंडल ने मनाई रविदास जयंती

कुम्हारी/नवप्रदेश। भाजपा कुम्हारी मंडल के द्वारा संत रविदास जी की 650 जयंती का कार्यक्रम दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में 650 दीप प्रज्वलित कर के गुरुपूर्णिमा उत्साह बड़े हर्षाउल्लास के साथ मनाया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पांडेय, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, नपा अध्यक्ष मीना वर्मा, धानमंडी सोसायटी प्राधिकृत अध्यक्ष मनोज वर्मा, मंडल महामंत्री दीपक चतुर्वेदी, गोल्डी गोस्वामी एल्डरमैन नपाप कुम्हारी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर, जिला आई टी सेल सहप्रभारी जूही चंद्राकर, महिला मोर्चा जिला मंत्री रीता पांडेय, मंडल उपाध्यक्ष फिंगेश्वर साहू, योगिता वर्मा मंडल मंत्री अश्वनी देशलहरे पार्षद 01 जल प्रभारी, उमाकांत साहू खाद्य प्रभारी, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष उमेश साहू, कुम्हारी मंडल महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष जूली सिंह, उपाध्यक्ष साधना स्वर्णकार, उपाध्यक्ष प्रभा बंजारे, महामंत्री स्वर्णलता साहू, नीलम बंजारे, सोशल मीडिया प्रभारी पिंकी सील, कोषाध्यक्ष जी जया लक्ष्मी राव उपस्थित थे। इस अवसर पर चर्मकार समाज के कौशल्या पाठक, जामिन श्रीवांजर, भारती सोनवानी, ललिता सोनवानी, विश्वांतिन शिवारे, नीता सोनवानी, शुकवारो, लीला सीवारे, गंगा सिवारे, धन्नू पाठक, सफीक शिवांजर, खेमलाल, ट्विंकल, बेबी स्वेता, रमा एवं फुग्गी बहनों एवं भाईयों का सम्मान भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल के द्वारा श्रीफल और गमछा भेंट कर किया गया।

सड़क सुरक्षा का संदेश: महापौर अलका बाघमार ने छात्राओं को सुरक्षित यातायात का दिलाया संकल्प

18 वर्ष पूर्ण कर चुकी छात्राओं को महापौर अलका ने बांटे हेलमेट

दुर्ग/नवप्रदेश। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा युवाओं में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से आज वार्ड 21 तितुरडीह स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी/ हिंदी माध्यम विद्यालय में हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार ने लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, पार्षद विद्यावती सिंह, रंजीता पाटिल, अरुण सिंह, मनमोहन शर्मा तथा विद्यालय परिवार की शालिनी त्रिवेदी, प्रभारी प्राचार्य चरनजीत कौरे, वरिष्ठ व्याख्याता भुल्लर, ज्योति मैडम, हेमलता साहू, साधना चंद्राकर,

अनुपमा मेश्राम, घनश्याम पटेल एवं अभिषेक रात्रे की उपस्थिति में विद्यालय की 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुकी छात्राओं को हेलमेट वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर बाघमार ने कहा कि छात्राएं देश का भविष्य हैं और उनकी सुरक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

आज के समय में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिनमें अधिकांश दुर्घटनाएं यातायात नियमों की अनदेखी और हेलमेट का उपयोग नहीं करने के कारण होती हैं। हेलमेट केवल कानूनी अनिवार्यता नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का सबसे प्रभावी साधन है। महापौर ने छात्राओं से अपील की कि वे हमेशा यातायात नियमों का पालन करें, तेज गति से वाहन न चलाएं, मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन न चलाएं तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि आज हेलमेट प्राप्त करने वाली छात्राएं अपने घर और समाज में सड़क सुरक्षा की प्रेरक बनें और सुरक्षित यातायात का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं।

लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर ने कहा कि युवाओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना समय की आवश्यकता है। ऐसे कार्यक्रम केवल हेलमेट वितरण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं।

विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य चरनजीत कौरे ने नगर निगम द्वारा आयोजित इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे छात्राओं में सुरक्षा के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में समय-समय पर सड़क सुरक्षा और जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी छात्राओं को सुरक्षित वाहन संचालन की शपथ दिलाई और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

नव प्रदेश राजरंग...52

चन्नी नवंबर में छोड़ेंगे कांग्रेस

कांग्रेस पार्टी एक तरफनीट पेपर मामले में बीजेपी को घेरने की कोशिश कर रही है, वहीं दूसरी तरफबीजेपी पंजाब के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को घेरने की कोशिश में प्राणपण से जुटी हुई है। पार्टी की बातचीत कांग्रेस के असंतुष्ट नेता और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरण जीत सिंह चन्नी से चल रही है। सूत्र बताते हैं कि चन्नी नवंबर तक कांग्रेस छोड़ सकते हैं। लेकिन वे बीजेपी में शामिल नहीं होंगे। बल्कि वे पांचवा मोर्चा बनाने की कोशिश करेंगे। बीजेपी उनकी इसके लिए मदद करेगी, ताकि वोटों का बंटवारा हो सके। दरअसल पंजाब में अभी चार मोर्चे हैं। पहला मोर्चा निश्चित तौर पर आम आदमी पार्टी का है और दूसरा मोर्चा कांग्रेस का ही है। तीसरा मोर्चा बीजेपी का है। चौथा मोर्चा लंबे समय तक बीजेपी के सहयोग से सत्ता में रही शिरोमणि अकाली दल का है। बीजेपी की सोच है कि अगर वह चन्नी को अपने साथ लाएगी तो हो सकता है कि उससे अंसुष्ट होकर पहले ही बीजेपी में शामिल हो चुके पूर्व कांग्रेसी मसलन सुनील जाखड़, कैप्टन अमरिंदर सिंह नाराज हो सकते हैं। इससे बीजेपी की चुनावी उम्मीदों पर असर पड़ सकता है।

प्रधान के इस्तीफे से परेशानी में बीजेपी और संघ

काकरोच जनता पार्टी के आंदोलन को मोदी सरकार ने चलताऊ ढंग से लिया। उन्हें लगा कि यह आंदोलन अपने आप ही फुस्स हो जाएगा। लेकिन ऐसा हुआ नहीं और संघ के एजेंडे को लागू करने वाले सबसे भरोसेमंद मंत्री के इस्तीफे के बाद ही जाकर खत्म हो गया। इसके बाद संघ में बैठकों का दौर तेज हो गया है। माथापच्ची हो रही है कि आखिर कहां कमजोर रहे कि आंदोलन सफल हो गया। भारतीय जनता पार्टी का दावा है कि वह दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। अगर उसके आधे यानी पांच करोड़ सदस्य भी मैदान में उतर गए होते तो क्या आंदोलन सफल होता? अतीत में मोदी सरकार के खिलाफजितने आंदोलन हुए हैं, राष्ट्रवादी खेमा सोशल मीडिया, मीडिया और जमीन-तीनों जगह मोदी के साथ खड़ा रहा। इसमें दो राय नहीं कि संघ और बीजेपी का जो कोर वोटर है, जो बौद्धिक मुकाबला कर सकता है, उसमें ज्यादातर लोग सवर्ण तबके के हैं। लेकिन मोदी सरकार के कई फैसलों से यह तबका अब निराश है। यूजीसी की गाइडलाइन के बाद यह एक तरह से चुप ही हो गया है। मोटे तौर पर यह तबका आरक्षण का भी विरोधी है। फिर मोदी सरकार का ब्यूरोक्रेसी पर बहुत भरोसा है। राजनीतिक नियुक्तियां न के बराबर हुई हैं। कोर वोटर की चिंताओं को ना तो संघ देखने को तैयार होता था और न ही बीजेपी। यह वजह रही कि काकरोच जनता पार्टी के आंदोलन के दौरान राष्ट्रवादी खेमा खड़ा नजर नहीं आया। इसका असर यह हुआ कि सोशल मीडिय से लेकर जमीन तक काकरोच जनता पार्टी आगे रही। रही-सही कसर पीछे से समर्थन देकर आम आदमी पार्टी और वामपंथी पार्टियों के साथ ही भीम आर्मी के सदस्य पूरा करते रहे। पुलिस सूत्र तो बताते हैं कि इस आंदोलन में अल्पसंख्यक कट्टरपंथी तत्वों की भरमार रही। उन्हें रोकने की प्रभावी कोशिश नजर नहीं आई। जब से संघ और बीजेपी को यह फीडबैक मिली है, दोनों चिंतित हैं। अब कार्यकर्ताओं को बौद्धिक नहीं दिया जा रहा, बल्कि उनकी सुनी जा रही है। उन्हें प्रोत्साहित करने और फिर से मैदान में उतारने के लिए मनाया जा रहा है। हो सकता है कि आने वाले दिनों में राजनीतिक नियुक्तियां भी हों और कार्यकर्ताओं को संतुष्ट करने की कोशिश भी हो।

साढ़े दस लाख भी नहीं मिल रहे पंजाब कांग्रेस को

पंजाब की ही बात चली है तो कुछ जानकारी पंजाब के कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल की। बघेल के बारे में पंजाब कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि उन्हें तो रायपुर से ही फुर्सत नहीं है। जबकि पंजाब कांग्रेस में उथल-पुथल जारी है। बघेल के ही नजदीकी हैं विनोद वर्मा। वही वर्मा, जो मुख्यमंत्री रहते भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार थे। विनोद वर्मा कांग्रेस के प्रशिक्षण सेल के प्रभारी हैं। उन्हें विधानसभा चुनावों के लिहाज से पंजाब कांग्रेस के प्रवक्ताओं और कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण का जिम्मा मिला। वर्मा जी ने प्रशिक्षण के लिए साढ़े दस लाख रूपए का एस्टीमेट पार्टी के कोषाध्यक्ष को दिया तो यह खर्च पंजाब कांग्रेस को दे दिया गया। पंजाब की कांग्रेस कमेटी ने पैसे की कमी के चलते इतना रकम देने में असमर्थता जता दी। तब वर्मा जी से कहा गया कि पंजाब के पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखवीर सिंह सुक्खू ये पैसे दे देंगे। जब सुक्खू से संपर्क किया गया तो उन्होंने भी इतनी रकम देने से असमर्थता जता दी। तो क्या मान लिया जाए कि पंजाब के लिए कांग्रेस के पास पैसा नहीं है? फिलहाल तो ऐसा ही लग रहा है। बताया जा रहा है कि बघेल जी को भी इसकी जानकारी है। लेकिन वे भी कुछ कर नहीं पा रहे। वैसे चाहें तो पंजाब कांग्रेस या कांग्रेस का कोई भी बड़ा नेता खुद के दम पर इतना खर्च कर सकता है। लेकिन लगता है कि कांग्रेसियों को लगता है कि उपले में कौन घी डालने जाए। नेता खर्च वहीं करते हैं, जहां उम्मीद होती है। तो क्या यह मान लिया जाए कि कांग्रेस और उसके नेताओं को नहीं लगता कि पंजाब में वे आम आदमी पार्टी को मात दे सकते हैं। महज साढ़े दस लाख की रकम की कमी तो यही बता रही है।

बीस मार्च को ही इस्तीफा दे चुके थे प्रधान!

बीजेपी और सरका से जुड़े सूत्र बताते हैं कि 20 मार्च को संसद मार्च के दिन हुए लाठी चार्ज के बाद ही धर्मेंद्र प्रधान ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि उन्होंने उसे अमित शाह को दिया था। तब अमित शाह ने उनके इस्तीफे को रोक लिया था। चूंकि धर्मेंद्र प्रधान बीजेपी में संघ के आदमी के माने जाते हैं। अमित शाह ने तर्क दिया कि अगर प्रधान ने इस्तीफा दिया तो संघ की बदनामी होगी और इस्तीफे को प्रधानमंत्री तक नहीं पहुंचाया गया। लेकिन संसद मार्च के दिन के लाठी चार्ज का मामला तूल पकड़ने लगा तो प्रधानमंत्री मोदी ने कमान अपने हाथ में ले ली। खुद सेल्फी मोड में वीडियो बनाकर नौजवानों को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने शरद पवार का सहयोग लिया। मराठी कनेक्शन के जरिए पवार ने जंतर-मंतर पहुंचकर अभिजीत दीपके से मुलाकात की। इसके बाद बातचीत की राह खोली गई। बातचीत के लिए जगत प्रकाश नड्डा और जितेंद्र सिंह को अधिकृत किया गया। बाकी मामला सामने है। जंतर-मंतर का धरना खत्म हो चुका है।

श्रेय लेने की जंग

काकरोच जनता पार्टी के संसद मार्च के पहले कांग्रेस उनके आंदोलन में उतरने को तैयार ही नहीं थी। सोनम बांगचुक से तमाम विपक्षी पार्टियों के नेता मिलने के लिए जंतर-मंतर पहुंचे, लेकिन कांग्रेस का बड़ा नेता नहीं पहुंचा। आंदोलनकारी चाहते थे कि वांगचुक से मिलने राहुल गांधी जंतर-मंतर पहुंचें। लेकिन राहुल की बजाय पवन खेड़ा पहुंचे। इसे लेकर सोशल मीडिया पर राहुल पर खूब सवाल भी काकरोच जनता पार्टी की ओर से उठाए गए। लेकिन कांग्रेस टस से मस नहीं हुई। दरअसल उसे लगता ही नहीं था कि यह आंदोलन जोर पकड़ पाएगा। दूसरी बात, कांग्रेस को पता था कि आंदोलन को पीछे से आम आदमी पार्टी का समर्थन मिल रहा है। कुछ ही महीने बाद पंजाब में उसी आम आदमी पार्टी के सामने कांग्रेस को चुनावी मैदान में उतरना है। कांग्रेस इसलिए भी बच रही थी। कांग्रेस तो चाहती थी कि हर हाल में आंदोलन खत्म हो जाए। वांगचुक को जंतर-मंतर से हटाने के बाद एक बड़े कांग्रेसी नेता ने कुछ बड़े पत्रकारों से पूछ लिया था कि अमित शाह का सलाहकार कौन है? उन्होंने यहां तक कह दिया था कि वांगचुक को अनशन पर बैठने के हफ्तेभर भीतर ही उठा लेना था। लेकिन संसद मार्च के दौरान हुए लाठी चार्च के बाद कांग्रेस का रवैया बदल गया। राहुल गांधी खुद पीएम हाउस प्रदर्शन करने पहुंच गए। इससे आम आदमी पार्टी बौखला गई। उसे लगा कि आंदोलन का पूरा श्रेय कांग्रेस न ले ले। राहुल और मोदी के बीच धरने को लेकर सांठ-गांठ के आरोप वाला ट्वीट संजय सिंह ने लगाया ही था। यह बात और है कि राहुल की हठधर्मी और उनकी हिरासत से मामले को और तूल मिली और आंदोलन देखते ही देखते बड़ा हो गया। इसमें दो राय नहीं है कि वांगचुक को हटाए जाने के पहले तक जंतर-मंतर पर बड़ा धरना नहीं हो रहा था। लोग आते भी नहीं थे। लेकिन ऐन मार्च के दो दिन पहले वांगचुक को उठाने का संदेश यह गया कि सरकार मार्च से डर गई। फिर जो नौजवान जहां था, वहीं से जंतर-मंतर आने लगा। बाकी का इतिहास सबके सामने है।

राजदार

अरुणाचल मॉडल पर बस्तर में सड़क निर्माण की मांग, सीएम साय ने केंद्र से किया आग्रह

■ **PMGSY-IV में 10 किमी क्लस्टर की विशेष व्यवस्था का प्रस्ताव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिया सकारात्मक आश्वासन**

रायपुर/नई दिल्ली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर बस्तर संभाग के दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों तक सड़क संपर्क मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाय-4) में विशेष प्रावधान करने का आग्रह किया। बैठक में प्रदेश के गृह मंत्री श्री विजय शर्मा, भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव तथा मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह भी उपस्थित थे। इस दौरान गृह मंत्री श्री विजय शर्मा ने बस्तर सहित प्रदेश में ग्रामीण विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और राज्य सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर के अनेक गांव घने जंगलों, पहाड़ियों और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में स्थित हैं। वर्तमान में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत केवल 500 मीटर की परिधि में स्थित बसाहटों को एक क्लस्टर माना जाता है। इस व्यवस्था के कारण बस्तर के अनेक छोटे और दूरस्थ गांव सड़क सुविधा से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि अरुणाचल प्रदेश की तरह बस्तर में भी 10 किलोमीटर की परिधि में स्थित बसाहटों को एक क्लस्टर मानने की विशेष अनुमति दी जाए, ताकि अधिक से अधिक गांवों को सड़क संपर्क से जोड़ा जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर अब नक्सलवाद के दौर से निकलकर तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में बेहतर सड़क संपर्क क्षेत्र के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार और सरकारी योजनाओं से जोड़ने का सबसे प्रभावी माध्यम बनेगा।

बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में विकास कार्य तेजी से होंगे

केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री के प्रस्ताव को गंभीरता से सुना और इस पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बस्तर जैसे दूरस्थ और जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है और राज्य सरकार के प्रस्ताव पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्रामीण विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जीरामजी योजना के तहत मुक्तिधाम और शौचालय निर्माण जैसे कार्य प्रभावी ढंग से हो रहे हैं। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के बेहतर क्रियान्वयन की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में प्रतिदिन लगभग 1,500 आवासों का निर्माण एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में विकास कार्य और अधिक गति से आगे बढ़ेंगे।

बस्तर के 461 पूर्व नक्सल प्रभावित गांवों तक बिजली पहुंचाने की पहल

रायपुर/नई दिल्ली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री जुएल ओराम से मुलाकात कर धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत बस्तर संभाग के 7 जिलों के 461 दूरस्थ और पूर्व नक्सल प्रभावित गांवों तक ग्रिड बिजली पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार से 435 करोड़ रुपये की विशेष वित्तीय सहायता का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में विस्तृत प्रस्ताव सौंपते हुए कहा कि जिन गांवों में वर्षों तक नक्सल हिंसा के कारण विकास नहीं पहुंच सका, वहां अब बिजली जैसी बुनियादी सुविधा पहुंचाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस परियोजना की कुल लागत 973 करोड़ रुपये है। इसमें केंद्र सरकार से तीन वित्तीय वर्षों में सहायता मांगी गई है। वर्ष 2026-27 में 85 करोड़ रुपये, 2027-28 में 250 करोड़ रुपये और 2028-29 में 100 करोड़ रुपये, यानी कुल 435 करोड़ रुपये केंद्र से अपेक्षित हैं, जबकि शेष राशि राज्य सरकार वहन करेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत इस प्रस्ताव को विशेष प्रकरण मानते हुए शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि बस्तर के दूर-दराज गांव भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि बिजली पहुंचने से आदिवासी परिवारों के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा और शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा छोटे उद्योगों को नई गति मिलेगी। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री जुएल ओराम ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत प्रस्ताव प्राप्त होते ही उस पर तत्काल स्वीकृति की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के लिए धनराशि की कोई बाधा नहीं आने दी जाएगी और केंद्र सरकार बस्तर के विकास के लिए पूरा सहयोग करेगी।

महासमुंद/नवप्रदेश। पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के बाद शुक्रवार शाम करीब 4:40 बजे आसमान में सात रंगों का मनमोहक इंद्रधनुष दिखाई दिया। प्रकृति के इस अद्भुत नज़ारे ने लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। बच्चे, महिलाएं और युवा इंद्रधनुष की खूबसूरती को अपने-अपने मोबाइल कैमरों में कैद करते नजर आए। कुछ देर तक आसमान में सजा इंद्रधनुष शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा।

अभनपुर शराब दुकान में ओवररेटिंग पर बड़ी कार्रवाई, 400 रुपये की अवैध वसूली पकड़ाई, आबकारी उप निरीक्षक निलंबित

अभनपुर/नवप्रदेश। अभनपुर की देशी शराब दुकान में निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूलने के मामले में आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आबकारी उप निरीक्षक नीलम स्वर्णकार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई राज्य स्तरीय उड़नदस्ता की जांच रिपोर्ट के आधार पर आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी आदेश में की गई है। कार्यालय उपायुक्त आबकारी, राज्य स्तरीय उड़नदस्ता द्वारा 22 जुलाई 2026 को प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार अभनपुर देशी शराब दुकान में छद्म ग्राहकों (डिकॉय कस्टमर) के माध्यम से तीन बार शराब खरीदकर विक्रय दर का सत्यापन कराया गया। जांच में दुकान के विक्रेता शंकर लाल पटेल द्वारा शासन की निर्धारित दर से अधिक कीमत पर शराब बेचते हुए पाया गया।

जांच में पहली बार 18 पाव देशी मसाला शराब की निर्धारित कीमत 1,800 रुपये के स्थान पर 2,000 रुपये वसूलकर 200 रुपये अधिक लिए गए। इसके बाद दो अलग-अलग अवसरों पर 19-19 पाव शराब की निर्धारित कीमत 1,900 रुपये के बजाय 2,000 रुपये लेकर प्रत्येक बार 100-100 रुपये अतिरिक्त वसूले गए। इस प्रकार कुल 400 रुपये की ओवररेटिंग पकड़ी गई। इस अनियमितता पर विक्रेता शंकर लाल पटेल के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 39(ग) के तहत अधिक दर पर मदिरा विक्रय का प्रकरण दर्ज किया गया है। आदेश में कहा गया है कि यह मामला आबकारी उप निरीक्षक एवं मदिरा दुकान प्रभारी नीलम स्वर्णकार के प्रभार क्षेत्र का है। उनके क्षेत्र में इस प्रकार की गंभीर अनियमितता पाया जाना उनके कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता और शिथिल नियंत्रण का परिचायक है।

लोकार्पण से पहले नए रेस्ट हाउस पार हो गए एसी, टीवी और गीजर

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नगर के आउटर मोहड़ चौक से छुरिया मार्ग पर स्थित नए रेस्टहाउस में लोकार्पण से पूर्व ही चोरी का सिलसिला जारी है। पखवाड़ेभर पहले 4 नग एसी तथा 1 नग एलईडी टीवी चोरी हुई थी, वहीं इस बार 3 गीज़र भी चोरी हो जाने की खबर आई है।

अज्ञात चोरों द्वारा एक ही स्थल पर लगातार चोरी करने से हड़कंप मच गया है। उल्लेखनीय है कि नगर के आउटर में पीडब्ल्यूडी के नवनिर्मित रेस्टहाउस का आज तक लोकार्पण भी नहीं हो सका है। लोकार्पण से पूर्व ही माहभर में 2 बार सामग्री गायब होने से पूरे नगर में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई है। दरअसल, 7 जुलाई को भी 4 नग एसी व 1 नग टीवी चोरी हो जाने की जानकारी विभागीय तौर पर आई थी। उक्त चोरी के अपराधी अभी पकड़े भी नहीं गए थे कि 30 जुलाई को नए रेस्टहाउस में फिर से चोरी हो जाने की खबर ने हड़कंप मचा दिया है।

पीडब्ल्यूडी इंजीनियर कौशल जत्ती ने नवप्रदेश को बताया कि 7 जुलाई को रेस्टहाउस खुलने पर कर्मियों को सामान गायब होने का आभास होने पर जानकारी दी गई थी कि नए रेस्टहाउस से 4 नग एसी एवं 1 नग टीवी गायब हो गए हैं। उस बार भी गीज़र अपनी वास्तविक जगह पर नहीं थे। आखिरकार इस बार अज्ञात चोर गीज़र को भी उखाड़कर ले गए हैं।

लिखित सूचना दी है

माहभर के भीतर दूसरी बार चोरी हुई है। उच्चाधिकारियों व पुलिस को लिखित सूचना दे दी गई है।

- कौशल जत्ती,
इंजीनियर (पीडब्ल्यूडी)

जर्जर स्कूल भवन और अधूरे पुल ने बढ़ाई मुश्किलें

■ **बरही में दो पालियों में लगेंगी कक्षाएं**

■ **बरही-बरहीपारा मार्ग बंद होने से छात्र-शिक्षक आवागमन ठप**

बालोद/नवप्रदेश। लगातार हो रही भारी बारिश ने बालोद विकासखंड के बरही क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर असर डाल दिया है। एक ओर शासकीय प्राइमरी विद अपर प्राइमरी स्कूल बरही का भवन जर्जर होने के कारण कक्षाओं की छत और दीवारों से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है, वहीं दूसरी ओर बरही से बरहीपारा जाने वाला मार्ग निर्माणाधीन पुल अधूरा होने के कारण पूरी तरह बंद हो गया है। इससे विद्यार्थियों और शिक्षकों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार प्राथमिक शाला भवन की छत एवं दीवारों से बारिश का पानी टपकने के कारण किसी भी समय दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शाला प्रबंधन समिति ने विद्यालय का संचालन फिलहाल दो पालियों में करने का निर्णय लिया है। इसके तहत कक्षा पहली से पांचवीं तक की पढ़ाई सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा कक्षा छठवीं से आठवीं तक की पढ़ाई दोपहर 12:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक संचालित की जाएगी। इधर लगातार बारिश के बीच बरही से बरहीपारा जाने वाला मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार निर्माणाधीन पुल अब तक पूरा नहीं होने के कारण बारिश में आवागमन ठप हो गया है। हालात ऐसे हैं कि बरहीपारा के बच्चे बरही और अन्य स्थानों पर पढ़ाई के लिए नहीं पहुंच पा रहे हैं, वहीं शिक्षक भी बरहीपारा तक नहीं जा पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए पुल का निर्माण अब बारिश समाप्त होने से पहले पूरा होना मुश्किल दिखाई दे रहा है।

ग्रामीणों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा और शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए जर्जर विद्यालय भवन की तत्काल मरम्मत अथवा वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। साथ ही निर्माणाधीन पुल का कार्य तेजी से पूरा कर आवागमन जल्द बहाल किया जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो और ग्रामीणों को आवागमन में राहत मिल सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि.शेड नं.74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 फोन : 0771-3526755, 6262188999